फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 191 प्रभात जयपुर, सोमवार 14 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Lata's Deep Connect With Rajasthan**

Hajri at Shri Nathdwara was mandatory in every trip that she took to Udaipur she never came away from Calcutta without a visit to the Belur Muth. She believed in miracles and spoke of her conversation with Kanha.

**J'ADORE: Cute Couple Goals**



*एटलांटिक, हिन्द एवं प्रशांत महासागर के उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) व उपोष्णकटिबंधीय (सबट्रॉपिकल) पानी में रहने वाले हॉक्सबिल टर्टल, विशाल क्षेत्र में फैले होने के बावजूद गंभीर रुप से संकटग्रस्त हैं। इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) के अनुसार, गत तीन पीढ़ियों में इनकी आबादी में 84 से 87 प्रतिशत कमी आई है और इनकी संख्या निरंतर गिर रही है। सभी सी टर्टल प्रजातियों के समान, हॉक्सबिल टर्टल की सही संख्या बताना मुश्किल है, क्योंकि ये जीवन का अधिकतर समय पानी के अंदर बिताते हैं। इसलिए इनकी आबादी का अनुमान प्रजनन कर रही मादा टर्टल की संख्या से लगाया जाता है। प्रजनन कर रही मादा हॉक्सबिल टर्टल की सबसे बड़ी आबादी ग्रेट बैरियर रीफ के पास मिलती है, जहाँ 6000 से 8000 हजार मादा हर वर्ष घोंसले बनाती हैं। ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिम तट पर करीब 2000 और सोलोमन आइलैण्ड्स व इण्डोशिया में भी लगभग दो-दो हज़ार मादा टर्टल प्रजनन करती हैं। इसके अलावा, रिपब्लिक ऑफ सेशल्स, मैक्सिको, क्यूबा व बारबडोस में अच्छी संख्या में हॉक्सबिल टर्टल देखे जाते हैं तथा कुछ छोटे समूह पोर्तो रीको, यू.एस. वर्जिन आइलैण्ड्स व हवाई में नज़र आते हैं। अन्य सी टर्टल्स के समान हॉक्सबिल टर्टल्स को भी आवास विनाश, अत्यधिक शिकार, मछली उद्योग, तटों पर हो रहे विकास कार्यों तथा मरीन पल्यूशन से खतरा है। तथापि, अवैध वाइल्डलाइफ ट्रेड से इन्हें विशेष खतरा है क्योंकि इनके सुंदर तथा अलंकृत शैल (आवरण) की बहुत मांग है। तट पर हो रहे विकास के कारण भी इनकी संख्या कम हो रही है क्योंकि, अन्य टर्टल्स के मुकाबले, ये तट से काफी दूर ''इन्लैण्ड'' जाकर, रेत में घोंसले बनाते और प्रजनन करते हैं और इन स्थानों के करीब विकास कार्य हो रहे होते हैं। अंडों व मांस के लिए इनका शिकार होता है, लेकिन मुख्य आकर्षण है इनका खूबसूरत शैल, जिससे कंघे, जूलरी और अन्य कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं। माना जाता है कि 2000 वर्ष पूर्व, जूलियस सीज़र के समय भी टर्टल शैल्स से बनी कलाकृतियाँ बहुत लोकप्रिय थीं।*

# प्रदेश में 5वीं तक के स्कूल खोले, शादी समारोहों से सभी तरह की पाबंदियां हटीं

## गृह विभाग ने राजस्थान में करोना संक्रमण घटने का हवाला देकर नई गाइडलाइन जारी कर लगभग सभी पाबंदियां हटाई

जयपुर, 13 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान के सभी शहरों में 5वीं कक्षा तक के स्कूल भी अब 16 फरवरी से खुल जाएंगे। शादियों से लेकर हर समारोह में अब अनलिमिटेड लोग शामिल हो सकेंगे। 250 लोगों की लिमिट हटा दी गई है। क्लब, रैस्टोरेंट, होटल, जिम, सिनेमा और मल्टीप्लेक्स अब 100 फीसदी क्षमता से चल सकेंगे। हालांकि विदेश से आने वालों को नेगेटिव रिपोर्ट आने तक क्वारैंटाइन किया जाएगा। इस संबंध में गृह विभाग ने रविवार को नई गाइडलाइन जारी कर करीब-करीब सभी पाबंदियां हटा दी है, सिर्फ कुछ चुनिंदा रोक-टोक लागू रहेगी। गृह विभाग ने करोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट का हवाला देकर नई गाइडलाइन में इन पाबंदियों को हटाया है। यह आदेश 16 फरवरी से लागू होंगे।

- **यह नई गाइडलाइन आगामी 16 फरवरी से लागू होगी, हालांकि विदेश से आने वाले लोगों का नैगेटिव रिपोर्ट आने तक क्वारेंटीन किया जाएगा।**
- **राज्य में क्लब, रैस्टोरेंट, होटल, जिम, सिनेमा और मल्टीप्लैक्स अब 100 फीसदी क्षमता से चल सकेंगे।**

गाइडलाइन के मुताबिक प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों (शहरों) में सभी निजी व सरकारी स्कूलों में 5वीं कक्षा तक की शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। हालांकि विद्यार्थियों को स्कूल बुलाने के लिए अभिभावकों की लिखित सहमति लेनी होगी।

गाइडलाइन में कहा गया है कि संस्था प्रधान, सभी विभागाध्यक्ष, कार्यालय प्रमुख और अन्य संस्थानों के संचालक बाकायदा चस्पा करेंगे कि उनके स्टॉफ के कितने लोगों ने कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली है। उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा विदेशों से अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा कर राजस्थान में आने वाले सभी यात्रियों का गंतव्य पर पहुंचने पर एयरपोर्ट कोविड टीम द्वारा आवश्यक रूप से आर.टी.-पी.सी.आर. जांच करना अनिवार्य होगा। आर.टी.- पी.सी.आर. जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने तक सम्बन्धित यात्री को 7 दिन के लिए संस्थागत अथवा होम क्वारंटीन किया जायेगा। घरेलू हवाई यात्रा व ट्रेन के माध्यम से यात्रा कर राजस्थान में आने वाले यात्रियों को डबल डोज वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट अथवा आगमन से पूर्व यात्रा प्रारम्भ करने के 72 घण्टे के अन्दर करवाई गई आर.टी.-पी.सी.आर. नेगेटिव जांच रिपोर्ट प्रस्तुति करनी अनिवार्य होगी। अगर कोई यात्री डबल डोज वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट अथवा आर.टी.-पी.सी.आर. नेगेटिव जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो गंतव्य पर यह जांच करवाना अनिवार्य होगा। आर.टी.- पी.सी.आर. जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने तक सम्बन्धित यात्री को 7 दिन के लिए संस्थागत/होम क्वारंटीन किया जायेगा।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर फिलीपींस दौरे के लिए रवाना हुए

मनीला/नई दिल्ली 13 फरवरी (वार्ता )। विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को तीन दिवसीय फिलीपींस दौरे के लिए रवाना हुए। वह फिलीपींस नौसेना के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन बैट्रीयों के लिए 37.49 करोड़ अमेरिकी डालर का सौदा करेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर स्वास्थ्य, सुरक्षा सहयोग पारस्परिक हित और वैश्विक मामलों सहित फिलीपीन-भारत संबंधों पर फिलीपींस के विदेशमंत्री सचिव तियोदो एल लोक्सिन जूनियर के साथ चर्चा करेंगे।

- **वे फिलीपींस नौसेना के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों के लिए बैटरियों की खरीद का समझौता करेंगे।**

फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने कहा, डा. जयशंकर की यात्रा फिलीपींस और भारत के बीच कोविड के बाद अपने संबंधों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

दोनों नेताओं द्वारा द्विपक्षीय सहयोग पर संयुक्त आयोग की बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में विकास की समीक्षा करने की उम्मीद है। गौरतलब है कि नवंबर 2020 में दोनों देशों के संयुक्त आयोग ने द्विपक्षीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रचार से अभी तक क्यों नदारद हैं राहुल गांधी

## दो चरणों का चुनाव प्रचार पूरा हो चुका है, बाकि राज्यों में तो राहुल प्रचार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यू.पी. नहीं पहुंचे हैं

लखनऊ, 13 फरवरी। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शनिवार को समाप्त हो गया और अब सोमवार 14 फरवरी को मतदान होगा। लेकिन इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने यू.पी. में एक बार भी चुनाव प्रचार करने नहीं पहुंचे हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले दो चरणों के लिए राहुल गांधी स्टार प्रचारकों की सूची में थे।

ऐसा नहीं है कि राहुल प्रचार के लिए ही नहीं उतरे हैं। उन्होंने बाकी के तीन चुनावी राज्यों में कांग्रेस के लिए प्रचार किया है। लेकिन राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में कोई रैली या डोर-टू-डोर अभियान नहीं किया है।

राज्य में कांग्रेस के प्रचार अभियान का नेतृत्व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कर रही हैं। लगभग 30 वर्षों में यह पहली बार है जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। प्रियंका गांधी चुनाव में पार्टी का चेहरा हैं और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। पार्टी नेता सचिन पायलट और दीपेंद्र हुड्डा ने भी उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले दो चरणों में प्रचार किया है।

- **राज्य में कांग्रेस के प्रचार अभियान का नेतृत्व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कर रही हैं। लगभग 30 वर्षों में यह पहला मौका है जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।**
- **राहुल गांधी गोवा, उत्तराखण्ड और पंजाब में प्रचार कर चुके हैं। वे उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए पार्टी के युवा घोषणा पत्र को लॉन्च करने के लिए प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली में मौजूद थे।**

राहुल गांधी गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में प्रचार कर चुके हैं। वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए पार्टी के युवा घोषणापत्र को लॉन्च करने के लिए प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली में मौजूद थे। उन्होंने दिसंबर में अमेठी का दौरा किया था। वे इस निर्वाचन क्षेत्र से 2019 के लोकसभा चुनावों में हार गए थे। लेकिन राहुल ने अमेठी का दौरा तब किया था जब चुनाव की घोषणा नहीं की गई थी।

कांग्रेस के एक सूत्र ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आने वाले दिनों में राज्य में एक साथ चुनाव प्रचार करेंगे। 16 फरवरी को कानपुर में एक रैली की योजना बनाई जा रही है और पार्टी के दोनों नेताओं के इसे संबोधित करने की उम्मीद है। प्रियंका गांधी ने गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव प्रचार के अलावा उत्तर प्रदेश में 18 से अधिक रोड शो, डोर-टू-डोर अभियान और रैलियां की हैं। राहुल गांधी ने गोवा, पंजाब और उत्तराखंड में 12 से अधिक प्रचार कार्यक्रमों को संबोधित किया है।

पार्टी उत्तर प्रदेश में कड़ी लड़ाई लड़ रही है और पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि उनके अभियान में शामिल होने से पार्टी के प्रयास में और तेजी आएगी। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था और राहुल गांधी ने राज्य में बड़े पैमाने पर प्रचार किया था।

## यू.पी. में दूसरे चरण का मतदान आज

लखनऊ, 13 फरवरी (वार्ता)। चुनाव आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को नौ जिलों की 55 सीटों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये तैयारियां पूरी कर ली हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने रविवार को मतदान की तैयारियों की जानकारी देते हुये बताया कि दूसरे चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और रुहेलखंड के नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों पर चुनाव

- **सोमवार को 55 सीटों पर वोटिंग होगी।**

आयोग की पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गयी हैं। सोमवार को सुबह सात बजे मतदान शुरु होने से पहले प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जायेंगी।

गौरतलब है कि इस चरण में सुबह सात बजे से सायं छह बजे तक जिन जिलों में मतदान होगा, उनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा, सहारनपुर और बिजनौर जिले तथा रूहेलखंड के रामपुर, संभल, मुरादाबाद, बरेली, बदायूं एवं शाहजहांपुर जिले शामिल हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीन दिन से धरने पर बैठे सांसद किरोड़ीलाल के आगे झुकी राज्य सरकार

## राज्य सरकार ने विधवा मनीष जाट को 10 लाख रु. और सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया

जयपुर, 13 फरवरी (कासं)। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा पिछले 3 दिनों से ट्रक ड्राइवर की विधवा पत्नी मनीष जाट के साथ मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के आवास पर धरने पर बैठे थे। आखिरकार रविवार को गहलोत सरकार डॉ. किरोड़ीलाल के आंदोलन के आगे झुकी और उनकी सभी शर्तें मानकर धरना खत्म करवाया।

डॉ. मीणा ने बताया कि राज्य सरकार ने विधवा मनीष जाट को 10 लाख रुपए और सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया है। सरकार की ओर से मंजूरी होने के बाद मंत्री राजेन्द्र गुढा ने सांसद किरोड़ीलाल को इसकी जानकारी दी और धरना समाप्त करवाया। उन्होंने कहा कि 10 लाख रुपए में से एक लाख रुपए विधवा को दिए हैं, शेष 9 लाख रुपए जल्द ही विधवा के गांव जाकर सौंपे जाएंगे। इसके साथ ही उसे सरकारी नौकरी का भी आश्वासन दिया है, मनीष जाट को 1 माह की तनख्वाह देंगे और ठेकेदार

- **मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के आवास पर धरने पर बैठे थे किरोड़ीलाल मीणा, सरकार द्वारा शर्तें मानने पर खत्म किया आंदोलन।**
- **मनीष जाट को 1 माह की तनख्वाह देंगे और ठेकेदार के बकाया 2 लाख रुपए भी दिलवाएंगे : किरोड़ीलाल।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लता मंगेशकर के स्टूडियो की बिक्री

कोल्हापुर, 13 फरवरी (वार्ता)। अखिल भारतीय मराठी फिल्म उद्योग (ए.आई.एम.एफ. आई.) ने दिवंगत लता मंगेशकर के स्वामित्व वाले जयप्रभा स्टूडियो की बिक्री के मुद्दे को लेकर रविवार को क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की।

ए.आई.एम.एफ.आई. के उपाध्यक्ष वीपी धनाजी यमकर की अगुवाई में अभिनेता स्वप्निल रक्षक और छाया संगाओन्कर, फिल्म तकनीशीयन और व्यापार से संबंधित लोग शहर के मंगलवार पथ इलाके में स्थित स्टूडियो के सामने एकत्रित हुए।

- **अखिल भारतीय मराठी फिल्म उद्योग ने लता मंगेशकर के स्वामित्व वाले जयप्रभा स्टूडियो की बिक्री के मुद्दे को लेकर रविवार को क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की।**

इस मौके पर यमकर ने कहा , स्टूडियो की बिक्री 15 फरवरी-2020 को 6.50 करोड़ में कर दी गई थी। हमें इसकी जानकारी शनिवार को स्थानीय मीडिया के जरिए मिली। इसका मतलब है कि कोल्हापुर के लोगों को सौदे के बारे में अंधेरे में रखा गया।

## 'अमरिंदर सिंह भाजपा के इशारे पर काम कर रहे थे'

चंडीगढ़, 13 फरवरी (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारों पर काम कर रहे थे।

कोटकपुरा में कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए वाड्रा ने कैप्टन अमरिंदर सिंह का नाम लिये बिना कहा कि पांच सालों से चल रही उनकी पार्टी की सरकार में कुछ खामियां थीं, कहीं रास्ते में भटक गये थे। उन्होंने कहा कि वह सरकार पंजाब से चलनी बंद हो गई। वो सरकार दिल्ली से चलने लगी और दिल्ली में भी कांग्रेस पार्टी से नहीं, बल्कि भाजपा और भाजपा की सरकार के जरिये चल रही थी।

- **पंजाब में कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने यह आरोप लगाया।**

कांग्रेस नेता ने कहा, वह जो छुपी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'किरोड़ी करते हैं धरने से दबाव की राजनीति, राजेन्द्र राठौड़ को कोई गंभीरता से नहीं लेता'

## महेश जोशी बोले ''राजेन्द्र राठौड़ को बीजेपी अपना नहीं मानती, संघ भी उनके साथ नहीं है, इसलिए उन्हें जोर-जोर से बोलकर अपनी बात कहनी पड़ती है''

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 13 फरवरी। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने सासंद किरोड़ी लाल मीणा के विरोध-प्रदर्शन को राजनीतिक दबाव की रणनीति करार दिया और गलत बताया। इसी के साथ महेश जोशी और बीसूका उपाध्यक्ष बने डॉ. चंद्रभान ने राजेंद्र राठौड़ को लेकर कहा कि ''राजेंद्र राठौड़ की कोई सुनता नहीं, इसलिए जोर-जोर से बोल कर अपनी बात कहनी पड़ती है। उन्हें बीजेपी अपना नहीं मानती और संघ भी उनके साथ नहीं है।''

जोशी ने सांसद मीणा की ओर से दिए जा रहे धरने को लेकर कहा किन नियमों के तहत जो किसी को मदद मिल सकती है,उसे वह मदद मिलना चाहिए और सरकार देती भी है। जहां तक किरोड़ी लाल मीणा का सवाल है वह वरिष्ठ नेता है। उन्हें इस तरह राजनीतिक दबाव नहीं बनाना चाहिए। जोशी ने रीट परीक्षा अनियमितता मामले में कहा कि एस.ओ.जी. इसकी जांच कर रही है। गहलोत सरकार ने भी इस मामले में एस.ओ.जी. को फ्री हैंड दे रखा है, लेकिन भाजपा के नेता इस पर केवल राजनीति कर रहे है।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सलाहकार और विधायकों की राजनीतिक नियुक्ति पर लगातार सवाल उठा रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ पर जलदाय मंत्री महेश जोशी और बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान ने तंज कसा है।

- **राठौड़ किस हैसियत से स्वयं को उपनेता प्रतिपक्ष लिखते हैं, विधानसभा में ऐसा कोई पद होता ही नहीं : चंद्रभान।**

जोशी ने कहा कि राठौड़ को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता और न बीजेपी ही अपना मानती है, संघ भी उनके साथ नहीं है। वहीं डॉ. चंद्रभान ने राजेंद्र राठौड़ के प्रतिपक्ष के उपनेता पद पर सवाल खड़े किये हैं।

जोशी ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, जिस कारण उन्हें चिल्ला-चिल्ला कर अपनी बात कहनी पड़ती है और जताना पड़ता है कि वह भाजपा और संघ के नेता हैं, जबकि न बीजेपी उन्हें अपना मानती है और न ही संघ। जोशी ने कहा कि राठौड़ उनके मित्र हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में वह अपनी साख खोते जा रहे है।

जोशी के अनुसार जनप्रतिनिधि को तथ्यात्मक बात करनी चाहिए। राजनीतिक नियुक्तियों में सी.एम. ने ही मंत्री का पद दिए जाने से इनकार कर दिया और मुख्यमंत्री की नियुक्ति पर सवाल उठाने वाले भूल गए कि कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी ने भी जब ऑफिस ऑफ प्रॉफिट की बात आई थी तो खुद लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। जलदाय मंत्री ने कहा कि कानून एवं संविधान का सम्मान करना कांग्रेस से बेहतर कोई नहीं जानता। जोशी ने विधानसभा के भीतर चल रहे गतिरोध के लिए भी भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान ने भी राजेंद्र राठौड़ की ओर से विधायकों को दी गई राजनीतिक नियुक्तियों के खिलाफ राज्यपाल को लिखे गए पत्र के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ किस हैसियत से खुद का पद उपनेता प्रतिपक्ष लिखते हैं, जबकि विधानसभा में ऐसा कोई पद होता ही नहीं है। चंद्रभान के अनुसार राठौड़ विपक्ष में है और विपक्ष का काम आरोप लगाना है, लेकिन विपक्ष के आरोपों में कोई दम नहीं है।

## विचार बिन्दु

प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है। –हरिऔध

# यूनिफ़ॉर्म पर एक अलग कोण से चंद बातें

हाल में कर्नाटक राज्य में उडुपी के एक कॉलेज में गणवेश (यूनिफ़ॉर्म) को लेकर जो विवाद शुरू हुआ है वह काफी फैल चुका है, और यह दुर्भाग्य पूर्ण है। उस विवाद के अनेक आयाम हैं और हरेक अपने-अपने नज़रिये से उस पर अपनी बात कह रहा है। यह विवाद शैक्षिक परिसर-व्यवस्था तक सीमित न रहकर राजनीतिक हिसाब-किताब का मामला बन चुका है। इस मामले में दो बातें विशेष रूप से कही जा रही हैं। एक तो यह कि अगर कोई शैक्षिक संस्थान अपने विद्यार्थियों के लिए यूनिफ़ॉर्म निर्धारित करता है तो विद्यार्थियों को अनिवार्यतः उस यूनिफ़ॉर्म में ही संस्थान में आना चाहिए। इसके विपरीत दूसरे पक्ष का कहना यह है कि कोई क्या पहने यह सवाल उसकी अपनी आज़ादी से जुड़ा है और किसी को भी यह हक़ नहीं है कि वह उसे कुछ पहनने या न पहनने के लिए निर्देशित करे। इसी के साथ पर्दा, स्त्री की आज़ादी, अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप जीवन यापन, अल्पसंख्यकों के अधिकार जैसे अनेक मुद्दे भी उभरे हैं। ये सारे मुद्दे अपनी जगह। इन मुद्दों पर खूब चर्चाएं हो ही रही हैं। इन से गुज़रते हुए मेरा ध्यान तो इस बात की तरफ गया कि आखिर यह यूनिफ़ॉर्म है क्या? मेरी तलाश जाकर रुकी ऑक्सफॉर्ड लर्नर्स डिक्शनरी पर, जहां स्कूल यूनिफ़ॉर्म को बहुत अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। मैं उस परिभाषा का हिंदी अनुवाद दे रहा हूं। डिक्शनरी के अनुसार: *''किसी ख़ास स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा पहने जाने वाले ख़ास कपड़े। स्कूल यूनिफ़ॉर्म धारण करना ब्रिटिश परम्परा है और अमरीका में यह बहुत कम चलन में है। अधिकांश स्कूलों में विद्यार्थियों को किसी ख़ास रंग के, प्रायः गहरे नीले, काले अथवा गहरे हरे रंग के कपड़े पहने होते हैं। कुछ स्कूलों और विशेष रूप से प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों को किसी ख़ास दुकान से खरीदे हुए कपड़े ही पहनने होते हैं। स्कूल यूनिफ़ॉर्म में प्रायः लड़कों और लड़कियों दोनों ही को स्कूल के रंगों वाली एक धारीदार टाई भी पहननी होती है। कुछ बहुत ही पारम्परिक स्कूलों जैसे एटन की तरह के पुराने परम्परागत पब्लिक स्कूलों के विद्यार्थियों को 19वीं शताब्दी या उससे भी पहले की शैली के कपड़े पहनने होते हैं।''*

इस बारे में बहुत व्यवस्थित और प्रामाणिक जानकारी तो नहीं मिल सकी है लेकिन मोटे तौर पर यह माना जा सकता है सन 1552 में पहली दफा लंदन के एक चैरिटी स्कूल जिसका नाम क्राइस्ट्स हॉस्पिटल था, में स्कूल यूनिफ़ॉर्म लागू की गई थी। यह स्कूल अनाथ और ग़रीब बच्चों के लिए था। इसके बाद बहुत जल्दी पूरी ब्रिटेन में स्कूल यूनिफ़ॉर्म चलन में आ गई। पहले इसे सामुदायिक स्कूलों ने अपनाया और बाद में अभिजात वर्गीय स्कूलों ने भी इसे अपना लिया। क्योंकि इन स्कूलों में नीले रंग के ब्लेज़र चलन में थे, इन्हेंब्ल्यूकोट स्कूल्सभी कहा जाने लगा था। यहां ब्रिटिश स्कूलों की चर्चा इसलिए भी प्रासंगिक है कि हमने अपनी शिक्षा के लिए ब्रिटिश ढांचे को ही मुख्यतः अपनाया है। वैसे अब आहिस्ता-आहिस्ता अमरीकी स्कूलों में भी यूनिफ़ॉर्म का चलन बढ़ा है और एक अध्ययन के अनुसार लगभग बीस प्रतिशत अमरीकी स्कूलों में यूनिफ़ॉर्म अनिवार्य है।

यूनिफ़ॉर्म की उपादेयता को लेकर जानकार स्पष्ट रूप से दो भागों में बंटे हुए हैं। एक समूह है जिसका मानना है कि यूनिफ़ॉर्म न केवल अनुशासन और स्कूल की पहचान के लिए उपयोगी है, इससे विद्यार्थी का शैक्षिक उन्नयन भी होता है, वहीं दूसरी तरफ वह समूह भी है जो इसे विद्यार्थी की स्वतंत्र अभिव्यक्ति में बाधक मानते हुए इसे ग़ैर ज़रूरी मानता है। इस समूह का सोच यह है कि विद्यार्थी अपनी वेशभूषा से भी स्वयं को अभिव्यक्त करता है और हमें कोई हक़ नहीं है कि हम उसकी इस अभिव्यक्ति को बाधित करें। विद्यार्थी की अभिव्यक्ति की आज़ादी की यह बात बहुत आगे तक गई और सन 1969 में अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय तक को इस बात पर विचार करना पड़ा। उस समय वहां के विद्यार्थी अपनी बांहों पर काली पट्टियां बांध कर वियतनाम युद्ध के मसले पर अपने देश की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। स्कूल ने यूनिफ़ॉर्म का हवाला देते हुए जब इसकी अनुमति नहीं दी तो विद्यार्थियों ने सर्वोच्च न्यायालय के दरवाज़े पर दस्तक दी, और अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि यूनिफ़ॉर्म का अर्थ यह नहीं है कि विद्यार्थी अपनी अभिव्यक्ति की आज़ादी को खो दें। इसी तरह इस बात को लेकर भी अनेक अध्ययन हुए हैं कि क्या यूनिफ़ॉर्म के कारण विद्यार्थी के अध्ययन का उन्नयन होता है, और 1998 के एक प्रसिद्ध अध्ययन, जिसे ब्रुंसना एण्ड रॉकमोर का अध्ययन कहा जाता है, ने यह कहा है कि स्कूल यूनिफ़ॉर्म और विद्यार्थी के शैक्षिक उन्नयन के बीच कोई संबंध नहीं है।

**महत्व की बात यह है कि विद्यार्थी स्कूल जा सकें, पढ़ सकें। अगर कोई यूनिफ़ॉर्म उसके स्कूल जाने में बाधक बनती है तो हमें उस यूनिफ़ॉर्म के औचित्य पर पुनर्विचार करना चाहिए। वर्तमान विवाद भी अगर इस दिशा में हमारे सोच-विचार का उत्प्रेरक बनता है तो यह शुभ होगा।**

बहुत सारे स्कूल अपनी ख़ास पहचान के लिए कोई ख़ास यूनिफ़ॉर्म लागू करते हैं। हम भीड़ में भी यूनिफ़ॉर्म देखकर यह पहचान लेते हैं कि इसे धारण करने वाला अमुक संस्थान का विद्यार्थी है। ज़ाहिर है कि यह उस संस्थान विशेष की ब्राण्डिंग का मामला ज़्यादा होता है। सरकारी स्कूलों में यूनिफ़ॉर्म लागू करने के पीछे एक बड़ा तर्क यह भी दिया जाता है कि उसके कारण विद्यार्थियों में अमीरी-गरीबी के प्रदर्शन पर लगाम लगती है। एक हद तक यह बात सही भी है। यूनिफ़ॉर्म विद्यार्थियों में समानता का भाव जागृत करती है। बहुत सारे स्कूल, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूल उनकी फैशन परस्ती पर रोक लगाने के लिए भी यूनिफ़ॉर्म व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। वहां यूनिफ़ॉर्म कपड़ों से आगे जाकर नाखूनों, बालों, आभूषणों, एसेसरीज़ आदि को भी अपने घेरे में ले लेती है।

बावज़ूद यूनिफ़ॉर्म के लाभ और हानियों पर विभाजित राय के, भारत के ज़्यादातर स्कूलों में, अर्थात कक्षा एक से बारह तक यूनिफ़ॉर्म चलन में हैं। इसको लेकर समय-समय पर छोटे-मोटे विवाद भी होते रहते हैं पर कुल मिलाकर यह चलन में है। विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी इस स्थिति को स्वीकार कर चुके हैं। विद्यार्थी इस बात का इंतज़ार करते हैं कि कब वे स्कूली पढ़ाई पूरी कर कॉलेज में पहुंचें ताकि उन्हें यूनिफ़ॉर्म की एकरसता से मुक्ति मिले और वे अपने मन पसन्द कपड़े पहन कर अपने शैक्षिक संस्थानों में जा सकें। हमारे यहां अधिकांश उच्चतर शैक्षिक संस्थानों में यूनिफ़ॉर्म की कोई बाध्यता नहीं है। अलबत्ता संस्थान अपनी पहचान के लिए बैज या लोगो जैसे अन्य उपकरणों का प्रयोगकर लेते हैं। यहीं यह कहना भी ज़रूरी है कि बहुत सारे शैक्षिक संस्थानों के लिए यूनिफ़ॉर्म उनके व्यवसाय के प्रसार का भी एक माध्यम है। वे एकरूपता के नाम पर किसी एक ख़ास दुकान से, और प्रायः तो अपने ही संस्थान से ड्रेस खरीदने की अनिवार्यता बता कर अपने आर्थिक हितों का संवर्धन करते हैं।

यूनिफ़ॉर्म व्यवस्था को लेकर भारत में देशी-विदेशी का मुद्दा भी कभी-कभार उभरता है। सामान्यतः लड़कों की वेशभूषा पैण्ट कमीज़ वाली और लड़कियों की स्कर्ट शर्ट या सलवार कमीज़ वाली होती है। कुछ लोग इन वेशभूषाओं को भारतीय-विदेशी वाले नज़रिये से देखकर इनसे असहमत होते और इनके विकल्प सुझाते हैं। हमारे अपने राजस्थान में दीक्षांत समारोहों की यूनिफ़ॉर्म में भारतीयता के प्रवेश से हम सब परिचित हैं। सोचिये, अगर स्कूलों की यूनिफ़ॉर्म में भी भारतीयता लागू कर दी जाए तो जनता और ख़ास तौर पर युवा पीढ़ी की प्रतिक्रिया क्या होगी! लड़कियों की वेशभूषा के मामले में स्त्री देह को लेकर हमारा ख़ास सोच प्रबल रहता है, जबकि स्कूल जाने वाली बच्चियां अपने बारे में भिन्न सोच रखती हैं, इस उम्र में वे आत्म प्रदर्शन को लेकर अधिक सजग होती हैं और वे किसी न किसी तरह अपने मन की करने की जुगत भिड़ाती रहती हैं।

हमारे यहां यूनिफ़ॉर्म को लेकर अधिक विचार विमर्श नहीं हुआ है। हमने आम तौर पर इस बात को स्वीकार कर लिया है कि स्कूल होगा तो यूनिफ़ॉर्म भी होगी ही। शेष दुनिया में ऐसा नहीं है। वहां इस मुद्दे पर खुलकर संवाद होता है और यथावश्यकता बदलाव भी होते हैं। मुझे लगता है कि हमारे यहां भी यूनिफ़ॉर्म को पत्थर की लकीर मान लेने की बजाय इस पर खुले मन से विचार होना चाहिए। इसी के साथ यह भी समझा जाना चाहिए कि यूनिफ़ॉर्म विद्यार्थियों के लिए है, विद्यार्थी यूनिफ़ॉर्म के लिए नहीं हैं। एक लचीला रवैया रखा जाना बहुत ज़रूरी है। महत्व की बात यह है कि विद्यार्थी स्कूल जा सके, पढ़ सके। अगर कोई यूनिफ़ॉर्म उसके स्कूल जाने में बाधक बनती है तो हमें उस यूनिफ़ॉर्म के औचित्य पर पुनर्विचार करना चाहिए। वर्तमान विवाद भी अगर इस दिशा में हमारे सोच-विचार का उत्प्रेरक बनता है तो यह शुभ होगा।

**अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# कृषि संकट बाजार पर खेतिहरों के नियत्रंण से दूर होगा!



सुचित्रा आर्य

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है । भारत में खेती-किसानी केवल व्यवसाय मात्र तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह संस्कृति और सभ्यता है जिसके दायरे में कई धर्म और असंख्य जातियां एवं कई भाषाएं आती हैं । आईडिया ऑफ इंडिया का पोषण और रक्षण करने वाली संस्कृति और सभ्यता खेती-किसानी ही है जिसकी बदौलत भारत को कृषि प्रधान कहा गया है। भारत में प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के दायित्व का निर्वहन जिसमें वृक्ष, नदी पहाड़ पशुधन जीव जंतु की रक्षा की जिम्मेदारी निभाना सम्मलित हैं।

इतने सबके बावजूद किसान को अर्थ नीति में जितना महत्व मिलना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है । भारत की संरचना ऐसी है कि जब तक खेती इस संकट से नहीं निकलेगी किसान खुशहाल नहीं हो सकता । खेत का औसत आकार लगातार घट रहा है तथा हमारी कृषि आबादी प्रत्येक वर्ष लगभग 1.5 प्रतिशत बढ़ रही है, छोटी काश्तकारी की प्रधानता कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आर्थिक किफायत की राह में मुख्य बाधा है। इसके अतिरिक्त छोटे और सींमात किसानों के पास मोलभाव की शक्ति कम है क्योंकि उनके पास बिक्री योग्य अधिशेष कम होता है और किसानों को बाजार की कीमत स्वीकार करनी ही पड़ती है।

खेती की लागत, जोखिम प्रतिफल एवं प्रतिकूलताएं दिनोंदिन बढ ती जा रही हैं जिसके परिणामस्वरूप किसान अधिकाधिक कर्जदार होते जा रहे हैं। आजादी के बाद और उदारीकरण, औधोगीकरण एवं अन्य आर्थिक - समाजिक सुधारों के माध्यम से उद्योगों का कायाक्लप हुआ और उद्योगों को उभारने के लिए करोड़ों रूपये के सरकारी राहत दी जाती रही है लेकिन जब बात कृषि क्षेत्र की आती तो इसका क्रियानवन उतना विवेकपूर्ण तरीके से नहीं हुआ! बड़े पैमाने पर कृषि के लाभ के लिए सहकारिता की परिकल्पना राजस्थान ने तो आजादी के तुरन्त बाद भी की थी लेकिन समय के साथ योजनाएं धीमी पड़ गई जिसके चलते लघु क्षेत्र वाले किसानों की बहुलता आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

राजस्थान में भूमि का निशुल्क मालिकाना हक काश्त करने वाले किसानों के हक में भूमि नाम कराने वाले पुरोधा चौधरी कुम्भाराम आर्य ने 6 दशक पहले इसकी विधिवत शुरुआत 15 अक्टूबर 1955 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम लागू करके मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया के कार्यकाल में की थी।

उन्नत दर्जे के भू सुधार अधिनियमों की बदौलत राजस्थान देश में सबसे कम भूमिहीन आबादी वाला प्रदेश है एवं प्रतिव्यक्ति/परिवार भूमि का औसत वितरण लगभग सम्मान है लेकिन बाद में इन सुधारों की गति धीमी पड़ गई जिसके फलस्वरूप आज भी किसान अत्यधिक पेचिदिगियों का सामना करते हुए तहसील से लेकर कोर्ट और राजस्व मंडल तक चक्कर लगा रहा है जिसमें उसका श्रम, धन व समय का अपव्यय हो रहा है।

डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट 2020 में राजस्थान राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग के

- **किसान का बाजार पर नियत्रंण नहीं होने से वह शोषित उत्पादक बनकर रह गया है!**

कार्यों का डिजिटलाइजेशन किया था, जिससे घर बैठे ही भू-नामान्तरण, गिरादवरी रिपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं परन्तु बीघा-बिस्वा/हैक्टेयर रूपांतरण की कार्यवाही सभी जगह नहीं होने से भी कृषकों को दिक्कतों से गुजरना पड़ता है।

प्रदेश की अन्य कृषि संबंधी समस्याओं में सिंचाई सुविधाओं के निराकरण को लेकर केन्द्रीय जल आयोग में प्रदेश सरकार ने सिंचाई पानी के मुद्दे को उठाया तो है लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं । नहरी क्षेत्र में खाले निर्माण, मुरबाबंदी, किलेबंदी जैसे कार्य लम्बित है। कृषि कनेक्शन सालों साल से अटके पड़े हैं तथा क्लेम के लिए बीमा कम्पिन्यां और बैंक दफ्तरों में काश्तकारों को चक्कर काटने पड रहें हैं । इसके अतिरिक्त नकली बीज, उर्वरकों की अनुपल्बधा जैसी समस्याएं तथा केन्द्र और राज्य की सहभागी योजनाओं में सामजंस्य अभाव व अव्यवहारिक नीतियों का कृषकों को समाना करना पड़ता है।

राजस्थान सरकार कृषि बजट को पृथक पेश कर रही है जो कि अच्छी शुरूआत है लेकिन कृषि क्षेत्र को मिलने वाली पर्याप्त बिजली और सिंचाई में सार्वजनिक क्षेत्र के महंगे निवेश जैसे कृषि विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करना होगा एवं कृषि उद्योग के आधुनिकरण बाजारीकरण आदि के लिए भी सुधार की आवश्यकता है। किसान बीज खरीदने से लेकर कृषि जिसं बेचने तक कंम्पिनयों पर निर्भर रहता है । कम्पिनयां किसान के लिए परिमार्जित डकैत साबित होती हैं । किसान का बाजार पर अपना नियत्रंण नहीं होने की वजह से वह शोषित उत्पादक बनकर रह गया है! कृषि संकट दूर करने के लिए सरकार को बाजार पर खेतिहरों का नियंत्राण बढाने वाली नीतियों को गढ़ना एवं कृषि कार्ययोजनाओं एवं आपदा प्रबंधन को अतिंम छोर तक पहुंचाने की व्यवस्था को दूरस्थ एवं समयबद्ध करना होगा। उपरोक्त तमाम प्रकार की जटिलताएं खेती के विकास को अवरूद्ध किये हुए हैं इन्हें दूर करने के लिए संस्थागत सुधारों की महती आवश्यक्ता है।

**सुचित्रा आर्य**
**पूर्व विधायक**

# इस बार के केंद्रीय बजट से क्या गरीबों की संख्या में वृद्धि नहीं होगी?

केंद्रीय बजट में गरीब और उनकी गरीबी पर प्रत्यक्ष रूप से कोई विवरण अथवा संकेत नहीं किया गया है। 1 फरवरी, 2022 को केंद्र सरकार का वार्षिक बजट लोकसभा में वित्त मंत्री मैडम सीतारमण जी ने प्रेषित किया वो मुझे एक रहस्यमय पहेली जैसा मुझे प्रतीत हुआ, दूसरे दिन अखवार में पढ़ने पर बजट के पहलू कुछ स्पष्ट हुए।

सैद्धान्तिक रूप से बजट के विभिन्न आयाम ऐसे होने चाहिए जिन्हें आम शिक्षित व्यक्ति सुगमता से समझ सके बजट के प्रस्तुतीकरण में वर्ष में अर्जित राजस्व/धन व उसके स्त्रोतों का वर्णन होना चाहिए, इनके पश्चात् फिर खर्च करने की प्राथमिकताएं और उन पर कुल व्यय और यदि प्रस्तावित परियोजना एक वर्ष से अधिक समय में पूरी हो रही हो तो उस स्तिथि में वर्तमान में एक वर्ष में उस पर संभावित व्यय को यथोचित दर्शाना उपयुक्त रहता है, इससे राजस्व की प्राप्ति और उसके खर्च का ब्यौरा भलीभांति समझ में आ जाता है। वर्तमान प्रस्तुतीकरण में ऐसा कुछ नहीं दिखाया गया

ये कहना उचित होगा कि बजट में प्राथमिकताएं और उन पर खर्चे बहुत उचित और दूर दृष्टि से तय किये गए हैं।

नया बजट दूरगामी नतीजे देने वाला है क्योंकि इसमें दीर्घकालीन योजनाओ पर फोकस किया हुआ है, दूसरी तरफ डिजिटल बाजीगरी का भरपूर उपयोग किया गया है इसलिए हर किसी के लिए यह बजट समझना आसान नहीं है। तत्कालिक फायदों को दरकिनार करते हुए भविष्य के भारत की तस्वीर पर फोकस है। डिजिटीलीजेशन और शहरीकरण पर जोर दिया गया है, विकास को गति देने के लिए ढांचागत विकास पर अधिक ध्यान रखा है। उदाहरण के लिए अगले तीन वर्ष में 400 नयी वन्दे मातरम् रेल गाड़ियां शुरू होंगी, वही प्रधान मंत्री आवास के लिए एक साल में 80 लाख मकान बनाने का प्रस्ताव किया है और इसी साल देश में 25 हज़ार किलोमीटर लम्बी सड़कें भी बनायी जावेगी।

क्रिप्टोकोरेंसी जो अभी कुछ समय पहले ही चलन में आयी है, उस पर और अन्य वर्चुअल होने वाली क्रियाओं से होने वाली कमाई पर 30 प्रतिशत टैक्स लागू होगा, रिज़र्व बैंक इसी वर्ष डिजिटल करेंसी भी जारी करेगा और 5 जी इंटरनेट सेवा भी शुरू हो जावेगी।

आयकर की दरों में कोई न तो बदलाव किया गया है और न ही इनकम स्लैब में, किसी वर्ग के लिए आयकर में किसी भी प्रकार की कोई छूट दी गयी है। सब पहले जैसा ही है और आयकर पर सब पूर्ववत ही है जैसे निवेश या अन्य कोई छूट। इस बाबत मध्य और लोअर इनकम ग्रुप में घोर निराशा हुयी है। वित्त मंत्री को एक प्रेस रिपोर्टर से वार्तालाप में सुना कि महंगाई बढ़ने पर निचले और मध्यम वर्ग के लोग क्या



प्रो. वीर बहादुर सिंह

अपना जीवनयापन संतोष प्रद रख पाएंगे? जबकि उनके लिए ऐसा कोई प्रावधान बजट में नहीं किया है जिससे वे आने वाली कष्टप्रद महादशा से निपट पाएं। वित्त मंत्री का उत्तर चौंकाने वाला था। जब उन्होंने ये कहा कि महंगाई तो सभी देशो में बढ़ रही है । एक अर्थ शास्त्री की दृष्टि से महोदया के कथन पर सभी को सोचना चाहिए। महंगाई जब बढ़ती है उस समय मध्यम वर्ग, जो निम्न आय वर्ग से ठीक ऊपर होता है वह निचली श्रेणी में आ जाता है और इस प्रकार गरीबों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाती है।

प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी के समय 'गरीबी हटाओ' नारा बढे जोर-शोर से दिया गया मगर तत्कालीन सरकार के किसी प्रवक्ता ने कहा 'ये कब कहा गया कि गरीब नहीं रहेंगे? गरीब हटाने की

- **वर्तमान बजट से गरीबी बढ़ना क्या पार्टी इन पावर के लिए सुखदाई होगा?**
- **एक रिसर्च एजेंसी के अनुसार भारत में गरीब लोगों की संख्या13.4 करोड़ हो चुकी है**

तो कोई बात नहीं की गयी, वे तो रहेंगे। अर्थात गरीबी हटाते हुए गरीब कम नहीं होंगे, वे तो रहेंगे'। उत्तर सुनकर अचम्भा तो हुआ ही, सरकार की बुद्धिमत्ता से मन भी प्रसन्न हो गया।

वर्तमान बजट के रहते यदि गरीबों की संख्या बढ़ती है जो अवश्यभावी है तो वह स्तिथि क्या पार्टी इन पावर के लिए सुखदाई नहीं मानी जाएगी? क्योंकि गरीब और गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाले लोगों के लिए सरकार ने अनेक लगभग मुफ्त और बिलकुल मुफ्त सुविधाएँ दे रखी हैं, अतः कितने भी लोग गरीब वर्ग में बढ़ जाये वे सब सरकारी मिलने वाली मुफ्त की योजनाओं का लाभ सुगमता से उठा सकेंगे और सरकार का गुणगान करेंगे और चुनाव के समय उस पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में अपना वोट भी डालेगा। एक रिसर्च एजेंसी की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत अभी भी एक लोअर-मिडिल इनकम देश है। रिपोर्ट कहती है कि भारत में गरीब लोगों की संख्या 134 मिलियन (13.4 करोड़) हो चुकी है जो व्यापार और उद्योग में मंदी (रिसेशन) के समय केवल 5.9 करोड़ थी, अर्थात दोगुनी से भी अधिक वृद्धि गरीबों की संख्या में हो गई। रिपोर्ट आगे कहती है कि भारत में एक गरीब 2 डॉलर (145 रूपये लगभग) प्रतिदिन या उससे कम पर जीवन निर्वाह करता है, फिर क्या ऐसी स्थिति वर्तमान बजट के उपरांत नहीं आ सकती?

केवल उपरोक्त वर्णित आयाम को छोड़कर बजट किसानो के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य देने के लिए कही अधिक सजग है और उसी के अनुसार प्रावधान भी बढाकर रखा है। देश की दो नदिओं के आलावा तीन और नदिओं को जोड़ने की योजना, रक्षा बजट में संतोषजनक बृद्धि आदि अनेकों प्रस्ताव बजट में उल्लेखित हैं, जिनसे दूरगामी अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे, तथा रक्षा मसलों पर कही अधिक मजबूती दिखाई देगी।

आधारभूत सुबिधाओं के अतिरिक्त इस बजट से कितना लाभ देश की जनता को मिलेगा, वर्ष उपरांत आंकलन पर ही पता चल पायेगा?

**प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# रेल प्रशासन बेपरवाह, आमजन को रेलयात्रा पड़ रही महंगी

**फुलेरा**, (निसं)। रेलनगरी के नाम से विख्यात फुलेरा रेलवे स्टेशन से हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन रेलयात्रा करते हैं, परन्तु रेल प्रशासन की उदासीनता के चलते अधिकांश ट्रेनों में आरक्षण करवाकर ही रेलयात्रा सम्भव हो पा रही है। जिससे आमजन को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है । गौरतलब है कि फुलेरा से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग जयपुर-अजमेर व मकराना की ओर रेलयात्रा करते हैं। रेल प्रशासन की ओर से सामान्य टिकट की सुविधा शुरू हो जाए तो लोगों को आरक्षण के लिए लगने वाले अतिरिक्त भाड़ से मुक्ति मिल जाये।

फुलेरा से जयपुर यात्रा करने के लिए एकतरफा किराया एक्सप्रेस ट्रेन में 50 रूपये तथा सुपरफास्ट ट्रेन में 65 रूपये लगता है, इस प्रकार दोनों तरफ का कुल किराया क्रमश 100 व 130 रूपये प्रतिदिन वहन करना पड़ता है, जो कि दिहाड़ी मजदूरी अथवा


- **फुलेरा-जयपुर के मध्य संचालित 36 ट्रेनों में से मात्र 5 में ही एम. एस. टी. व सामान्य टिकट से यात्रा संभव**

अन्य निजी नौकरीपेशा व्यक्ति के लिए सम्भव नहीं हो पा रहा है। जबकि सामान्य टिकट फुलेरा से जयपुर का 35 रूपये का है। दैनिक रेलयात्रा करने वाले लोगों को रेल विभाग की ओर से मासिक सीजन टिकट 270 रूपये का बनाया जाता था, जिससे उन्हें एमएसटी बनवाने में समस्या भी नहीं होती थी और आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता।

फुलेरा जक्शंन रेलवे स्टेशन पर जयपुर की ओर जाने वाली लगभग 36 ट्रेन हैं परन्तु रेलवे प्रशासन की ओर से मात्र 5 रेलगाड़ियों में ही सामान्य टिकट की सुविधा दी जा रही है । दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि रेलनगरी फुलेरा जंक्शन से अन्यन्त्र स्थान पर दैनिक रेलयात्रा करने वालों की संख्या लगभग 15-17 हजार है। जिसमें से करीब 10 हजार व्यक्ति फुलेरा से जयपुर की ओर रेलयात्रा करते थे, जबकि अन्य लोग किशनगढ, अजमेर, नांवा, कुचामन व मकराना की ओर यात्रा करने वालों की संख्या भी लगभग 6-7 हजार व्यक्ति प्रतिदिन की रहती थी।

इन 15-17 हजार लोगो में से अधिकांश लोग दिहाडी मजदूर अथवा खुली मजदूरी करने वालों की रहती थी। इसके अलावा भी अन्य स्थानीय लोग भी रेलयात्रा करते हैं। अशोक वासदेव ने बताया कि फुलेरा से जयपुर की ओर रेलयात्रा करने वाले लोगों को सुबह चलने वाली हनुमानगढ़ एक्सप्रेस, ग्यालियर इन्टरसिटी, न्यू भुज-बरेली एक्सप्रेस, रतलाम एक्सप्रेस, जोधपुर इन्टरसिटी व शालीमार एक्सप्रेस में सामान्य टिकट व एमएसटी शुरू करने की नितांत आवश्यकता है । रेल प्रशासन की ओर से शटल, डीएमयू, बीकानेर इंटरसिटी, उदयपुर-जयपुर इंटरसिटी में ही सामान्य टिकट व एमएसटी सुविधा दी गई है। फुलेरा से जयपुर जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत व फुलेरा से अजमेर जाने वाले दैनिक रेलयात्रियों के लिए दैनिक रेलयात्री संगठन बना हुआ। इन सभी के पदाधिकारियों की ओर से हरसंम्भव प्रयास किये जा रहे हैं कि जिससे शीघ्र ही रेल प्रशासन की और दैनिक रेलयात्रियों व अन्य यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सामान्य टिकट व मासिक सीजन टिकट बनाया जाये । इसके अतिरिक्त स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत, जयपुर ग्रामीण लोकसभा सांसद कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़, केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को भी पत्र लिखा गया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 14 फरवरी, 2022**

माघ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2078, पुनर्वसु नक्षत्र दिन 11:53 तक, आयुष्मान योग रात्रि 9:48 तक, कौलव करण प्रातः 7:25 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 11:53 से सूर्योदय तक है। रवियोग दिन 11:53 से आरम्भ होगा। आज सोम प्रदोष व्रत, विश्वकर्मा जयन्ती, कल्पादि है और गुरू गोरक्षनाथ और मुनि धर्मनाथ जयन्ती है। आज सेन्ट वेलेन्टाइन दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:32 तक, शुभ 9:55 से 11:18 तक, चर 2:04 से 3:27 तक, लाभ-अमृत 3:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 6:14

**मेष**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

# राजस्थान में 60 जगहों पर बजरी खनन के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी

- ऐसे में अब वैध बजरी खनन हो सकेगा, रियल एस्टेट समेत निर्माण क्षेत्र को राहत मिलेगी
- राज्य में 70 मिलियन टन बजरी की मांग है, इन 60 खनन क्षेत्रों में लीज जारी होते ही बजरी की समस्या खत्म होगी, राज्य सरकार को भी 600 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा : सुबोध अग्रवाले

**जयपुर।** राज्य में नदियों से वैध बजरी खनन के लिए 60 जगहों पर खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति जारी हो गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि अब समूचे प्रदेश में नदियों से बजरी के वैध खनन की राह प्रशस्त हो गई है और बजरी की समस्या का समाधान भी हो गया है। अब राज्य स्तर पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरे होने के साथ ही प्रदेश में लगभग सभी क्षेत्रों में बजरी का वैध खनन शुरु हो जाएगा।

एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत के प्रयासों और दिशा-निर्देशों का ही परिणाम है कि लंबे समय से चली आ रही प्रदेश में वैध बजरी खनन की समस्या और अवैद्य बजरी खनन के कारण आए दिन आ रही समस्याओं के समाधान संभव हो सका है। पिछली 11 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश जारी होने के बाद मुख्यमंत्री श्री गहलोत की पहल पर राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर खनिज पट्टों हेतु जारी मंशा पत्रों की वैधता को 13 माह के स्थान पर 68 माह कर दिया है।

अग्रवाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार द्वारा जालौर में दो व भीलवाड़ा में एक बजरी खनन पट्टे और उसके बाद 4 दिसंबर को देवली, राजसमंद, नाथद्वारा में बजरी मंशा पत्रों की वैधता की राह प्रशस्त होने से तीन लीज कुल छह बजरी खनन की लीज जारी हो सकी है।

उन्होंने बताया कि बजरी से संबंधित सभी प्रकरणों की मोनेटरिंग व समन्वय के लिए अतिरिक्त निदेशक बीएस सोढ़ा को प्रभारी बनाया हुआ है।

खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने केन्द्र सरकार से पर्यावरणीय अनुमति मिलने पर खुशी जताते हुए बताया कि आमलोगों को आसानी से और वैध तरीके से बजरी प्राप्त हो सके इसके लिए विभाग द्वारा किये गए ठोस प्रयासों का ही परिणाम है कि सुप्रीम कोर्ट से निर्देश प्राप्त हुए और अब निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार के प्रयासों से 60 खनन क्षेत्रों की पर्यावरण अनुमति जारी हो गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरणीय स्वीकृति जारी होने के बाद राज्य स्तर पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरे होते ही खनन लीज जारी की जाएगी जिससे बजरी का वैध खनन आरंभ हो जाएगा।

उनहोंने बताया कि एक मोटे अनुमान के अनुसार राज्य में 70 मिलियन टन बजरी की मांग है। इन 60 खनन क्षेत्रों के लिए लीज जारी होते ही प्रदेश में बजरी की समस्या का पूरी तरह से समाधान हो जाएगा। इससे एक और जहां रियल एस्टेट सहित निर्माण क्षेत्र की बजरी की समस्या का समाधान होगा वहीं एक मोटे अनुमान के अनुसार राज्य सरकार को भी 600 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा। अग्रवाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी द्वारा रिकमंडडेड सभी 60 प्रकरणों में अनुमति जारी हो गई है। निदेशक माइंस केबी पण्डया ने बताया कि विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की तैयारियां शुरु कर दी गई है।

## युवक से ठगी

**जयपुर।** सांगानेर थाने में एक युवक ने उसके साथ हुई ठगी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया सीताराम कॉलोनी निवासी प्रिंस खंडेलवाल के पास 12 फरबरी की दोपहर जालसाज ने रोशन बनकर कॉल किया। पीड़ित को झांसे में लेकर निवेश पर मोटा मुनाफे का लालच दिया और 40 हजार रूपए ऑनलाइन फोन पे के माध्यम से हड़प कर गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर सांगानेर थाने में तिरुपति बालाजी नगर निवासी मोती लाल बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 11 फरबरी की शाम करीब 6 बजे सांगानेर पुलिया के पास स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ पर रूपए निकालने गया था। वहां पहले से मौजूद युवक ने मदद के बहाने कार्ड बदल किया और 620 हजार रूपए निकाल लिए।

## घर के बाहर मिला भ्रूण

**जयपुर।** रामनगरिया इलाके में शुक्रवार एक मकान के बाहर भ्रूण मिलने से सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने बताया विनायक एन्क्लेव कॉलोनी स्थित एक मकान के बाहर करीब 5 माह का भ्रूण लावारिस हालत में पड़ा मिला, जोकि मृत था। पुलिस जांच में जुटी है।

# 4 साल की मनुश्री का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल




- कराटे खेल में ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया

**जयपुर, (कासं)।** महज 4 वर्ष की नन्ही उम्र में जयपुर की मनुश्री ने अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया है।

राजस्थान पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब की सबसे कम उम्र की कराटे खिलाड़ी मनुश्री सक्सेना 2 वर्ष की उम्र से ही कोच महेश कायथ से प्रशिक्षण ले रही थी। अब नन्ही मनुश्री पूरे भारत व महिलाओं के लिए एक मिसाल बन गई है, क्योंकि 4 वर्ष की की छोटी सी उम्र में मनुश्री ने कराटे में ब्लैक बेल्ट (डिग्री) प्राप्त की है। कराटे फैडरेशन ने उसे ग्रांड मास्टर की उपाधि प्राप्त दी। अपने हुनर और खेल के प्रति जज्बे से मनुश्री ने अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया।

साथ ही संभवत: एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में यह नाम शामिल होगा। रविवार को पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, संरक्षक जे. पी शर्मा, जापान कराटे एसोशिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष मेहता, संघ मंत्री ओमप्रकाश हरजानी, सहिय क्लब सदस्य कौशल किशोर शर्मा, अजित सिंह शेखावत, मनीष मीना सहित कोच महेश कायथ ने मनुश्री का स्वागत कर उसे सम्मानित किया। इस नन्ही बेटी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की इच्छा भी जताई है। संजय सिंह शेखावत ने बताया कि मनुश्री की बड़ी बहन तनुश्री भी एक कराटे खिलाड़ी है।

मनुश्री की इस सफलता में बड़ी बहन का भी अपूरणीय योगदान रहा है। तनुश्री की इच्छा है की मेरी बहन ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाए मनुश्री की मां पूजा और पिता रोहित सक्सेना को अपनी बेटियों पर नाज है।

# वर्ष 2022 का का पहला सोम प्रदोष व्रत आज

- सर्वार्थसिद्धि, आयुष्मान और रवि योग में होगी महादेव की आराधना
- भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में सजेगी विशेष मनमोहक झांकियां, दान पुण्य का चलेगा दौर
- दो घंटे 35 मिनट तक की रहेगी शाम को प्रदोष काल की अवधि

जयपुर, (कासं)। नववर्ष-2022 का पहला सोम प्रदोष व्रत भोलेनाथ के प्रिय वार सोमवार को रहेगा। ज्योतिषविदों के मुताबिक व्रत पर सर्वार्थसिद्धि योग, आयुष्मान योग, रवि योग, अमृतकाल का शुभ संयोग दिन की महत्ता को खास बनाएगा। ताडकेश्वर महादेव मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, जंगलेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से बम-बम बोले की गूंज सुनाई देने के साथ ही विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे।

साथ ही भगवान भोलेनाथ के समक्ष विशेष मनमोहक झांकियां सजाई जाएगी। श्रीराम ज्योतिष अनुसंधान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पं.घनश्याम शर्मा ने बताया कि शाम को दिन और रात के मिलन को प्रदोष काल कहा जाता है।

इस समय भगवान शिव की पूजा करने से अमोघ फल की प्राप्ति के साथ ही आरोग्य और दीर्घ आयु की प्राप्ति होती है। प्रदोष व्रत को शास्त्रों में सर्वसुख प्रदान करने वाला बताया गया है।

ज्योतिषाचार्य पं.महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोपहर 11.53 बजे से शुरू हो रहे पुष्यनक्षत्र में प्रदोष की पूजा होगी।

कष्टिनवारण के लिए भोलेनाथ का अभिषेक, पूजा अर्चना के साथ रुद्रपाठ करना विशेष फलदायी माना गया है। चंद्रमा और शनि से जुड़े दोषों के निवारण और पारिवारिक सुख समृद्धि के लिए प्रदोष व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही दिनभर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, ज्वैलरी, प्रापर्टी खरीद के लिए दिनभर शुभ संयोग रहेगा।

अगला प्रदोष व्रत 28 फरवरी सोमवार को, जुलाई में 11 और 25 को, नवंबर में 21 और पांच दिसंबर को सोमप्रदोष व्रत रहेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदोष काल समय- शाम 6.14 बजे से रात को 8.49 बजे तक रहेगा, यानि दो घंटे 35 मिनट तक प्रदोष काल रहेगा।

# जेकेके में एक्सरसाइज के माध्यम से थिएटर के गुर सीख रहे प्रतिभागी



**जयपुर, (कासं)।** जवाहर कला केंद्र और सार्थक थियेटर ठ्ाुप के संयुक्त तत्वावधान में जेकेके में 45 दिवसीय गहन नाट्यय कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न एक्सरसाइज के माध्यम से थिएटर व एक्टिंग के गुर सिखाए जा रहे हैं। वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक साबिर खान के निर्देशन में यह 45 दिवसीय कार्यशाला 24 जनवरी से शुरू हुई थी। कार्यशाला रोजाना जेकेके के रीहर्सल हॉल में दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस दौरान प्रतिभागियों से बॉडी व वायस एक्सरसाइज, विभिन्न एक्टिंग टास्क और थिएटर को समझने के लिए थियोरी सेशन भी आयोजित किए जा रहे हैं।

वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक साबिर खान ने बताया कि इस कार्यशाला का उदेश्य थिएटर व सिनेमा में रूचि रखने वाले स्टूडेट्स को मंच प्रदान करना है। जिससे कि उन्हें सही दिशा मिल सके। कार्यशाला में हम बच्चों से ऐसे टास्क करा रहे हैं जिससे कि उनकी बौद्धिक और सोचने व विचार करने की क्षमता का विकास होगा। उन्होंने आगे बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों से रोजाना विभिन्न एक्सरसाइज व टास्क कराए जा रहे हैं। इस दौरान उनसे अपने आसपास के कैरेक्टर को समझने और उनकी डीटेलिंग की एक्टिविटी कराई जा रही है। जिसके बाद प्रतिभागियों को स्टोरी डवलपमेंट, स्क्रिप्टिंग, स्क्रिप्ट ऱीडिंग, डिस्कशन, सीन वर्क, कास्टिंग के बारे में सिखाया जाएगा। अंत में प्रतिभागियों द्वारा तैयार नाटक का मंचन भी किया जाएगा। कार्यशाला में अब तक के अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रतिभागी नवीन यादव ने कहा कि बहुत ही कम ही समय में मैंने अपने व्यक्तित्व में पॉजिटिव बदलाव को महसूस किया है। मैंने अब चीजों को अलग नजरिए से देखना शुरू किया है। कार्यशाला के दौरान हमें फिट रहने के लिए रोजाना फिजिकल एक्सरसाइज भी कराई जा रही है। साथ ही हमें वॉयस मॉड्यूलेशन, शब्दों के सही उच्चारण, साहित्य सहित एक्टिंग व थिएटर की तकनीकों के बारे में भी समझने का अवसर मिल रहा है।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह आज से

**जयपुर।** जयपुर सहित देश भर में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से 14 से 18 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह -2022 का आयोजन किया जा रहा है। यहां इसका उद्घाटन जयपुर आरबीआई महाप्रबंधक व कार्यालय प्रभारी लमनेईचोंग चोंगलोई करेंगी। महाप्रबंधक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस सप्ताह का विषय डिजिटल चुनो-सुरक्षा के साथ रखा गया है।

यह वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति 2020-2025 के उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने बताया कि यह एक अखिल भारतीय जागरूकता कार्यक्रम है।

इसका उद्देश्य डिजिटल लेनदेन की सुविधा और इसकी तथा ग्राहकों की सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह का आयोजन देशभर के बैंकों और जनता के बीच संपर्क बनाने और वित्तीय साक्षरता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए किया जाता है।

# पप्पू कुरैशी का भाई बनकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर ।** भट्टा बस्ती पुलिस ने पप्पू कुरैशी का भाई बनकर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटा रही हैं। डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि 23 जनवरी को भट्टा बस्ती थाने में परिवादी ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि 22 जनवरी को 10.30 बजे वह संजय नगर ब्लॉक पर स्थित एक दुकान पर बैठा था।

उसी समय पप्पू कुरैशी का भाई जाहिद आया और उके साथ तीन चार व्यक्ति और थे जिन्हें देखकर वह पहचान सकता हैं। आते ही जाहिद ने उससे कहा कि तूने मेरे भतीजे को क्या बोला। इस पर उसने कहा कि वह भतीजे को जानता तक नहीं और ना ही उसकी किसी से बात हुई हैं।

इतना सुनते ही पप्पू कुरैशी और अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। इसी दौरान उसने पत्नी शबनम को फोन करके बुला लिया।

पत्नी के आने के बाद भी वह लगातार मारपीट करता रहा और हर बार यही कह रहा था कि मै पप्पू कुरैशी का भाई हूं तुझे छोड़ूंगा नहीं। इस बीच पत्नी ने उसे छुडाने की कोशिश के दौरान उसके बाएं आंख और अंगूठे पर भी चोट आई हैं।

इस संबंध में भट्टा बस्ती थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एडिशनल डीसीपी धर्मेन्द्र सागर, एसीपी महेन्द्र गुप्ता और थानाधिकारी हुकुम सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए पूछताछ करने के बाद आरोपी संजय नगर बट्टा बस्ती निवासी जाहिद (37) पुत्र चुन्नू पटोवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में अन्य लोगों के बारे में भी पूछताछ कर रही हैं।

# माघ महोत्सव में होगा देश की 21 भाषाओं का संगम

- 16 फरवरी से 16 मार्च तक 'हाईब्रिड मोड' पर होगा आयोजन
- 16 फरवरी को माघ आधारित संगीत रचना और भाषण-वाद विवाद प्रतियोगिता से शुरू होगा समारोह



**जयपुर, (कासं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान संस्कृत अकादमी की ओर से 16 फरवरी से 16 मार्च तक होने जा रहा अखिल भारतीय महाकवि माघ महोत्सव कई मायनों में खास होगा। अकादमी के प्रशासक और संभागीय आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि माघ महोत्सव इस बार संस्कृत की राग माघ आधारित खास रचना 'माघ राग' के अलावा इस महोत्सव में पहली बार भारत की 21 भाषाओं का संगम भी देखने को मिलेगा।

दिनेश कुमार यादव ने बताया कि संस्कृत अकादमी का एक मात्र उद्देश्य हर स्तर पर संस्कृत का प्रतिनिधित्व उजागर करना है और इसी उद्देश्य से संस्कृत को व्यापक बनाने के लिए तरह तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसका आयोजन कला, साहित्य और संस्कृति विभाग के सहयोग से हाई ब्रिड मोड पर किया जा रहा है। इसकी गतिविधियां जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों माध्यमों से की जाएंगी।

दिनेश कुमार यादव ने बताया कि इस एक महीने के वृहद् आयोजनों की शुरूआत 16 फरवरी को दो विशेषे कार्यक्रमों से होगी। इसके तहत सुबह 11 बजे ग्रोमी अवार्ड विनर पदम्भूषण पं. विश्व मोहन भट्ट द्वारा इस महोत्सव के लिए विशेश तौर पर तैयार की गई रचना 'माघ राग' का ऑनलाइन आल इंडिया प्रिमियर आयोजित किया जायेगा "माघ राग" मूल रूप से एक संस्कृत गीत है जिसे जाने-माने संस्कृत शास्त्री पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने लिखा है और बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय ने स्वर दिए हैं। इसी दिन सुबह 11.00 बजे से ही गणगौरी बाजार स्थित वीरेश्वर भवन में संस्कृत शिक्षा निदेशालय के सहयोग से संस्कृत के शिक्षकों और छात्रों की भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। महोत्सव के लिए अकादमी द्वारा भारत की 21 भाषाओं के साहित्यकारों से रामायण-महाभारत आधारित रचनाएं लिखवाई जा रही हैं। 27 फरवरी को इनमें से दस भाषाओं की चयनित रचनाओं का जवाहर कला केन्द्र में कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

बाद में इन सभी 21 भाषाओं की रचनाओं को अकादमी की ओर से प्रकाशित करवाया जाएगा। कवि सम्मेलन कोलकाता के प्रभा खेतान फाउन्डेशन के सहयोग से 27 फरवरी को जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किया जाए। समारोह के दौरान इसके अलावा संस्कृत अन्त्याक्षरी, राष्ट्रीय वेद सम्मेलन, संस्कृत फिल्म महोत्सव और विभिन्न विषयों पर वार्ताओं और कार्यशालाओं के आयोजन भी किए जाएंगे।

## रीट के दोनों पेपर लीक हुए, सरकार लेवल-1 की जांच से बच रही : किरोड़ीलाल

**जयपुर।** राज्य सभा सांसद डॉ किरोड़ीलाल मीना ने कहा कि रीट परीक्षा के लेवल 1 व 2 दोनों ही पेपर लीक हुए है। सरकार बदनामी के कारण लेवल वन का पेपर रद्द करने और जाँच करवाने से बच रही है।

सीबीआई जांच कराई गई तो दोनों पेपर का महाघोटाला उजागर होगा, इसमें राज्य सरकार के मुखिया भी सम्मिलित है।

यह एक महाभारत का युद्ध हो रहा है, जिसमें शांति धारीवाल जो कह रहे कि सीबीआई जांच नहीं होगी। धारीवाल ने कौरव की तरफ से बयान दिया है, लेकिन इस महाभारत में पांडवों की जीत सुनिश्चित है। पांडवों की ओर से राजेंद्र राठौड़ अपना पक्ष रख रहे है, जिसमें प्रतिपक्ष नेता गुलाबचंद कटारिया श्रीकृष्ण के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे है। मीना ने कहा कि सत्य की जरूर जीत होगी, सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं हो सकता।

# रीट पेपर लीक की सीबीआई जांच के लिए वि.सभा घेराव करेगी भाजपा

**15 फरवरी को भाजपा विधायक सदन के भीतर गहलोत सरकार पर जुबानी हमला बोलेंगे, जबकि पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर युवाओं की आवाज उठाएंगे**

- विधानसभा घेराव आंदोलन को राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ करेंगे संबोधित

**जयपुर, (कासं)।** रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा तक भाजपा लगातार आक्रामक होती जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के आव्हान व नेतृत्व में 15 फरवरी को भाजपा का विधानसभा घेराव का कार्यक्रम है, इसमें पार्टी के सभी मोर्चे सक्रिय रूप से भागीदारी लेंगे। माना जा रहा है कि 15 फरवरी को विधानसभा घेराव आंदोलन में 50 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का अनुमान है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह 14 फरवरी शाम को जयपुर पहुंचेंगे और 15 फरवरी को भाजपा के विधानसभा घेराव आंदोलन को संबोधित करेंगे। इस आंदोलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी संबोधित करेंगे। गत 1 फरवरी को इसी मामले को लेकर युवा मोर्चा ने जयपुर के सिविल लाइन फाटक पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में प्रदर्शन किया था, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने भी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश मुख्यालय से लेकर सिविल लाइन फाटक तक कूच किया था, इस दौरान पुलिस लाठीचार्ज में काफी कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें भी आई थी और पूनिया ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तारी भी दी थी। इसके बाद 9 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित भाजपा के 67 विधायकों ने जयपुर में महात्मा गांधी सर्किल पर धरना दिया था, जिसमें रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और बूंदी में कांठोस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां पर किये हमले का विरोध किया था और इसी दिन भाजपा विधायक दल की बैठक में भी इन्हीं दो प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी रणनीति तय की गई।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**जयपुर, (कासं)।** शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मोबाइल चुराने के आरोपित राहुल वर्मा उर्फ़ बुगली (21) निवासी पर्वतीय कॉलोनी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उसके साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

**खोया पाया**

हमारे द्वारा राजस्व ग्राम महरोली के खसरा नंबर 1821 रकबा 1.10 हैक्टेयर में से एक आवासीय भूखंड विक्रेता भंवर कंवर पत्नी श्री रामसिंह से क्रय किया गया था। जो कि उप पंजीयक कार्यालय श्रीमाधोपुर में दिनांक 11-12-1998 को पंजीयन किया गया जिसके रजिस्ट्रेशन नंबर 1069 है। जिसका मूल विक्रय लेख कही खो गया। जिसे भी मिले हमें सूचित करे। बीरबल, हरफूल, मालीराम पुत्रगण बक्साराम जाट निवासी ढाणी जींजवाडियां वाली महरोली, तहसील श्रीमाधोपुर। मो. 9929085386

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री लोकेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री सीताराम बारेठ, निवासी 39-ए, शान्ति नगर, खिरणी फाटक रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान पिन नं 302012 का पुत्र अजय पाल सिंह मेरे अभिभाष्य के कहनें में नहीं है, मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र अजय पाल सिंह की आदतों एवं व्यवहार से परेशान होकर उसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है, और उससे अपनें समस्त रिश्ते समाप्त करता है, यदि कोई भी मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र से किसी भी प्रकार से सम्बन्ध, व्यवहार, एवं लेन-देन इत्यादि करता है, तो समस्त जिम्मेदारियों उनकी स्वयं की होगी, एवं उसके किसी प्रकार के भार के लिये मेरे अभिभाष्य किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगें।
जयपुर दिनांक: 13/02/2022 एम. एस. राघव (एडवोकेट)

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-15200 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक-8.02.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास संख्या 266/260 (EWS), का आवंटन रश्मि पुत्री स्व. रवि शंकर तिवाड़ी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3183 दिनांक 26.08.2006 के द्वारा जारी किया गया था। इनके पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 08.09.2014 को उप पंजीयक जयपुर-अष्टम में पंजीकृत करवाये गये। आवंटिया पश्चिम द्वारा श्री सौरभ पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता को दिनांक 18.08.2014 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री सौरभ द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से पंजीयन पश्चात उक्त आवास का विक्रय कर श्री रमेश चन्द्र यादव पुत्र श्री रामचन्द्र यादव को दिनांक 08.10.2014 विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री रमेश चन्द्र यादव द्वारा उक्त आवास को श्रीमती रजनी सोनी पत्नी श्री पुरुषोत्तम दास को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 19.02.2016 को उप पंजीयक-जयपुर-प्रथम में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रजनी सोनी द्वारा उक्त आवास को श्री पूरणमल नाई पुत्र श्री ओम प्रकाश सैन को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 14.03.2018 को उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री पूरणमल नाई के आवेदन करने पर कार्यालय आदेश क्रमांक 5803 दिनांक 18.09.2020 के द्वारा मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया। श्री पूरणमल नाई की मृत्यु दिनांक 26.11.2020 को हो जाने के कारण अपनी पत्नी श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व. श्री पूरण मल नाई द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व. श्री पूरणमल नाई का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर





ट्रक ड्राइवर की विधवा पत्नी मनीष जाट को न्याय दिलाने के लिए राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल लगातार तीसरे दिन रविवार को भी मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के आवास पर धरने पर बैठे रहे। हालांकि देर शाम राज्य सरकार ने उनकी मांग मानते हुए पीड़िता को 10 लाख रु. और सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। इसके बाद मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने सांसद किरोड़ीलाल से वार्ता करके उनका धरना खत्म करवाया।
फोटो-राष्ट्रदूत

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# भरतपुर में रीट मामले में मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को युवाओं ने काले झंडे दिखाए

## राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को भरतपुर प्रवास के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा

**भरतपुर, (निसं)।** रीट पेपर के आउट हो जाने के बाद राज्य की गहलोत सरकार ने भले ही रीट की एक परीक्षा को रद्द कर दिया हो लेकिन बावजूद इसके रीट को लेकर राज्य सरकार को ही नही उसके मंत्रियों को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भरतपुर विधायक एवं तकनीकी शिक्षा आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को भी अपने एक दिवसीय भरतपुर प्रवास के दौरान ऐसे ही विरोध का सामना करना पड़ा।

डॉ. सुभाष गर्ग भरतपुर में अछनेरा रोड पर नोंह पुलिया का शिलान्यास और बछामदी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन कक्षों के लोकार्पण सहित आधा दर्जन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए थे लेकिन जैसे ही रीट के अभ्यार्थियों को इसकी जानकारी हुई वे महारानी श्री जया कॉलेज के सामने सड़क पर गर्ग के मार्ग में काला झंडे लिए खड़े हो गए और जैसे ही इस रास्ते से मंत्री गर्ग का काफिला निकला तो युवाओं ने अपने जेबों से काले झंडे निकाले और उनको लहराना शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी युवक पेपर लीक में उनका संरक्षण होने का आरोप लगाते हुए न्याय और संघर्ष की लड़ाई में जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हम संघर्ष करते रहेंगे जैसे नारे लगाते रहे।

गौरतलब है कि इससे पहले 4 और 5 फरवरी को भी रीट के मामले को लेकर डॉ. सुभाष गर्ग के भरतपुर स्थित कार्यालय के आसपास के तमाम शहर के विभिन्न इलाकों में भाजपा ने पोस्टर टांग दिए गए जिन पर 'रीट के पेपर मिलने का एकमात्र स्थान-राजीव गांधी स्टडी सर्किल' जैसी बातें लिखी हुई थीं।


भरतपुर में मंत्री डॉ. गर्ग को रीट अभ्यर्थियों ने काले झंडे दिखाये।

■ **रीट लेवल-2 रद्द करने के बाद भी राज्य सरकार के मंत्रियों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है**

### रीट प्रकरण में की गई 39वीं गिरफ्तारी

**जयपुर, (कासं.)।** रीट प्रकरण में नरेंद्र, ग्राम सेवक खानपुर, पंचायत समिति भीनमाल को गिरफ्तार किया गया है। वह ग्राम कूका जिला जालोर का निवासी है एवं उसका पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड भी है। नरेंद्र ग्राम सेवक द्वारा भीनमाल में परीक्षा से पूर्व अनेक अभ्यर्थियों के लिए प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना एवं अपने परिजनों के लिए भी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने की जानकारी प्राप्त हुई है।

# मोरन नदी में कार गिरी, दो बच्चों सहित 6 लोग घायल

## डूंगरपुर-सागवाड़ा रोड पर भेडमाता पुलिये के पास कार बेकाबू होकर पलटी


वरदा थाना क्षेत्र में मोरन नदी में गिरी कार व मौके पर मौजूद लोग।

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र में डूंगरपुर-सागवाडा रोड पर भेडमाता पुलिये पर एक कार बेकाबू होकर 7 फीट गहरी मोरन नदी में गिर गई। हादसे में कार में सवार 2 बच्चों समेत एक ही परिवार के लोग घायल हो गए। घायलों को कार से निकालकर डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। वरदा थाना एएसआई वल्लभराम ने बताया कि बांसवाडा जिले के सज्जनगढ थाना क्षेत्र के पाटडिया गांव निवासी सुनील डामोर अपने परिवार के साथ आंतरी में बहन जयंती के घर आये थे।

रविवार सुबह सुनील (35), पत्नी धर्मा देवी (28), बेटा सुमित (8), आरव (3), बहन शीला उर्फ रचना (20), बहन जयंती (21) पत्नी विजेश कार से मुंगेड जा रहे थे। सागवाडा से डूंगरपुर रोड पर भेडमाता पुलिये के पास आते ही कार बेकाबू हो गई। कार पुलिये से नीचे मोरन नदी में उतरकर पलट गई। नदी में पानी कम होने से कार में सवार लोगों को निकाला। कार सुनील चला रहा था, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। घटना की सूचना पर वरदा थाने से एएसआई वल्लभराम, कांस्टेबल फतेहलाल मौके पर पंहुचे। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी ताराचंद भोई व पायलट दिनेश घायलों को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए ओर भर्ती करवाया।

# बीकानेर जिले में तेंदुआ की दहशत

■ **गांव के लोग चौबीस घंटे पहरा दे रहे, खेतों में हो रही तलाश**

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के धोरों में इन दिनों तेंदुए की तलाश चल रही है। पहले लूणकरनसर के गांवों में तेंदुए की आशंका में चप्पा चप्पा छाना गया। अब ये ही हालात श्रीडूंगरगढ़ के गांवों का है। अब तक कहीं भी तेदुआ तो नजर नहीं आया, लेकिन कुछ फुट प्रिंट को तेंदुए के ही माना जा रहा है। पिछले तीन दिन से श्रीडूंगरगढ़ के तोलियासर दखनादी गांव में किसान हाथ में लठ लिए बारी -बारी से पहरा दे रहे हैं। तेंदुआ आए तो उससे दो-दो हाथ कर सकें। वन विभाग की टीम भी तेंदुआ ढूंढ रही है। माना जा रहा है कि अरावली की पहाड़ियों से भटकता हुआ, तेंदुआ इस एरिया में आ गया है। इससे पहले वर्ष 2016-17 में भी लूणकरनसर में तेंदुआ आया था।

श्रीडूंगरगढ़ कस्बे से कुछ ही दूरी पर 4 दिन पहले तोलियासर दिखनादी रोही में किशननाथ सिद्ध ने अपने खेत में किसी बड़े शिकारी जानवर के फुटप्रिंट देखे तो उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। उस दौरान सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौका देखकर माना कि यह फुट प्रिंट तेंदुए के हैं।

ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ढूंढने की नाकाम कोशिश की । बताया जा रहा है कि तेंदुआ सरसों के खेतों में छिपा हुआ है। यहां पानी की लाइन बदलने के लिए गए 7-8 किसानों ने तेंदुए को देखा है। टीम ने अंदेशा जताया है कि ये तेंदुआ तोलियासर से सातलेरा के बीच की रोही में हो सकता है। वन विभाग ने ड्रोन से भी तेंदुए की खोजबीन के लिए प्रयास शुरू किए हैं। पिछले दिनों लूणकरनसर में जिस तेंदुए की खोजबीन हो रही थी, वो ही तेंदुआ अब श्रीडूंगरगढ़ पहुंच गया है। वन विभाग का मानना है कि अरावली की पहाड़ियों से भटककर तेंदुआ बीकानेर आ सकता है। रेंजर जितेंद्र कुमार का कहना है कि पहले तो जंगल थे, इसलिए तेंदुए वापस निकल जाते थे। अब रास्ता भटक रहे हैं।

### 11 कक्षा के छात्र ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र की ओमनगर कॉलोनी में एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यह छात्र पिछले दिनों शादी से लौटने के बाद से गुमशुम था। खुदकुशी के कारण अभी सामने नहीं आये हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि ओमनगर निवासी पूरब (16) पुत्र राजकुमार सोनी 11 वीं कक्षा की पढाई कर रहा था। बीती रात पूरब अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद पूरब ने गले में साडी का फंदा डाला और पंखे से झूल गया। परिजनों को जब पूरब नजर नहीं आया तो उन्होंने उसे कमरे में आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। अंदर झांकने पर पूरब फंदे से झूलता नजर आया। पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता राजकुमार सोनी ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि पूरब गेता पारोली में शादी में गया था, जो 10 फरवरी को लौटकर आया था इसके बाद से वह गुमशुम रह रहा था। वह किसी से मोबाइल पर बात करता था। पिता ने पूरब की मौत को लेकर किसी तरह की शंका जाहिर नहीं की है।

# 'कोटा थर्मल में रिक्त तकनीकी पदों पर नई भर्ती की जाये'

■ **विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ ने उठाई मांग, 10 साल से नहीं हुई भर्ती**

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ ने कोटा सुपर थर्मल के मुख्य अभियंता वीके गोलानी को पत्र लिखकर मांग की कि वे बिजलीघर में घटती मैनपावर समस्या को देखते हुए वर्षों से रिक्त तकनीकी पदों पर नई भर्ती करवाने के लिए आवाज उठायें। निगम प्रशासन द्वारा जयपुर, अजमेर, जोधपुर वितरण कंपनियों द्वारा तकनीकी कर्मियों की भर्ती निकाली गई है लेकिन विद्युत उत्पादन निगम में हजारों पद तकनीकी कर्मचारियों के रिक्त होते हुए भी 2012 के बाद से कोई नई भर्ती नहीं की गई है।

विभागीय जानकारी के अनुसार 2014 में कोटा सुपर थर्मल पावर में 271 पद रिक्त थे। दूसरी ओर, विगत 10 वर्षों में प्रतिवर्ष 50 से 60 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी गणना के अनुसार कोटा थर्मल में भी कई लोकेशन पर तकनीकी पद रिक्त पड़े हुए हैं। वर्तमान में कोटा थर्मल में तकनीकी कर्मचारियों की संख्या घटकर लगभग 350 रह गई है, जबकि 1240 मेगावाट क्षमता के बिजलीघर में मापदंडों के अनुसार, 1000 से अधिक तकनीकी मेनपॉवर होनी चाहिए।

उत्पादन निगम कर्मचारी संघ ने मांग की है कि विगत कई वर्षों से जो संविदा कर्मचारी बिजलीघर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनको नई भर्ती में तकनीकी अनुभव के आधार पर स्थायी नियुक्ति का मौका मिलना चाहिए। शेखावत ने अभियंताओं एवं कर्मचारियों को बधाई दी कि 39 वर्ष पुरानी दूसरी यूनिट से भी 110 मेगावाट लोड अर्थात पूरी क्षमता से निरन्तर विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।बिजलीघर की सातों यूनिटों से लगभग 4 रुपये प्रति यूनिट की दर से सस्ती बिजली पैदा की जा रही है, जिसे डिस्कॉम द्वारा 10 रु यूनिट में बेचा जा रहा है।

### कोचिंग स्टूडेंट्स के लिए पुलिस सहायता केंद्र शुरू

**कोटा, (निसं)।** जवाहर नगर में कोटा शहर पुलिस, नगर विकास न्यास और एलन स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कोचिंग स्टूडेंट्स की समस्याओं के समाधान और सहायतार्थ पुलिस सहायता केंद्र रविवार को शुरु हुआ।

पेट्रोल पंप के समीप नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का शहर का चौथा सहायता केंद्र है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक केसर सिंह शेखावत, एलन करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक नवीन माहेश्वरी, पुलिस उपाधीक्षक अंकित जैन, संजय सिंह तथा स्थानीय पार्षद सुदर्शन गौतम, गोपालराम मंडा व एलन स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो जनों की मौत, एक गंभीर घायल

■ **कार व बाइक की भिड़ंत, पुलिस ने दोनों को जब्त किया**

**डिग्गी, (निसं)।** कल देर रात सड़क दुर्घटना में डेचवास मोड पर बाइक व कार की भिड़ंत में दो व्यक्तियों की मौत हो गई वहीं एक गभीर घायल हो गया, जिसका इलाज जयपुर अस्पताल में जारी है। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि देर रात दस बजे डेचवास मोड पर बाइक व कार की जोरदार भिड़त में दो की मौत हो गई। इसमें बाइक सवार द्वारकापुरी बूढी किरावल निवासी हनुमान वैष्णव पुत्र रूपदास, भुवान गुर्जर पुत्र पन्नालाल गुर्जर, पीपल्या निवासी प्रहलाद वैष्णव पुत्र रामलाल वैष्णव गंभीर घायल हुए हैं। बाद में राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेस को दी।

एंबुलेस ने घायलों को डिग्गी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हनुमान को मृत घोषित कर दिया । वहीं प्रहलाद व भुवान को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। जहां देर रात को जयपुर पहुंचने के बाद प्रहलाद की भी मौत हो गई। भुवान का इलाज जयपुर अस्पताल में जारी है। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी न बताया कि मौके पर कार चालक नहीं मिला है बाइक और कार को जब्त कर थाने ले आए हैं। अभी कार सवार का पता नही लगा है।

# कुए में मिला विवाहिता का शव

## विवाहिता के परिजनों ने मालपुरा थाने में दर्ज कराया हत्या का मामला

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के तिलांजू गांव में रविवार को गांव के पास कुए में 24 वर्षीय विवाहिता का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से निकाल मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया तो मृतका के परिजनों ने मालपुरा थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से तकरीबन तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इंजनों से कुंए का पानी निकाल शव को बाहर निकाला। जहां मृतका की पहचान नर्बदा पत्नी सवाईराम बैरवा उम्र 24 साल निवासी तिलांजू के रूप में की गई। मृतका के पति सवाईराम ने बताया कि नर्बदा ने उसे फोन कर खेत पर चारा लेने बुलाया था लेकिन खेत पर पहुंचने पर नर्बदा के नहीं मिलने पर आस-पास तलाश की गई। इस दौरान कुंए के पास चप्पल इत्यादि मिलने पर नर्बदा के कुंए में गिरने के हुए अंदेशे पर परिजनों व थाना पुलिस को सूचना दी गई।

थाना पुलिस की सूचना पर मृतका के परिजनों ने मालपुरा पहुंच कर बेटी नर्बदा की हत्या का अंदेशा जता मालपुरा थाने में मामला दर्ज करा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की मांग की।


■ **पुलिस ने इंजन से कुएं का पानी निकाल शव को निकाला**


तिलांजू गांव में विवाहिता की हुई मौत के बाद ससुराल पक्ष के लोगों से पुलिस ने पूछताछ की।

### पश्चिमी विक्षोभ से नहीं हो रही सर्दी की विदाई

**झुंझुनूं/मंडावा, (निसं)।** फरवरी माह में बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही सर्दी की विदाई मानी जाती है लेकिन इस बार बसंत ऋतु के आगमन के बावजूद सर्दी की विदाई नहीं हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के प्रमुख कारण हैं। इससे बार-बार मौसम में परिवर्तन हो रहा है। मौसम में गलन होने से सर्दी का असर बना हुआ है। बीते दो माह में 5 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुके हैं। इससे तापमान में कमी आ रही है।

बीते कुछ दिन पहले जरूर सर्दी का असर कम हो गया था। गर्मी का असर हो गया था। लेकिन अचानक फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कभी बारिश, कभी कोहरा तो कभी शीत लहर चलने से सर्दी की विदाई नहीं हो पा रही है। गत दिवस से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पूर्वी व पश्चिम शेखावाटी अंचल में बारिश होने से अंचल पर भी इसका असर पड़ा। इससे इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। अंचल में रविवार को मौसम खुला रहा। तापमान में तेजी रही, लेकिन ठंडी हवा शूल सी चुभती रही।


**पुष्कर। खरखेड़ी रोड पुरुहता पहाड़ी कानस और तिलोरा में पूरी पहाड़ियों में खुलेआम खनन हो रहा है। खुलेआम रेत और पत्थर की ट्रॉलियां ओर डंपर दौड रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कार्रवाई करना तो दूर उल्टा जनप्रतिनिधि पहाड़ियों को तोड़कर अतिक्रमण करने वालों के हिमायती बन रहे हैं। यही नहीं पुष्कर में चारों तरफ रेगिस्तान है जो कि पुष्कर की पहचान है वह भी लुप्त होता जा रहा है। ग्रामीणों ने इनकी कई बार शिकायत की लेकिन किसी के कोई फर्क नहीं पड़ा।**

### राहगीरों से मोबाइल व रुपए छीनने वाला बदमाश पकड़ा

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी के मुण्डावर थाना पुलिस ने राह चलते लोगों से मोबाइल व पैसे छीन कर ले जाने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। भिवाड़ी पुलिस ने मिशन 100 के तहत विशेष निगरानी के दौरान गिरफ्त में लिया है। पुलिस थाना मुंडावर ने बताया कि 5 फरवरी की रात्रि को पीपली गांव में राहगीर से मारपीट कर मोबाइल छीनने के आरोपी विक्रम उर्फ लाला पुत्र रामजस जाट निवासी पीपली को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि 7 फरवरी को सुरेश कुमार पुत्र जयसिंह कुम्हार निवासी मैनपुर एवं मोहन यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी श्री कृष्ण नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 फरवरी की रात्रि 10 बजे एक अनजान व्यक्ति ने हमें रोक लिया। तभी पीछे तीन व्यक्ति निकल कर आए और हमारे ऊपर हमला कर मारपीट करने लग गए। जेब में रखे 12 हजार 450 रुपए नगद व मोबाइल छीन लिया। बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर मौके से फरार हो गए।

### नौ वर्षीय छात्र से नाबालिग ने किया कुकर्म

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के पास एक कॉलोनी निवासी एक नौ वर्षीय स्कूली छात्र से एक नाबालिग द्वारा कुकर्म किये जाने के बाद पीड़ित छात्र को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि रविवार को स्कूली छात्र से हुए कुकर्म की मिली सूचना पर पीड़ित छात्र को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। पीड़ित छात्र के परिजनों ने बस्ती के ही एक नाबालिग के विरूद्ध नामजद मामला दर्ज करवाया गया है। मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दबिश की कार्यवाही की जा रही है।

# टोंक निवासी क्रिकेटर खलील अहमद को आईपीएल के लिए 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा

**टोंक, (निसं)।** टोंक निवासी क्रिकेटर खलील अहमद को आईपीएल के लिए ऑक्सन में दिल्ली केपीटल्स ने 5 करोड़ 25 लाख में खरीदा है, जिससे जिलेवासियों में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार भारतीय टीम की ओर से खेल चुके क्रिकेटर तेज गेंदबाज खलील अहमद जो कि टोंक निवासी खुर्शीद अहमद नकवी के पुत्र हैं, खलील अहमद आगामी आईपीएल के लिए केपीटल्स ने 5 करोड 25 लाख रुपए में खरीदा है।

खलील को खरीदने के लिए दिल्ली व मुम्बई की टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा चली, जिसके चलते बेस्ट प्राइज 50 लाख रुपए वाले खलील अहमद को 5 करोड 25 लाख रुपए में बिके । यह समाचार टोंक जिले की जनता को लगते ही जिलेभर में खुशी की लहर दौड गई।

■ **जिलेवासियों में खुशी की लहर**


क्रिकेटर खलील अहमद।

### उदयपुर में 86 संक्रमित मिले, एक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में रविवार को 86 संक्रमित मिले है वहीं कोरोना से एक वृद्धा की मौत हो गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 1106 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 1020 नेगेटिव व 86 पॉजीटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 45 संक्रमितों में 04 कोरोना वॉरियर्स, 18 क्लॉज कान्टेक्ट, 21 नए संक्रमित व 02 माइग्रेंट है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 41 संक्रमितों में 02 कोरोना वॉरियर्स, 16 क्लॉज कान्टेक्ट व 23 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 73360 हो गया है। इनमें से 71957 रिकवर हो चुके है। एक्टिव केस की संख्या 629 है इनमें से 578 होम आइसोलेटेड व 51 चिकित्सालय में भर्ती है। आज 86 संक्रमित रिकवर भी हुए है। जिले में कोरोना से आज 48 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई है। वृद्धा निजी चिकित्सालय में भर्ती थी।

# इफको ने नैनो तकनीक से तैयार की यूरिया की बॉटल

## किसान की ट्रांसपोर्टेशन लागत घटेगी, जमीन को भी होगा कम नुकसान

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यूरिया का थैला वह भी आधा लीटर की बोतल में। सुनने में भले ही अजीब हो लेकिन आने वाले समय में ऐसा ही होने वाला है। अब बाजार में यूरिया के भारी भरकम थैलों की बजाय आधा लीटर की बोतल में यूरिया खेत तक पहुंच जाएगी। किसान के लिए इसे खेत तक ले जाना आसान होगा। उसकी ट्रांसपोर्टेशन कोस्ट को घटाएगा और साथ ही उसके प्रोडक्शन को भी बढ़ाएगा। कॉपरेटिव सैक्टर की कंपनी इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कॉपरेटिव लिमिटेड यानी इफको ने यह नई शुरुआत की है। कंपनी ने इसे बाजार में लॉन्च कर दिया है। हालांकि अभी यह दानेदार यूरिया का पूरी तरह से विकल्प नहीं है, लेकिन खड़ी फसल के लिए बेहद उपयोगी है। ऐसे में श्रीगंगानगर इलाके के किसान इस ईजी पोर्टेबल फर्टिलाइजर को पसंद करने लगे हैं।

ये नैनो यूरिया बाजार में आने वाली दानेदार यूरिया से 18 गुणा ज्यादा एफेक्टिव है। अब एक किसान दस से बीस बैग के बराबर यूरिया एक थैले में ही ले जा सकेगा। यूरिया का एक थैला जहां करीब 270 रुपए में मिलता था आधा लीटर बोतल की कीमत इससे करीब तीस रुपए कम है। वहीं किसानों को यह आसानी से उपलब्ध भी हो पाएगी, क्योंकि यूरिया बैग्स के मुकाबले इसका ज्यादा संख्या में ट्रांसपोर्टेशन हो सकेगा।

■ **इफको नैनो यूरिया के बाद नैनो डीएपी भी बाजार में उतारने की तैयारी में है**

यूरिया के इस नैनो वर्जन को बनाने के बाद प्रयास यह किया गया है कि यूरिया के इस पूरे बैग की क्षमता एक बोतल में ही पूरी हो जाए। इस बोतल को पानी में मिलाकर इसका छिड़काव खेत में किया जाता है। इसे स्प्रे टैंक के माध्यम से छिड़काव किया जाता है।

आने वाले समय में हो सकता है खाद की ये बोतलें फर्टिलाइजर बैग्स को पूरी तरह से ही रिप्लेस कर दें। इफको नैनो यूरिया के बाद नैनो डीएपी भी बाजार में उतारने की तैयारी में है। कंपनी के ऑफिसर बताते हैं कि यह नई तकनीक ईको फ्रैंडली है और जमीन की क्वालिटी को भी कम नुकसान पहुंचाती है। अभी उपयोग हो रही यूरिया से जमीन में सख्ती आ रही है। यह नैनो यूरिया कम सख्ती पैदा करने वाली होगी।

एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर डॉ. मिलिंद सिंह बताते हैं कि यूरिया की यह नई तकनीक इन्वायरमेंट फ्रेंडली तो है ही साथ ही जमीन के प्रोडक्शन को भी बढ़ाएगी। किसान के लिए इसे खेत तक ले जाना आसान होगा। इसके साथ इससे जमीन को कोई नुकसान भी नहीं होगा।

# आईएमईआई नंबर कॉपी करके नकली मोबाइल बनाकर बेचने वाली गैंग के आठ लोग गिरफ्तार

## मजबूरी बताकर भोले-भाले लोगों को सस्ते दामों पर मोबाइल बेचते थे आरोपी



पुलिस ने नकली मोबाइल फोन बेचने वाले शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस ने एक शातिर गैंग को गिरफ्तार कर उनके पास से 93 मोबाइल फोन बरामद किए है। हैरानी की बात यह है कि इन सभी 93 मोबाइल के आईएमईआई नम्बर एक है। जबकि एक फोन का एक आईएमईआई नम्बर होता है। यह गैंग एक ही आईएमईआई नंबर को कॉपी कर कई फोन असेंबल कर रही थी।

प्रदेश में इस तरह का यह पहला मामला है। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी नॉर्थ पारिस देशमुख ने बताया कि संजय सर्किल क्षेत्र में कुछ दिनों से अवैध तरीके से मोबाइल फोन बिकने की सूचनाएं मिल रही थी। सबसे पहले एक महिला और पुरुष को पकड़ा गया। फिर एक-एककर आठ लोगों को अब तक पकड़ा जा चुका है। इनके पास से 90 से ज्यादा स्मार्ट फोन बरामद किए गए हैं। सभी का आईएमईआई नंबर एक ही है। साथ ही फर्जी रसीदे, बिल बुक और अन्य सामान भी बरामद किया है। संजय सर्किल पुलिस ने 90 से ज्यादा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दो महिलाओं समेत गैंग के आठ लोग पकड़े गए है।

पुलिस ने बताया कि यह गिरोह पाकिस्तान और चीन से सस्ते मोबाइल खरीदकर महंगे ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल का कवर व लोगो लगाकर राजस्थान सहित कई राज्यों में बेच रहा था। इतना ही नहीं गिरोह तकनीकी के जरिए एक ही आईएमईआई नंबर चार-चार मोबाइल पर लगा देता और साथ में फर्जी बिल भी रखता। ताकि किसी को शक ना हो। ब्रांडेंड कंपनी के डुप्लीकेट मोबाइल बनाने के लिए मुम्बई में मैन्युफैक्चरिंग करते है।


डीसीपी परिस देशमुख ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि नाहरी का नाका बंधा बस्ती निवासी अब्दुल सईद ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि दो महिला और एक बच्चा उसके पास आए। महिलाओं ने इंदौर की एक मोबाइल दुकान का बिल बताते हुए ब्रांडेंड कंपनी का मोबाइल दिखाया। रुपयों की जरूरत होना बताकर मोबाइल बेचना बताया। परिवादी ने 10 हजार रुपए में मोबाइल खरीद लिया। कुछ देर बाद ही मोबाइल लेकर एक दुकान पर पहुंचा तो वहां पर एक युवक पहले से खड़ा था और उसके पास भी वैसा ही मोबाइल था। दोनों मोबाइल के आईएमईआई नंबर भी एक ही थे। मोबाइल को चेक करवाया तो उसमें ब्रांडेंड कंपनी का कवर ही लगा था। उसी समय कांस्टेबल अशोक कुमार को थाने के नजदीक ही गिरोह की दो महिला व एक पुरुष की सूचना मिली। वहां पहुंचने पर आरोपी एक अन्य युवक को मोबाइल बेचने के लिए झांसा दे रहे थे। तब उन्हें पकड़ा और गिरोह के ही तीन अन्य लोगों को कुछ दूरी पर पकड़ा। आरोपियों के पास कुल 93 मोबाइल बरामद किए, जो सस्ते थे और उन पर ब्रांडेंड कंपनियों के कवर लगा रखे थे। बरामद मोबाइल में पांच मोबाइल कुछ देर में ही पांच लोगों को बेच चुके थे, वो शामिल हैं। तस्दीक में बरामद कई मोबाइल पर एक ही आईएमईआई नंबर था। गैंग के मध्यप्रदेश के खण्डवा निवासी दीपक राजपूत, उसकी पत्नी ममता, शक्ति राजपूत उसकी पत्नी हिना, रवि राजपूत और महाराष्ट्र के जलगांव निवासी मंगल ओड को गिरफ्तार किया।

- **पाकिस्तान और चीन से सस्ते मोबाइल खरीदकर महंगे ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल का कवर व लोगो लगाकर बेच रही थी गैंग**

जयपुर में पकड़े गए गिरोह के लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष से दिल्ली से मोबाइल लेकर आते हैं और राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र के कई जिलों में जाकर मजबूरी बताते हुए बेचते हैं। एक टीम तुरंत दिल्ली रवाना की गई और दिल्ली निवासी मोहम्मद अली को गिरफ्तार किया। आरोपी मोहम्मद अली ने पूछताछ में बताया कि मोबाइल मुम्बई से लेकर आता है। तब दूसरी टीम मुम्बई भेजी गई, लेकिन मुम्बई में मुख्य सरगना अपने तीनों मोबाइल बंद कर भाग गया। मुम्बई पुलिस के सहयोग से सरगना की तलाश जारी है।

एडिशनल डीसीपी धर्मेन्द्र सांगर ने बताया कि गिरोह ने पूछताछ में बताया कि जयपुर में चार पांच दिन पहले ही आए थे और पांच मोबाइल बेच चुके थे। एक दो दिन बाद अन्य जिले में जाने की साजिश थी। आरोपी डेढ़ वर्ष में देशभर में हजारों मोबाइल बेच चुके हैं। आरोपी पहले घड़ी बेचने का काम करते थे और डेढ़ वर्ष पहले आरोपी मोहम्मद अली ने मोबाइल बेचने के काम में लगा दिया। आरोपियों ने अलग-अलग राज्यों की फर्जी बिल बुक छपवा रखी है। ताकि मोबाइल खरीदने वाले को बिल दिखाकर विश्वास में ले सकें। गौर करने वाली बात है कि जिस तकनीकी को सुरक्षा एजेंसी काम में लेती हैं, उसे गिरोह के लोग काम में लेकर आईएमईआई नंबर बदल रहे थे।

## ब्राह्मण समाज ने 101 बच्चों का उपनयन संस्कार कराया



**जयपुर** । ब्राह्मण समाज राजस्थान के जयपुर जिला देहात की ओर से रविवार कागलियां वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चौमूं पर 101 बालकों का उपनयन (जनेऊ) संस्कार किया गया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जनेऊ कार्यक्रम सम्पन्न करवाया। ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि संगठन की जयपुर जिला देहात इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी, जिससे कार्यक्रम भव्य रुप से सम्पन्न हुआ।

पाठक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी बालमुकुंद आचार्य हाथोज धाम ने किया। उपनयन संस्कार कार्यक्रम को आचार्य पंडित अरुणकुमार शर्मा, पंडित रामस्वरूप शर्मा, पंडित छोटे लाल शर्मा और पंडित रेवती रमण प्रधान की टीम ने संपन्न करवाया। उपनयन संस्कार यज्ञोपवीत के लिए 101 बालकों का ही रजिस्ट्रेशन किया गया था। इस दौरान ब्राह्मण समाज राजस्थान के पदाधिकारियों और कार्यक्रम में शामिल होने आप लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने कहा कि संगठन की ओर से लगातार चौथे वर्ष यह कार्यक्रम करवाया गया है। इसके साथ ही संगठन ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा ज्योतिष एवं हस्तरेखा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से समाज में व्याप्त बुराईयों का बहिष्कार करने का संकल्प भी दिलाया।

# 'एब्डोमिनल कैंसर दुनिया में मौत का दूसरा बड़ा कारण'




**जयपुर** । एब्डोमिनल कैंसर दुनिया में मौत का दूसरा सबसे बडा कारण है। यह महसूस हुआ कि एक दिन होना चाहिए जागरूकता फैलाने के लिए, इसलिए यह प्रतिवर्ष 19 मई को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इन मौतों को रोकने के लिए और जागरूकता पैदा करने हेतू प्रतिवर्ष 'एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट' और 'आई.आई.ई.एम्.आर' के तत्वावधान में इसका आयोजन किया जाता है।

इस साल इसका चौथा संस्करण होगा। आज प्री-इवेंट्स की शुरुआत थीम लॉन्च 'अवेयरनेस इज़ पावर' के साथ हुई जो जेएलएन मार्ग स्थिति होटल क्लार्क आमेर में डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग; डॉ.सुधीर भंडारी, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज; डॉ संदीप जैन, संस्थापक एब्डोमिनल कैंसर डे; पुनीत कर्णावट, डिप्टी मेयर, जयपुर ग्रेटर; पं. सुरेश मिश्रा, वरिष्ठ कांठोस नेता; मानसी राठौर, मिस राजस्थान 2021 और सीईओ, जयपुर मैराथन, मुकेश मिश्रा द्वारा की गयी।

एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने कहा कि एब्डोमिनल कैंसर के साथ सबसे बड़ी समस्या है इसका देर से पता चलना, जब रोग अंतिम चरण में हो। डॉ. समित शर्मा ने कहा कि एब्डोमिन के कैंसर सात प्रकार के होते हैं ऑसोफेगल कैंसर, कोलन और रेक्टल कैंसर, अपेंडिक्स कैंसर, गैस्ट्रिक कैंसर, गॉलब्लेडर कैंसर, पैंक्रिअटिक कैंसर और लीवर कैंसरे। अधिकांश लोग अपने लक्षणों के पीछे संभावित गंभीर बीमारियों और उनके जीवन के लिए जोखिम से अनजान हैं। महत्वपूर्ण कारणों में से एक यह है कि पेट की बीमारियों ने अभी भी समाज के सभी शैक्षिक, वित्तीय और सामाजिक तबको के लोगों का ध्यान आकर्षित नहीं किया है। वही सीने में दर्द के लिए व्यक्ति आमतौर पर संभावित जोखिम से डरते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श करता है। डॉ. सुधीर भंडारी ने कहा कि आज की भागदौड भरी जिंदगी, असमय खान पान की वजह से न केवल हमारी दिनचर्या अस्त व्यस्त हुई है बल्कि स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पडा है आज 90 से 95 प्रतिशत कैंसर, पर्यावरण और जीवन शैली कारणों से संबंधित होते हैं और केवल 5-10 हेरिडिटरी जेनेटिक्स के कारण से होते हैं। मैने देखा है कि अधिकांश लोग शुरुवाती लक्षणों के पीछे संभावित गंभीर बीमारियों और उनके जीवन के लिए जोखिम के बारे में अनजान होते हैं।

## 45 युवक-युवतियों ने हमसफर बनने के लिए दिया परिचय

**जयपुर**। फिजुलखर्ची और कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से विभिन्न समाजों में बदलाव देखने को मिल रहा है। कम खर्च में विवाह समारोह के लिए परिचय सम्मेलन का सिलसिला लगातार जारी है। इस कड़ी में जयपुर माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्था की अगुवाई में रविवार को सर्व समाज का सातवां युवक-युवती परिचय सम्मलेन स्वेज फार्म रोड सोडाला स्थित एक मैरिज गार्डन में हुआ। अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि सर्वसमाज के 45 युवक-युवतियों ने जीवन साथी के लिए परिचय दिया। जयपुर, अजमेर, ब्यावार, जोधपुर, दिल्ली सहित अन्य जगहों से अलग-अलग पेशों के युवा अपने परिजनों के साथ पहुंचें। अतिथि रामफूल सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जयपुर इकाई की ओर से रविवार को पद्मावती कॉलोनी स्थित एक स्कूल में पहली बैठक हुई। अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि जयपुर में वैश्य समाज का प्रथम युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। दिनेश पोद्दार को कार्यक्रम का मुख्य संयोजक नियुक्त किया। सेल्फी विद तिरंगा के चयनित प्रतिभागियों का सम्मान के साथ ही बृजलालपुरा विकास समिति से अध्यक्ष छाजू लाल सिंघल को सम्मानित किया।

# इंदौर शहर की गली-गली में ई-रिक्शा से उठता है कचरा



**जयपुर** (कासं)। स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर बीते पांच वर्ष से पहले स्थान पर है। जयपुर में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए इंदौर नगर निगम से ग्रेटर नगर निगम भी पाठ पढ़ेगा। इसके लिए दो दिन के दौरे पर महापौर सौम्या गुर्जर इंदौर गईं। उन्होंने वहां पर आयुक्त प्रतिभा पाल से मुलाकात की और कचरा संग्रहण से लेकर निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। इंदौर में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए निगम हर महीने आठ करोड़ रुपए खर्च करता है। जबकि, राजधानी जयपुर में हर महीने आठ से नौ करोड़ रुपए खर्च होते हैं, इसके बावजूद भी यहां हालात बदत्तर है।

सौम्या गुर्जर ने बताया कि गीला-सूखा कचरा अलग करने, प्लास्टिक कचरे, ई-वेस्ट, बायो वेस्ट और हजार्ड वेस्ट के निस्तारण की प्रकिया देखी है। नगर निगम इंदौर पूरे शहर में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य खुद करता है। वहां कुल 800 छोटे-बड़े वाहन लगे हुए हैं। जिनमें ई-बाइक तक शामिल है। इंदौर में कुल 19 ज़ोन है एवं 85 वार्ड हैं, प्रत्येक वाहन जियो टैगिंग एवं जियोफेनसिंग से मॉनिटर किया जाता है। प्रत्येक वाहन का एक रूट मैप निर्धारित है, उसी के मुताबिक कचरा उठता है। अगर वाहन किसी स्थान पर 5 मिनट से ज्यादा रुकता है या अपने निर्धारित रूट से अलग चलता है या निर्धारित गति सीमा से तेज चलता है तो नगर निगम के कंट्रोल कमांड सेंटर पर पॉपअप शो हो जाता है, इसकी मॉनिटरिंग ऑपरेटर करता है।

सौम्या ने बतायाया कि वहां प्रत्येक वाहन में 6 डस्टबिन लगे हुए हैं, प्रत्येक घर-बाजार, प्रतिष्ठान कच्ची-बस्ती, थ्री ठेला से एक निर्धारित यूजर चार्ज लेकर कचरा उठाया जाता है। प्रत्येक वाहन को कचरा संग्रहण कर निर्धारित कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा डालना होता है। कुल 10 ट्रांसफर स्टेशन बने हुए हैं, जहां गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डंप होता है। वहां प्रत्येक स्वच्छता मित्र की 800 मीटर की बीट निर्धारित है, जो कि कुल 7 हजार लोग संभालते है।

# सांगानेर क्षेत्र में 47 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में भी लगातार करोना संक्रमण का दायरा घटता ही जा रहा है। इसके चलते रविवार को 569 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 47 नए मरीज सांगानेर इलाके में पाए गए है। वहीं जिले में करोना से 2 और लोगों की मौत हो गई है।

जयपुर में रविवार को 77 इलाकों में करोना के नए मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 47 नए संक्रमित सांगानेर इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा सांभर में 32, प्रताप नगर व दुर्गापुरा में 24-24, वैशाली नगर में 22, विद्याधर नगर में 21, झोटवाड़ा में 20, बस्सी व जमवारामगढ़ में 16-16 और सोड़ाला में 15 नए संक्रमि मिले हैं। वहीं 8 ऐसे मरीज हैं, जिनका नाम पता व मोबाइल नम्बर गलत होने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 914 मरीज रिकवर हुए हैं। इधर प्रदेश में रविवार को 17 हजार 535 लोगों का कोविड टीकाकरण हुआ। इनमें 6079 को पहली जबकि 10178 को दूसरी डोज दी गई। प्रदेश में अब तक 9 करोड़ 67 लाख 33 हजार 918 टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें 5 करोड़ 32 लाख 96 हजार 233 को पहली और 4 करोड़ 23 हजार 630 को दोनों डोज लगाई जा चुकी है।

- **करोना से 2 और लोगों की मौत, बीते 24 घंटे में 914 मरीज रिकवर हुए**

## 128 यूनिट रक्त एकत्रित, रक्तदान का बताया महत्व

**जयपुर**। भारत विकास परिषद, वैशाली नगर शाखा की ओर से रक्तदान शिविर सिरसी रोड स्थित एक सोसायटी में हुआ। अध्यक्ष सुदेश रूप राय ने बताया कि शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उपाध्यक्ष गोवर्धन शर्मा, सचिव मनोज कुमार मित्तल, संयुक्त सचिव नीलू भाटी, महिला प्रमुख प्रिया भारती, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार भट्ट,सोसाइटी अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुमार शर्मा, सचिव राजन अजीतसरिया मौजूद रहे। इधर मेडिकल सर्विस सोसायटी की ओर से रक्तदान व नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को भट्टा बस्ती में मदरसा व स्कूल हिदायतुल इस्लाम में शिविर लगाया। शिविर संयोजक मेहबूबुर्रहमान ने बताया कि सोसायटी विभिन्न संगठनों के साथ अभियान चला रही है।

# कर्मचारियों का वेतन काटने का विरोध




राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों एवं जयपुर स्थित विभागीय समिति अध्यक्षों की एक संयुक्त आपात बैठक जलभवन परिसर स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित हुई।

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों एवं जयपुर स्थित विभागीय समिति अध्यक्षों की एक संयुक्त आपात बैठक जलभवन परिसर स्थित संघ के प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित हुई।

प्रदेशाध्यक्ष राजेश पारीक ने बताया कि बैठक में वक्ताओं ने अधीनस्थ मंत्रालयिक कर्मियों के साथ की जा रही निरन्तर उपेक्षा, लिखित समझौता, डॉ. गोविन्द शर्मा की रिपोर्ट में स्पष्ट अनुशंसा होने व वित्त विभाग द्वारा विधानसभा प्रश्न के जवाब में वित्त विभाग द्वारा लिखित समझौता लागू नहीं करने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। कर्मचारी नेताओं ने वित्त विभाग द्वारा एसीपी की प्रचलित नियमों के विपरीत व्याख्या कर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों का वेतन काटे जाने का भी विरोध जताया। संघ के महामंत्री देवेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान राज्य मंत्रालयिक संघर्ष समिति की सोमवार की बैठक में अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग के समस्त संगठनों के नेताओं से समान मांगों पर संघर्ष समिति के बैनर पर समन्वित कर एक साथ मुख्यमंत्री से भेंट करने की अपील जारी करने का आग्रह किया जाएगा। अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग की समस्याओं का समाधान हो सके।

- **अधीनस्थ मंत्रालयिक कर्मियों की उपेक्षा, लिखित समझौता, डॉ. गोविन्द शर्मा की रिपोर्ट में स्पष्ट अनुशंसा होने व वित्त विभाग द्वारा लिखित समझौता लागू नहीं करने को लेकर आक्रोश जताया महासंघ ने**

# महफिल-ए-सुकून में छाया गजल का जादू



**जयपुर** । नेट-थियेट कार्यक्रमों की 81वीं श्रंखला में रविवार को राज्य के सुप्रसिद्ध गायक मुन्नालाल भाट ने पारसा जयपुरी की ग़ज़ल चैन मिल जायेगा ज़माने को, फुक दूंगा जब आशियाने को अपनी पुकशिश आवाज़ में सुनाया तो श्रौता एक अलग दुनियां में खो गये। वैसे मुन्नालाल राजस्थानी गीतों, भजन एव नग़माकार के रूप में अपनी पहचान रखतें हैं। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार मुन्नालाल ने साहिर भोपाली की लिखी गजल जिन्दा हूँ अभी साथ तेरा छूटनें के बाद, दिल तो दिल बन गया है मगर टूटने के बाद सुनाई तो ऑनलाइन दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गये।

इसके बाद शायर नसीम रिफ़त की ग़ज़ल देखते जाइये कैसे हैं जमाने वाले तापने बैठ गये आग बुझाने वालेऔर अंत में ग़ज़ल बाख़ुदा अब तो मुझे कोई तमन्ना ही नही, फिर ये क्या बात है ये दिल कहीं लगता ही नही शायर शमीम जयपुरी की गजल गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में पण्डित हरिहर शरण भट्ट ने सितार पर अपनी सधी हुई उंगलियों से तारों को ऐसा झंकृत किया कि महफिल की रौनक बढी, जयपुर के युवा तबला वादक मुज्फफर रहमान की उंगलियों की तिरकिट और गिटार पर गौरव भट्ट की असरदार संगत ने महफिल-ए-सुकून कार्यक्रम को परवान चढाया। कार्यक्रम का संचालन मीडियाकर्मी रमेश पुरोहित ने किया। संगीत विष्णु कुमार जांगिड़, प्रकाश मनोज स्वामी व दृश्य सज्जा अंकित शर्मा नोनू, सौरभ कुमावत और अर्जुन का रहा।

# वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसेगा वक्फ बोर्ड

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान बोर्ड आफ मुस्लिम वक्फस के चेयरमैन बनने के बाद बोर्ड अध्यक्ष खानू खान बुधवाली सक्रिय होते दिख रहे हैं। आए दिन संपत्तियों पर हो रहे अतिक्रमण और दुर्दशा की शिकायत के बाद बुधवाली ने वक्फ के अधीन बेशकीमती संपत्तियों का औचक निरीक्षण कर घाटगेट, दिल्ली रोड, ईदगाह सहित अन्य जगहों के कब्रिस्तानों और अन्य जगहों से सात दिनों के अंदर भूमि अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। बकाया चल रहे किराया को जमा करवाने के लिए पाबंद किया। पूरे प्रदेश में वक्फ बोर्ड संपत्तियों का निरीक्षण कर सार संभाल लेगा।

चार बीघा से अधिक जमीन पर फैले घाटगेट बडा कब्रिस्तान में अवैध चूडियों के कारखाने से अतिक्रमण हटाने, दरगाह मिशकिन शाह, दरगाह पंचपीर ट्रांसपोर्ट नगर, बास बदनपुरा स्थित दरगाह कदम रसूल का दौरा किया। बुधवाली ने बताया कि लंबे समय से यहां किराया न चुकाने वाले, अतिक्रमण हटाने, अवैध मनमर्जी करने वालों को कार्रवाई करने की हिदायत दी। सात से दस दिनों में अनदेखी करने पर वक्फ बोर्ड संपत्ति से बेदखली की कार्रवाई करेगा। दिल्ली रोड स्थित कब्रिस्तान रेवडी की कोटि पर काबिज पार्किंग, दुकानों के अतिक्रमण और बिजली कनेक्शन को हटाया गया। इस दौरान वक्फ बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### एटीएम कार्ड बदलकर 62 हजार निकाले

**जयपुर** । सांगानेर थाना इलाके में स्थित एटीएम से रुपये निकालने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से सात हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि थाने में तिरुपति बालाजी नगर निवासी मोती लाल बैरवा ने मामला दर्ज करवाया है कि 11 फरवरी की शाम करीब 6 बजे सांगानेर पुलिया के पास स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गया था। जहां मशीन में कार्ड लगाकर रुपये निकालने का प्रयास किया,लेकिन रकम नहीं निकली। तभी बूथ में मौजूद व्यक्ति ने मदद का झांसा देकर उसका एटीएम कार्ड व पिन ले लिए। जिसके बाद बातों में उलझाकर रुपये नहीं निकलने का बहाना बना कर उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसे दे दिया। जिसके कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर बैंक खाते से 62 हजार रुपये निकलने का मैसेज आने पर पीडित के एटीएम कार्ड संभाला तो किसी अन्य व्यक्ति के नाम का एटीएम कार्ड निकला। ठगी का पता चलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाल कर ठग की तलाश की जा रही है।

### लापता युवक को ढूंढने में नाकाम पुलिस

**जयपुर** । शिप्रापथ इलाके से करीब सवा साल पहले लापता हुए युवक को पुलिस ने ढूंढ नहीं पाई है। पुलिस परिजनों को सिर्फ सांत्वना ही दे रही है। दरअसल प्लॉट संख्या-300, विश्वकर्मा नगर-2, दुर्गापुरा निवासी गौतम मीणा ऑटो चालक है। वह 18 नवंबर 2020 की रात परिजनों को किसी शादी में जाने की कहकर घर से निकला था। उसने चार-पांच दिन में लौटने की कहा था। इसके कई दिन बात तक भी वह नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाशने के बाद जब वह नहीं मिला तो मां गीता देवी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। ताज्जुब की बात यह है कि गौतम मीणा को लापता हुए करीब सवा साल बीत चुका है, लेकिन पुलिस उसे तलाश नहीं कर पाई है। वहीं जब मामले में जांच अधिकारी हैडकांस्टेबल मोडाराम से बात की गई तो उनका जबाव भी सिर्फ यही था कि तलाश कर रहे हैं।

### युवक से 40 हजार रु. ऑनलाइन ठगे

**जयपुर**। सांगानेर थाना इलाके में निवेश पर मोटा मुनाफे का लालच देकर एक युवक से 40 हजार रूपए ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सीताराम कॉलोनी निवासी प्रिंस खंडेलवाल के पास 12 फरवरी की दोपहर जालसाज ने रोशन बनकर कॉल किया। पीड़ित को झांसे में लेकर निवेश पर मोटा मुनाफे का लालच दिया और 40 हजार रूपए ऑनलाइन फोन पे के माध्यम से हड़प कर गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बॉम्बे होटल में अवैध ठहरे बांग्लादेशी

**जयपुर** (कासं)। संजय सर्किल थाना इलाके स्थित बॉम्बे होटल के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार सीआईडी (विशा) जोन जयपुर शहर के पुलिस निरीक्षक महेंद्र सिंह राजावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि ढाका, बांग्लादेश निवासी मोहम्मद बिलाल हुसैन (43) और हाजी मोहम्मद सलमान (57) बॉम्बे होटल के रूम में नंबर 109 में 14 दिसंबर 2021 की रात 9 बजकर 50 मिनिट पर ठहरे थे और 15 दिसंबर की अलसुबह 3 बजकर 21 मिनिट पर चले गए। इस दौरान होटल प्रबंधन ने 24 घंटे के भीतर ना तो सी फार्म भरा, जोकि अनिवार्य था और ना ही इसके बारे में पुलिस को सूचित किया। विदेशी नियमों की अवहेलना की गई है। पुलिस ने होटल मालिक-प्रबन्धक के खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 7/14 का उल्लघंन करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### विवाहिता का अपहरण कर दुष्कर्म

**जयपुर** । प्रताप नगर इलाके से विवाहिता का अपहरण कर टोंक में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी बलवीर सिंह क़स्बा ने बताया कि इलाके निवासी 22 वर्षीया विवाहिता ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि गांव भोजाड़ा (चाकसू) निवासी रवि यादव परिचित है। वह नवंबर 2021 में इलाके स्थित ससुराल आया और अपहरण कर टोंक ले गया। वहां बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। गांधी नगर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपित मलकीत सिंह (28) निवासी झालाना डूंगरी को गिरफ्तार किया है।

### महिला का फोन छीनकर भागे बदमाश

**जयपुर** । सांगानेर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया श्योपुर रोड निवासी ज्योति वाधवा 11 फरबरी की रात करीब आठ बजे घर की तरफ पैदल आ रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश झपट्टा मारकर मोबाइल छीन ले गए। पुलिस जांच में जुटी है। इधर भट्टाबस्ती थाने में मुरलीपुरा निवासी महिला कलाकर्मा काल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 11 फरबरी की रात करीब 10 बजे ऑटो में बैठकर घर आ रही थी। इस दौरान स्वर्ण जयंती पार्क के पास ऑटो चालक ने जबरन उतार दिया और हैंडबैग लेकर फरार हो गया। बैग में 10 हजार रूपए रखे हुए थे।

### एम्बुलेंस की टक्कर से राहगीर की मौत

**जयपुर** । करधनी इलाके में एम्बुलेंस की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया 8 फरबरी को भीम नगर नाथ जी की थड़ी निवासी ओमप्रकाश गुप्ता (55) घर का सामान लेने निकले थे। इस दौरान भीम ज्वैलर्स के पास एक बेकाबू एम्बुलेंस ने उनको टक्कर मार दी। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ने मृतक के बेटे अजय गुप्ता की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पार्षद विनोद शर्मा ने समस्याएं सुनी

**जयपुर**, (कासं)। पार्षद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रेटर नगर निगम के वार्ड नं 115 के पार्षद विनोद शर्मा ने प्रताप नगर स्थित सेक्टर-17 में आमजन से मिलकर उनकी फरियादें सुनी। समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की आश्वासन दिया।

## International Book Giving Day

Books! They hold infinite power. They can transport us to new worlds, teach us new things, inspire us, make us laugh, cry and can provide us with essential memories. As a child, some of your fondest memories may have been the stories you read before bed. As a teenager, you may have continued to read and find a love for books. As adults, maybe you still read or maybe you gave up reading. While many also celebrate Valentine's Day today, consider using this day to spread some cheer through books!





#J'ADORE

# Cute Couple Goals

For some, Valentine's Day is merely a Hallmark, 'mushy' cards holiday, and for some, it's a day to express their undying and eternal love for their significant other.



Whether you're a hopeless romantic who's quite flamboyant with your expressions of affection or an idealist who doesn't believe in all these occasions and treats Valentine's Day like any other day, chances are you have something planned for the day to make your partner feel loved – but you probably have no idea what you're going to wear. Matching couple outfits are an excellent way to show your affection for one another. Whatever the outfit may be, it is sure to bring a smile to your partner's face.

### Colour Co-ordinated Outfits

Going matchy-matchy with your guy can either be totally adorable or slightly hideous and weird. But that doesn't mean you cannot look like a power couple on V-Day with outfits that complement each other! Opt for the colour-coordinated way – co-ordinated outfits aren't boring when there's a pop of colour involved.

### The Classic Red-and-Black Combo



Nothing can ever go wrong with this outfit. Whether you're a couple who loves to chill in jammies and have a movie marathon at home or the kind that goes all out with candlelight dinners, this outfit idea is stellar and will always be. Your partner could wear a dapper black suit while you could wear a beautiful red chiffon saree (it will totally give off a 'Battameez Dil' vibe, won't it?).

### 'Coupling' T-shirts with Quotes

While some go for colour-coordinated outfits, some like to be more vocal and expressive about their love and might want their outfits to portray the same. Well, what's better than matching T-shirts with cute quotes or completion quotes on them!




### 'Coupling' T-shirts with Symbols





This outfit idea is very similar to the one with the quotes; but instead of quotes, the T-shirts have symbols on them. Remember those cheesy but cute flirty lines you use to acknowledge the value of your partner's presence in your life? For example, "You're the peanut butter to my sandwich," or "You're my Monica, and I'm your Chandler." Well, imagine having those things printed on as symbols on your T-shirt. Cool, right? No matter how you decide to spend your Valentine's Day, you will definitely get a trendy outfit option from this list. Show off your harmonious relationship with one of these stylish, matching couple outfits and celebrate your love with a hint of style.

### Patterns to Match 'Coupling' Outfits

If you and your bae are a little adventurous and want to try something that looks a little out-of-the-box, patterns are something you should definitely try.

Plaid patterned outfits are great too if you want to look like a celeb couple seen walking on the streets by the paparazzi (you could certainly feel like one even if you aren't one, right?). There are many other patterns that you could opt for, like Aztec prints, geometrical prints, etc.

*-Shruti Kothari*



JP Singh, an IAS, reminiscences his first meeting with Lata: "During one of my trips to Mumbai, Dr Rajeev Sharma being an old friend took me along to meet her. As we entered her flat the modest interiors struck me - her awards were lined across the length of the room and in the centre was cane furniture. Lata Ji had just finished pooja, came with a Thali in hand dressed in a house coat and a petticoat. On learning that I was from Rajasthan, she said, "please do me a favour. It's my heart's desire to visit Mira Bai's temple in Chittoor - the temple in which Mirabai is said to have sung bhajans for Krishna. I am prepared to come incognito. I want to sing just one bhajan for Kanha in that siddh mandir." In my career as a lifelong bureaucrat I had seen and heard many people plead. Here before me was the century's most celebrated singer, her eyes deep limpid pools and a sense of longing writ large on what otherwise to the general public is a divinised face."



# Lata's Deep Connect With Rajasthan



Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*

Like the poet of the Romantic Era, John Keat's song bird in Ode to a Nightingale, Lata Mangeshkar the eternal Nightingale of India, lived through life singing a full throated sonnet that still rings even after her demise. The similarity ends there. Keats imagined his songbird to be immortal only to discover his illusion. But India's Nightingale whose soul stirring voice resonates across borders, is timeless.

Ved Ahuja, a one time cricketer and later Honorary Secretary of Polo Club of Jaipur recalls, "in 1961, Rajasthan was playing against the Services and we had a long drive to cover from Race Course New Delhi to Oberoi Maidens, where we were all staying. Lata Mangeshkar and Vinoo Mankad were seated on the back seat of the car and I was in the front. After few minutes on the road I heard Vinoo Mankad say, "Lata Ben Itni duur jana hai koi gana hi suna do." Imagine my surprise when I actually heard Lata Mangeshkar say, "Ji" and began regaling us with her soft but soulful singing. There were going to be many more occasions when I would witness India's most celebrated play back singer forge rite of passage into people's heart by her small acts of graciouness."

My second encounter was in the winter of 1972. India was playing against MCC at Feroz Shah Kotla ground. The portly Purushotam Rungta or 'Bhaijee' as he was known to the world was the officiating President of BCCI. On the morning of the match he got a call from PM house with the Iron Lady Mrs Indira Gandhi on the other side asking for 100 passes for students from Jammu and Kashmir. I, in my capacity as an aide to Bhaiji, like him, was staying in Ashoka Hotel. Those days every pass was numbered as per the seat allotted, barely

## #MEMORIES

had we collected out wits, I got a call from Raj Singh Dungarpur informing me, "Ved, there are four very special guests, please make arrangements for them to see the match." By then the cricketing world in India was well aware of Raj Singh's 'special guests' so I did not even brother to ask him for names. Sure enough in the lobby of the hotel was Lata Mangeshkar accompanied by her three sisters- Asha Usha and Meena. Bhaiji seeing the situation more confounded took me aside and said, "now what?" Well, I wasn't the first secretary in the world who was called upon to troubleshoot without any chances of any collateral damage whatsoever on either side! So mustering all the brevity at my command I said to the Boss, "don't worry I will manage."

I asked the four sisters to get in at the back of the Ambassador. And apologized for the discomfort. While the other three were quiet Lata didi thanked me profusely and said, "Hum godi mein bhi baith jaengey."

'The Board President' sticker on the car windshield saved us from the security checks. Precisely the reason I did not ask for another car inspite of Bhaijee suggesting it.

They could have been no better celebrity endorsement of Hindustan Motor's Ambassador that was once the acknowledged Queen of Indian roads - site of the 4 Mangeshkar sisters crawling out of it. Or no better Brand positioning.

As I ushered them through the entrance seeing the chock-a-block stands did no good to my pulse. However, on learning that the Mangeshkar sisters were amongst the spectators the Delhi Cricket Control Board had four additional 'Muddhas' placed in the second row. The unwritten law was the 1st row was reserved for the Prime Minister and the President.

That match was also Raj Singh Dungarpur's first stint as a commentator with All India Radio. I had specific instructions from him not to avail of the lunch invite that the Association would forward once they learnt of the celebrity presence. "Go out for lunch" were his instructions. An hour into the game the three younger sisters left and at lunchtime Lata and myself headed out.

### Sense of Entitlement

New Delhi then did not offer many choices so we headed to the President Hotel. A strict vegetarian Lata insisted that I order my favourite non-veg reassuring me "meri fikr mat kariye aap ko jo order karna hey karlijiye," she said good-naturedly. During our meal I realized how beautiful and simple a person she is. On the other side of the table was a legend who's singing had turned the world into her estate. Two years from now the Guinness Book of World Record would establish her as the most recorded artiste in the human history with no less than 25000 songs to her credit. Yet there was no sense of entitlement, no attitude that grips even the two minute fame celebrities. Being in her presence it was as if ones smaller self began to strip away. I could not help but tell her how beautiful she is. Lata broke into a child like soft giggle and said "aap mazak kar rahe hain." Totally bewildered at her larger than life presence I said, "aap ke muh se phool jhadtey hain." When I reached out for my wallet to settle the bill she chided me, "aap mere chotey Bhai hain, aap ka koi haaq nahin banta batuey ko chune ka. Yeh mera saubhagya hai."

Raj Singh being a great stickler for propriety and protocol, the next four days too saw us have private lunches.

Raj Singh was almost like family to the Roongtas, whenever in Jaipur he stayed with them. Both of us being fast bowlers at some point of time a healthy professional rivalry saw me bow out of the race so much so that I gave up cricket. During one of our meals Lata broached the topic and said, "aap ko khelna chahiye." I shot back, "Do you know I have burnt my cricket kit and stopped wearing white clothes." "I know that," she said, ever so calmly. Taken aback at her answer I realised where she was coming from but what has stayed with me is her telling me, "we have to develop from our negatives and if things don't work out take another click but there is no option to quit." Life's most profound DIY rule refreshed in a manner that only a skillful shutterbug with a single mindedness of purpose like Lata could propound.

In those days one of Raj Singh's cousins was ADC to the President of India. I remember once 'At Home' in

> Few know that Lata Mangeshkar bought a 3 Star hotel in Udaipur, Raj Darshan, located on Swaroop Sagar with access to boating in the lake. Prior to that the couple's favourite go-to-destination was Fateh Niwas. Lata Di was also very close to Maharana Bhagwat Singh, as he and Raj were buddies, and she very often visited Udaipur till he was alive.

Rashtrapati Bhavana as High Teas were called in then, one of Raj Singh Dungarpur's teammates said to him: "Go for the Queen of India she is better than any of your chota mota rajput princess." From time to time I heard Raj's friends poke him about the issue but alas! Raj could never stand up to his father who was absolutely against this alliance.

Raj's favourite song of Lata Di was, "tu jahan bhi raheyga mera saya..." One number that played constantly on his car taperecorder. I'm told Lata Di too was given to humming it very often. Once I too have been privy to that touching moment. Maybe they were meant to meet, but not be! It was as if both had the initial Capital of luck missing in the Cosmic Ledger.

Few know that Lata Mangeshkar bought a 3 Star hotel in Udaipur, Raj Darshan, located on Swaroop Sagar with access to boating in the lake. Prior to that the couple's favourite go-to-destination was Fateh Niwas. Lata Di was also very close to Maharana Bhagwat Singh, as he and Raj were buddies, and she very often visited Udaipur till he was alive.

I had a want to raise funds for 20th Lancers, an armoured regiment in the Army, as I am an honorary member of it. So I once asked Didi whether she would do a fund raiser for us. Without a blink she said, "of course but give me six months notice." For Lata di 'Country First' was ingrained in her being. She was one celebrity who put her money where her mouth was, and while doing charity she made sure she left the camera behind or that it did not follow her.

Rajeev Sharma, the Mangeshkar's family physician is a Jaipurite, whose father Gokul Prasad Sharma, a state bureaucrat, post retirement served as chief administrative officer in Bombay Hospital for several years. 'Raju bhaiya' to the Mangeshkar clan and Lata's Rakhi brother agrees totally. "Yes, she was a do-gooder without any fanfare. Didi's first ever public performance in Jaipur was at my behest for the RPG group's fundraiser for famine relief. After the performance Lata and her entrouge came home for a dal bati churma dinner. Haridev Joshi the then Chief Minister also graced the occasion, as did then DGP police Pilania, and Raghu Sinha, amongst other family and friends. I had connected RP Goenka to Lata Didi and he not only accompanied her to Jaipur but was also present at the dinner. The first ever live performance in Jaipur was a huge success when we got here to present a cheque of more than 1 crore for the Chief Minister Relief Fund."



Lata Didi post Rakhi Tikka with Dr Rajeev Sharma.

I have never seen anyone live a simpler life, like an essential service where she never called in sick. Lata was as duty bound to her family and friends as she was devoted to her profession. As a foodie she was very fond of Rajasthani food. Till my mother was alive she, together with her sisters, would come over to savour Rajasthani cuisine, churma dal bati being her all time favourite.

Staunch follower of Swami Paramhans, looking at her great body of charity work, I have often wondered whether Swami Vivekanand had been reincarnated as Lata Mangeshkar. A 900 bed Hospital in Pune and a Music University were her pet projects.

### Beyond Entertainment

Lata's music or rather singing went beyond entertainment. Her even mindedness even though she lived in a matrix of shifting sands came from her realisation of a Karmic purpose in harmony with the cosmic rhythm.

A devout Krishna devotee all that she loved deeply became a part of her. Twilight years of her life saw her veer more towards Bhakti Sangeet and Mirabai bhajan. If hajri at Shri Nathdwara was mandatory in every trip that she took to Udaipur she never came away from Calcutta without a visit to the Belur Muth.

Lata's chosen path of Bhakti and Karma salvaged a life that was many times caught in the crosshairs of contradictory pulls and pressures. She believed in miracles and spoke of her conversation with Kanha. "He is my sakha and my confidant" she admitted demurely.

London for her was a favourite getaway destination - she liked the city, and her love for cricket led her to buy a flat in close proximity to the Lords," informs Dr Sharma.

When Lata lost her father at a tender age of 13 her sole aim was to keep the wolf away and provide for her family. By 1949, she had become the most sought-after singer after her rendition "Aayega Aanewala" in the movie 'Mahal'. It was not by chance. Even then this little girl carrying the cross of her responsibility saw her self as an instrument of 'Divine will'. Unshaken by rejection she put all it takes to succeed, waking up at 5 a.m. for hours of riyaaz.

Some where the Bhagvad Gita became her survival manual. Even though she had acquired an iconic personna very early in life, it was her ability to keep her mind centred in the spiritual consciousness of her soul that the delusive shadows of sorrow, a given state of the Showbiz, did not give her a mental cold.

The idea of rebirth did not allure her "but if at all there is one, I would not want to be Lata Mangeshkar again," she said in an interview that is viral on social media. So like millions of her fans she too had her share of limiting and isolating confines like any other mortal. Was the winner of most awards ever given to a performing artiste and the country's melody Queen hiding saddest tales behind a sweetest smile. Apparently yes.

Speaking of her smile, says Inderjeet Das, who met Lata at an impressionable age of 20 in the capacity of a Jewellery designer, "the first thing that struck me about her was her smile. It was as if she was spreading praan - a life giving energy through her smile to everyone around. A smile millionaire, if her aura was mesmerizing her conduct was magnetizing - one just felt drawn to her."


"That she loved diamonds is not surprising at all. Like the coal that turns into a diamond under pressure Lataji also traversed many barriers to become larger than life legend," points out Indrajit Das, now a city based jewellery designer, who had the good fortune to customise the singer's diamond jewellery way back in 2004 . "It was my first job as a professional jewellery designer with Adora - jewellery manufacturing wing of the M Suresh group. The company decided to launch a signature diamond jewellery collection - the Swaranjali series, named after the most followed iconic playback singer of our times."

"She was a very humble person with no celebrity tantrums and it felt like I was talking to some next door elderly woman. She would go through the designs one by one, briefed us which ones she liked and why, and then sat down with the team to see the CAD drawings. She personally checked the quality of diamonds and quality of manufacturing of the sample pieces by donning an eyeglass at the factory in SEEPZ Mumbai."

### Passionate Collector

"Whenever Lataji visited us there were security guards, no bouncers, battery of press and the usual high votage drama that accompanies Bollywood. Her indepth knowledge of jewellery came from having been a passionate collector."

"She used to wear diamond floral studs, diamond solitaire ring and diamond bangles. Her love for diamonds and interest in design was immense, and her personal guidence was a learner's guide while I was designing the collection



with the designer team for Adora. She liked European styles as well since she collected a lot of jewellery from her travel to the US, UK, Paris and Japan. These experiences helped us curate the Swaranjali collection. Under her guidence which showcased small butterfly pendants with enameling, novelty pendants, music note pendants, chunky rings and elaborate contemporary diamond necklaces."

I clearly recall visiting her home. Imagine my surprise when she offered chai and cookies - at a time when it was normal for a Bollywood celebrity to make someone from the public wait for hours!

Speaking of his patient turned an elder sister says Dr Sharma, "she was connected to the countrymen with her heart strings. On any given day she was happy with dal roti, and her beige Kota Doria or Georgette sarees. Silks were reserved for formal occasions."

"If our homes define us then Lata's was hard wired for an all embracing wifi - a rare connectivity, a confluence of happiness and warmth whoever entered her 'Prabha Kunj' 1st floor flat on Peddar Road. Peopled by the extended family - her younger brother Hardyanath, Usha, Meena, Asha of course had her own place on the same floor. Lata was a nurturer and as I see it Asha was the mother but it was Lata who took up the role of a 'Ma' to Asha's children. It is not as if she was doing great things for them but small things with great love. I have been her personal physician since 1978 - never did I find a focus on 'Me' or 'Mine'. Also that inner chatter if at all in her with time died down. Not for nothing did she come to personify the Bharat Ratna awarded to her. The only other awardee being Atal Bihari Vajpayee."

### Living Legend

"Lata's home was a haven, a shared space for family and friends. Professionally, as she scaled unheard heights - thousands of songs in 33 languages. Personally I think her spiritualism led her to recognise her self not as the centre of being but as a part of a whole," conclude the rakhi brother.

Raj Bansal, a film distributor having deep connections with Bollywood says, "once my whole family was invited by Yash Chopra to Film City, where he was wrapping up the shooting of 'Veer Zaara'. Lata Mangeshkar, who was known to never be present at shootings decided to grace the occasion. I was surprised to see that right from Amitabh Bacchan, Priety Zinta, Sharukh Khan to every single artist present on the set lined up to touch her feet. A picture of humility the melody Queen tried very hard to resist but none would move without paying their reverence to this living Legend. Those 45 minutes spent in conversation with her are a part of by golden memory bank. When it was time to click pictures the four of us stood behind her. "Aise kaise hoga," she said ever so gently and made us sit beside her."

JP Singh, an IAS, reminiscences his first meeting with Lata: "During one of my trips to Mumbai Dr Rajeev Sharma being an old friend took me along to meet her. As we entered her flat the modest interiors struck me - her awards were lined across the length of the room and in the centre was the cane furniture. Lata Ji had just finished pooja. She came with a Thali in hand, dressed in a house coat and a petticoat. On learning that I was from Rajasthan, she said, "please do me a favour. It's my heart's desire to visit Mira Bai's temple in Chittoor - the temple in which Mirabai is said to have sung bhajans for Krishna. I am prepared to come incognito. I want to sing just one bhajan for Kanha in that siddh mandir." In my career as a lifelong bureaucrat I had seen and heard many people plead. Here before me was the century's most celebrated singer, her eyes deep limpid pools and a sense of longing writ large on what otherwise to the general public is a divinised face."

"As we were leaving, she presented me a LP - 'Haunting melodies of Lata' inscribing profoundly, "To priya JP and Saubhagyavati Kamna" on it."

"Some gifts symbolise foreverness - a haloed aura - as this one did - so I could never play it, instead I framed it and to date this proud posession is displayed on my living room wall."

Lata Mangeshkar's voice may have been stilled physically but certain things even death cannot touch. One who is not forgotten is not dead and there is no expiry date on the love link between India's Nightingale and millions of her fans.

For those who think the voice from our homes has gone it is best to recall what Rumi the 13th century Sufi mystic said, 'For those who love with heart and soul there is no such thing as separation.'

Music stays forever even when soft voices die, it vibrates in the memory...

writetoarbit@rashtradoot.com

> She used to wear diamond floral studs, diamond solitaire ring and diamond bangles. Her love for diamonds and interest in design was immense, and her personal guidence was a learner's guide while I was designing the collection with the designer team for Adora. She liked European styles as well since she collected a lot of jewellery from her travel to the US, UK, Paris and Japan.










(L to R) Dr Rajeev Sharma, Lata Mangeshkar, Arun Govil, RP Goenka, Haridev Joshi, Gokul Prasadji.




Lata Mangeshkar with Haridev Joshi at the churma dal bati party hosted by Dr Rajeev Sharma at his residence in Jaipur.



Lata Mangeshkar being welcomed at Ram Bagh Hotel, Jaipur

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दलित दूल्हे की पुलिस पहरे में बिन्दोली निकाली

**मांडलगढ, (निसं)।** मांडलगढ उपखण्ड के देवलिया गांव में रविवार की शाम पुलिस के पहरे में एक दलित दूल्हे की बिन्दोली निकाली गई। गांव में वर्षों से चली आ रही सामन्ती प्रथा को टूटा हुआ देख आसपास के गांवों में चर्चा का माहौल बन गया।

बीगोद थाना क्षेत्र के देवलिया गांव में वर्षों से सामन्ती प्रथा चली आ रही है कि किसी भी दलित परिवार में दूल्हा घोड़ी पर बैठ कर बिन्दोली नहीं निकाल सकता। अगर कोई बिन्दोली निकालने की हिम्मत जुटाता है तो सवर्ण जाति के लोग बिन्दोली नहीं निकालने देते।

- 8वीं तक पढ़े-लिखे दलित दूल्हा नारायण लाल बलाई ने बीगोद पुलिस थाने में शिकायत कर पुलिस सुरक्षा की मांगी थी
- बिन्दोली में दूल्हा के परिवार की महिलाएं नाचती-गाती शादी में नजर आई



मांडलगढ़ के देवलिया गांव में पुलिस पहरे में दलित दूल्हे की घाड़ी पर बिन्दोली निकाली गई।

इस मामले को लेकर 8वीं तक पढ़े-लिखे एक दलित दूल्हा नारायण लाल बलाई ने घोड़ी पर चढ़कर अपनी बारात ले जाने की चाहत में बीगोद पुलिस थाने में शिकायत कर पुलिस सुरक्षा की मांग की।

बीगोद थानाधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए प्रशासन के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय से रविवार को पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता देवलिया गांव में दूल्हे के घर पहुंचा। इस दौरान मांडलगढ तहसीलदार नारायण लाल शर्मा, गिरदावर राजेश टेलर, पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, सीआई सुरेश चौधरी, एसएचओ ठाकराराम की मौजूदगी में दलित दूल्हे की बिन्दोली निकालने की हसरत पूरी की गई।

बिन्दोली में दलित दूल्हा के परिवार की महिलाएं नाचती-गाती शादी में दुगुनी खुशी का इजहार करती नजर आई। दूल्हा नारायण लाल बलाई की बारात चित्तौड़गढ़ जिले के मंडावरी गांव में जाएगी। वहीं देवलिया गांव में वर्षों से चली आ रही दलित की शादी में प्रतिबंधित बिन्दोली को पुलिस सुरक्षा में निकलते देख आसपास के गांवों में चर्चा का माहौल बन गया। दलित दूल्हा नारायण ने बताया कि दलितों की शादी में बिन्दोली निकालने के मामले में गांव के ही कुछ मनुवादी तत्वों को बर्दाश्त नहीं है।

## लूट के मामले में चार गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से लूट के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला करीब एक पखवाड़े पहले गांव दो पीएस के पास फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से लूट का है। अब खुलासा हुआ है कि लूटने वाला कोई और नहीं कर्मचारी को रुपए जमा करवाने वाली एक महिला का पति ही है।

फाइनेंस कंपनी कर्मचारी लंबे समय से ग्रामीण इलाके में रुपए लेने आ रहा था। वह गांव की कई महिलाओं के ग्रुप से जुड़ा हुआ था। ये महिलाएं उसे डिपोजिट देती और फाइनेंस कंपनी कर्मचारी उसे अपनी कंपनी में जमा करवा देता। इस बात की जानकारी एक गांव के महिलाओं के ग्रुप में शामिल एक महिला के पति को थी। भारत फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी जयपुर जिले के जोबनेर थाने के बेनिया का बास निवासी कृष्णा आसीवाल गांव-गांव घूमकर फाइनेंस कंपनी के लिए इन्वेस्टमेंट इकट्ठा करता था। वह गांवों में महिलाओं के ग्रुपों से थोड़े-थोड़े रुपए जमा करता। इसी संबंध में उसका गांव तीन पीएस में बिंदरसिंह के घर आना जाना था। बिंदरसिंह की पत्नी उसे हर माह रुपए जमा करवाती थी। बिंदरसिंह को इस बात की जानकारी थी कि फाइनेंस कर्मचारी कृष्णा के पास लौटते समय बड़ी राशि बैग में होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उसने लूट का प्लान बनाया। उसने अपने साथ पदमपुर के वार्ड सत्रह निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी (हैरी) पुत्र रामसिंह, पदमपुर के वार्ड नौ निवासी बलवीरसिंह उर्फ बीरू पुत्र छिंद्रपालसिंह और गांव 14 पीएस 'ए' निवासी हरजिंद्रसिंह उर्फ काकासिंह पुत्र जीतसिंह को मिलाया।

# नाकाबंदी में 3 पिकअप से 16 भैंसें छुड़वाई, चालक हिरासत में

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देशों के तहत जिला विशेष टीम ने रविवार अल सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र के साबेला बाईपास मार्ग पर तीन पिकअपों में भरकर ले जा रही भैंसों को मुक्त कराया तथा इस मामले में वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएसटी टीम को मिली सूचना के आधार पर टीम ने साबेला बाईपास पर नाकाबंदी की तथा उस मार्ग से गुजर रही 3 पिकअपों की जब तलाशी ली गई तो उसमें भैंसों को ठूंस ठूंसकर भरा गया था, जो कि कत्ल खाने ले जाने का अंदेशा था। जिस पर पुलिस ने तीनों पिकअपों के चालक से परिवहन संबंधी दस्तावेजों को मांगा तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। तीनों पिकअपों में 16 भैंसें भरी हुई थी। पुलिस मामले में वाहनों को आरोपियों सहित थाने ले गयी। पुलिस ने इस मामले में पिकअप चालक गोपाल पुत्र दुर्गा बंजारा निवासी डबोक उदयपुर, बादल पुत्र उदा बंजारा निवासी डबोक व नरेश पुत्र प्रताप बंजारा निवासी कांकरोली उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

- पिकअप में ठूंस-ठूंस कर भरी थी भैंसें
- डीएसटी टीम ने साबेला बाईपास पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई की



जिला विशेष टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के साबेला बाईपास मार्ग पर तीन पिकअपों में से भैंसों को मुक्त कराया।

# डीडवाना पालिका का एक और कारनामा सामने आया

**डीडवाना, (निसं)।** टेंडरों में कथित धांधली और अनियमितता के आरोप के चलते विवादों में रहने वाली डीडवाना नगर पालिका का एक और कारनामा सामने आया है।

- ग्राम पंचायत क्षेत्र में जारी किया दीवार बनाने का टेंडर

इस बार फिर नगर पालिका ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर ग्राम पंचायत क्षेत्र में टेंडर जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार डीडवाना नगर पालिका ने निकटवर्ती ग्राम ईडोलाव की ढाणी में मिट्टी की सुरक्षा दीवार बनाने के लिए लगभग 5 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। जबकि नियमानुसार नगर पालिका निकाय क्षेत्र की परिधि में ही टेंडर जारी कर सकती है। गांव के ग्राम सेवक पूर्णसिंह के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा ना कोई कार्य किया जा सकता है ना ही टेंडर निकाला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी नगरपालिका पर टेंडरों में अनियमितताओं के आरोप लग चुके है। पहले भी नगरपालिका ने सार्वजनिक निर्माण विभाग और रेलवे के कार्यक्षेत्र में सडक बनाने के टेंडर जारी कर दिए थे। बाद में खुलासे के बाद नगरपालिका को टेंडर रद्द करने पड़े थे।

## भीलवाड़ा में 68 पॉजिटिव मिले

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा जिले में बीते 24 घंटे में की गई 844 लोगों की जांच में 68 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। इनमें सबसे ज्यादा 12 केस सुवाणा में मिले है।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉक्टर घनश्याम चावला ने बताया कि 844 लोगों की सैंपलिंग के बाद आरटीपीसीआर जांच की गई। इस जांच में 68 लोग संक्रमित मिले है। इनमें सबसे ज्यादा 12 केस सुवाणा, 11 रायपुर, 9 आसींद और 8 केस काशीपुरी में मिले हैं। बनेड़ा में 2, बापूनगर, चपरासी कॉलोनी जहाजपुर, सांगानेर में 3-3, सुभाषनगर 4, शास्त्रीनगर, शाहपुरा, पुर व चंद्रशेखर आजाद नगर में एक-एक, गंगापुर 5 केस मिले हैं।

## अपहरण का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने नाबालिग के लापता होने पर मामला दर्ज किया। प्रताप नगर निवासी पीड़ित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 12 फरवरी सेवेर मेरी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से चली गई। अनुसंधान में पता चला कि परिजनों की डांट से परेशान नाबालिग बस में बैठ कर भीलवाड़ा चली गई।

# ट्यूशन गई बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, बाजार बंद हुए

**कोटा, (निसं)।** जिले के रामपुरा कोतवाली थाना इलाके में एक 14 वर्षीय बालिका की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। बालिका घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। बालिका समय से घर नहीं पहुंची तो परेशान परिजन ट्यूशन टीचर के घर पहुंचे जहां बालिका जमीन पर पड़ी मिली।

- बालिका को पढ़ाने वाला टीचर गौरव जैन मौके से फरार, पूरे मामले में ट्यूशन टीचर पर ही शक जताया जा रहा है
- बालिका समय से घर नहीं पहुंची तो परेशान परिजन ट्यूशन टीचर के घर पहुंचे जहां बालिका जमीन पर पड़ी मिली
- बालिका फ्लोर पर पड़ी थी और उसके हाथ-पांव रस्सी से बंधे थे, उसके गले में भी फंदा था



कोटा में बालिका की हत्या के मामले में समाजसेवी अमित धारीवाल कोतवाली थाने पहुंचे।

बालिका फ्लोर पर पड़ी थी और उसके हाथ-पांव भी रस्सी से बंधे थे। परिजनों के मुताबिक उसकी सांसें चल रही थी। ऐसे में परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का शक जताया है। रामपुरा कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार 14 वर्षीय बालिका अपने परिजनों के साथ बजाज खाना में रहती थी। रविवार को वह ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी लेकिन समय से घर नहीं पहुंची। ऐसे में परिजन जहां पर ट्यूशन पढ़ती थी वहां पर उसे तलाशने गए तो बालिका जमीन पर पड़ी मिली। उसके गले में रस्सी का फंदा था। परिजनों के मुताबिक उसकी सांसें चल रही थी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि जहां ट्यूशन जाती है वहीं उसकी रस्सी से गला दबाकर हत्या की गई है।

सीआई हंसराज मीणा का यह भी कहना है कि मामला संदिग्ध है। परिजन जिस तरह की भी रिपोर्ट देंगे उसके अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी। मृत बालिका का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। बालिका कक्षा 9 की पढ़ाई कर रही थी आज वह खुद ही ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। उसको पढ़ाने वाला टीचर गौरव जैन मौके से फरार है। इस पूरे मामले में ट्यूशन टीचर पर ही शक जताया जा रहा है। साथ ही ट्यूशन टीचर के अन्य परिजन भी शादी समारोह में घर से बाहर गए हुए है। पुलिस का कहना है कि बालिका के परिजन उसको तलाशने के लिए ट्यूशन टीचर के घर गए तो बाहर से ताला लगा हुआ था लेकिन उसकी चप्पलें बाहर ही खुली हुई थी। ऐसे में उन्हें शक हुआ। परिजन ताला तोड़कर अंदर गए तो बालिका के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। घटना से कोटा शहर के बाजार में भी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित व्यापारियों और पदाधिकारियों ने रामपुरा कोतवाली पर हंगामा शुरू कर दिया और विरोध-प्रदर्शन किया। पूरे बाजार को बंद करवा दिया गया। बजाज खाना और रामपुरा के कई बाजार इस घटना के बाद बंद हो गए। घटना के बाद रामपुरा कोतवाली इलाके में भारी जाप्ता तैनात कर दिया गया। इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग भी कोटा शहर एसपी केसर सिंह शेखावत कर रहे हैं। केसर सिंह शेखावत और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मील भी अस्पताल की मोर्चरी पर पहुंचे।

वहीं रामपुरा कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग छात्रा की हत्या की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता अमित धारीवाल रामपुरा कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने वारदात पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को संवेदना व्यक्त की और पुलिस अधिकारियों से आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाने की बात कही।

# सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बांसवाड़ा पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि शहर में चोर, नकबजनो की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी एवं वृताधिकारी सुर्यवीरसिंह राठौड निर्देशन में थानाधिकारी रतन सिंह के नेतृत्व में एसआई कांतिलाल, एएसआई सरदार सिंह, कल्याण सिंह, विवेकभान सिंह व रघुवीर सिंह, कांस्टेबल शंकरलाल, जगमपाल सिंह, सतीश कुमार, पुंजीलाल, सुखराम, इन्द्रजीत सिंह, दिग्पाल सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, पवन, दिग्पाल सिंह की टीम गठित कर शहर में हुई चोरियो की घटना करने वाले बदमाशानो की तलाश प्रारम्भ की गई। इस टीम ने मुखबीर की सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए प्रकरण की घटना कारित करने वाले गिरोह के संदिग्ध व्यक्ति विजयपाल उर्फ पप्पु डिण्डोर निवासी लिमथान एवं सहदेव मईडा निवासी पिपलवा को पकड कर पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने अपने साथी गैंग के साथ शहर में त्रिपुरा कॉलोनी, श्री राम कॉलोनी, हुसैनी चौक, केशव वाटिका खांदु कॉलोनी के पास, त्रिपुरा कॉलोनी आकाशवाणी एवं इन्द्रा कॉलोनी में चोरी की वारदातें कारित करना स्वीकार किया। जिला पुलिस अधीक्षक मीना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सहदेव के खिलाफ पुर्व में वर्ष 2016 में एक प्रकरण, वर्ष 2018 में दो प्रकरण तथा वर्ष 2020 में एक प्रकरण कुल चार प्रकरण चोरी नकबजनी के कोतवाली थाने पर दर्ज होकर चालान पेश होकर न्यायालय में विचाराधीन है। अभियुक्तगण को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर गहन पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से शहर की अन्य चोरी, नकबजनी की वारदातों के खुलासे की भी संभावना है।



बांसवाड़ा पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- आरोपियों को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पीसी रिमाण्ड लिया
- अभियुक्तों से अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना

## जिम संचालिका आत्महत्या मामले में कोर्ट का बाबू गिरफ्तार

**रायसिंहनगर, (निसं)।** जिम संचालिका कोमल को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में एसीजेएम कोर्ट में कार्यरत लिपिक पुरुषोत्तम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मूल रूप से श्रीगंगानगर के केदार चौक का निवासी है। शहर के एक जिम की ट्रेनर व संचालिका ने तीन माह पहले संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मृतका के मायका पक्ष के लोग उसके पति व ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगा रहे थे।

- मोबाइल से मिले आत्महत्या दुष्प्रेरण के महत्वपूर्ण सबूत
- मृतका एक बच्चे की मां है, बच्चा पिता के साथ ही रहता है और पति के साथ विवाद चल रहा था

मृतका के भाई सुधीर कुमार ने कोमल के पति दीपक शर्मा व ससुराल पक्ष के विरुद्ध उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज करवाया था। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि आरोपी पुरुषोत्तम कुमार को आईपीसी 306 के तहत गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन का रिमांड लिया है। पुलिस उपाधीक्षक अनु बिश्नोई इस मामले की जांच कर रही हैं। जांच में मृतका का मोबाइल खंगालने पर चौंकाने वाले बात सामने आई है।

मृतका से हुई चैटिंग व अन्य साक्ष्यों से खुलासा हुआ कि न्यायालय का बाबू पुरुषोत्तम कुमार कुछ समय से कोमल के संपर्क में था। इसी दौरान कुछ ऐसे तथ्य भी सामने आए जिससे पुलिस को बाबू पर संदेह हुआ। पुलिस ने मोबाइल पर चैटिंग आदि की गहराई से छानबीन की तो पता चला कि कोमल ने बाबू की हरकतों पुरुषोत्तम कुमार से परेशान होकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने आरोपी के तकनीकी साक्ष्य जुटाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जिम संचालिका कोमल ने 13 नवंबर 2021 की रात को अपने जिम में ही फांसी का फंदा लगाकर संदेहास्पद हालात में आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय वह जिम में अकेली ही थी। मिली जानकारी के अनुसार कोमल की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी। मृतका एक बच्चे की मां है। बच्चा पिता के साथ ही रहता है। कोमल का पति के साथ विवाद चल रहा था। जिसके चलते वह करीब 5 साल से पति से अलग अपनी मां के साथ गोशाला ब्लॉक में रहती थी। इसी दौरान वह कोर्ट में कार्यरत बाबू पुरुषोत्तम कुमार के संपर्क में आई। धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ गई। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत व चैटिंग भी होती रही है।

## राजसमंद में 71 संक्रमित मिले

**राजसमंद, (निसं)।** राजसमंद में कोरोना संक्रमण की दर रफ्तार दिन ब दिन कम होती दिखाई दे रही है। गत दिनों के मुकाबले पिछले चार दिनों से कोरोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई है। मरीजों की संख्या में कमी आने के साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या में भी कमी आई है।

गत दिनों जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या एक हजार से भी उपर थी जो कि अब घटकर मात्र सात सौ से साठ सौ के मध्य है। लेकिन संक्रमितों के मिलने का सिलसिला अब भी जारी है। रविवार को जिले में 71 नये कोरोना संक्रमित मिले। लेकिन रिपोर्ट में अब भी बच्चों के भी पॉजिटिव आने का सिलसिला भी जारी है। रविवार में 71 में से 18 वर्ष से कम उम्र के 27 बच्चे संक्रमित है। सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा के अनुसार रविवार को जिले से कुल 151 लोगों के सैम्पल लिए गए जिसमें से 39 की आरएटी जांच की गई तथा 112 के सैम्पल आरटीपीसीआर जांच के लिए भेजे गए। वहीं प्राप्त रिपोर्ट में 71 नये संक्रमित मिले। इनमें खमनोर ब्लॉक में 9 मरीज, केलवाडा ब्लॉक में 10 मरीज, देवगढ़ ब्लॉक में 5 मरीज, भीम ब्लॉक में 25 मरीज, रेलमगरा ब्लॉक में 13 मरीज, नाथद्वार शहरी ब्लॉक में 9 मरीज मिले।

जिले में अब कुल 662 एक्टिव मामले है। कोरोना की पहली लहर से लेकर अब तक जिले भर से कुल 2 लाख 51 हजार 416 लोगों के सेम्पल लिए गए है। इसमें से 22669 मरीज कोरोना संक्रमित पाए गए।

# वैर की ऐतिहासिक प्रताप नहर अपना अस्तित्व बचाने के लिए कर रही है संघर्ष

**वैर, (निसं)।** प्रताप नहर जो कभी कस्बा सहित प्रतापपुर क्षेत्रों के पानी के संकट को दूर करने के लिए बनाई गई थी। प्रशासन की अनदेखी व स्थानीय वाशिंदों की उदासीनता के चलते अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। रियासत कालीन 250 वर्ष प्राचीन ये नहर प्रतापकिला की सुरक्षा के लिए बनाई गई थी, जो अब अतिक्रमण का शिकार हो गई है। समय के अंतराल ने इसे मिट्टी से भर दिया है।

इस नहर से अतिक्रमण को हटाने व इसकी खुदाई करने की मांग स्थानीय लोग लंबे अरसे से करते चले आ रहे है। इस बीच भाजपा व कांग्रेस के मौनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और समस्या आज तक जस की तस बनी हुई है। दुखद बात यह है कि क्षेत्र के निवासी जगन्नाथ पहाड़िया मुख्यमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर रह चुके हैं परंतु वह भी इस समस्या का समाधान नहीं करा सके। भारतीय जनता पार्टी की तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया इस नहर की दुर्दशा का अवलोकन स्वयं कर चुकी है, भैरों सिंह शेखावत भी अपने मुख्यमंत्री काल में नहर की दुर्दशा को देख चुके हैं।

वर्तमान कैबिनेट मंत्री भजन लाल जाटव भी इसी क्षेत्र के निवासी हैं तथा इससे पहले कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं लेकिन किसी ने भी अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया है। ये नहर कभी पेयजल का मुख्य स्रोत रही थी जिसे किले की सुरक्षा के लिए किले के चारों तरफ खसरा नंबर 2314 में बनवाया गया था। इस नहर को बनाने में लगभग 22 बीघा भूमि काम में आई जो गैर मुमकिन नहर के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इस नहर का निर्माण राजा ने बड़ी तकनीकी व दूर दृष्टि के साथ कराया था। इसका पानी पेयजल के लिए ही नहीं बल्कि सिंचाई के काम में भी आता था। इसमें पानी की व्यवस्था इस तरह की गई थी कि हमेशा इसमें पहाड़ों से पानी बरसात में अपने आप ही आता था। पानी के मुख्य स्रोत के लिए अरावली पर्वतमाला के पास सीता बांध बनाया गया। जिसमें पानी भरने के पश्चात सीधा पानी इसी नहर में आता था।

नहर का पानी ओवरफ्लो होने के पश्चात इसके पानी का निकास इस तरह किया गया था कि बिना कस्बे के बाशिंदों को नुकसान पहुंचाए कुम्हेर गेट के पास नाले में होकर मुहारी बांध, लालपुर बांध में होते हुए बाणगंगा नदी में पहुंच जाता था। इस पानी से मुहारी, ऊनापुर, जीवद, लालपुर, गोविंदपुरा, जटवलाई, भोपर नावर आदि के गांव के किसान अपने खेतों की सिंचाई करते थे। लेकिन प्रशासन की अनदेखी व नेताओं की उदासीनता के कारण लोगों ने सीता बांध से आने वाली नहर के मुख्य रास्ते में अतिक्रमण कर लिया तथा पानी बहाव की भूमि को अपने खेतों में मिला लिया और पानी के बहाव का मुख्य रास्ता अवरुद्ध कर दिया जिससे नहर में पानी आना बंद हो गया और नहर सूखी रहने लगी इस स्थिति का फायदा आक्रमणकारियों ने उठाया जिन्होंने नहर की भूमि में ही मकान, शौचालय, बनाकर अतिक्रमण कर लिया।



वैर की ऐतिहासिक प्रताप नहर कचरा पात्र बन गई है।

- 250 वर्ष प्राचीन ये नहर प्रताप किला की सुरक्षा के लिए बनाई गई थी, जो अब अतिक्रमण का शिकार हो गई है
- प्रशासन की अनदेखी व स्थानीय वाशिंदों की उदासीनता के चलते अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है नहर
- तीन मुख्यमंत्री भी इस नहर की दशा को सुधार नहीं सके

## संक्षिप्त

### महानिदेशक का स्वागत

**श्रीमाधोपुर।** डॉ. अम्बेडकर पीठ जयपुर के नवनियुक्त महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल का ममम जयपुर से बीकानेर जाते समय प्रातः 10 :30 बजे डॉ.अम्बेडकर विचार समिति श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में कृष्णा होटल भैरूँजी मोड़ रींगस में नागरिक अभिनन्दन कर इस महत्वपूर्ण पदाभिषेक के लिए राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया गया। समिति के प्रवक्ता महेंद्र कुमार वर्मा के अनुसार इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य श्रीमती आशा देवी, कन्हैयालाल शार्दूल, सुखवीर सिंह बौद्ध , वेदप्रकाश बारोलिया सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जैन संत निपूर्ण नन्दी का मंगल प्रवेश

**मालपुरा।** आचार्य इंद्र नन्दी महाराज के सुयोग्य शिष्य बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज ससंघ का रविवार को मालपुरा शहर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के लोगों ने केकडी रोड पर महाराज की भव्य अगवानी व अभिनन्दन कर पादप्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। विमल कठमाणा ने बताया कि केकडी से अंहिसा का संदेश लेकर सम्मेद शिखर की 1700 किमी. की पदयात्रा पर निकले निपूर्ण नन्दी महाराज ससंघ का मालपुरा में मंगल प्रवेश होने पर बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने जैन धुनों पर बैण्ड वादन से भव्य स्वागत किया।

### हनुमान प्रदेश महासचिव बने

**निवाई।** राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने हनुमान चौधरी निवासी रजवास को सामाजिक एवं बेरोजगार छात्रहित में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए संगठन में प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। हनुमान चौधरी को प्रदेश महासचिव को जिला संगठन मंत्री किशनलाल चौधरी, बद्रीलाल जाट, ओमप्रकाश चौधरी, आसाराम जाट एवं धीरज जाट सहित कई कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया है।

### दो ट्रांसफार्मरों से कॉपर व ऑयल चोरी

**डिग्गी।** ग्राम पंचायत चौगाई के ग्राम गोरधनपुरा में चोर विद्युत पोल पर लगी दो विद्युत डीपी को क्षतिग्रस्त कर कॉपर और ऑयल चोरी कर ले गए। जब सुबह ग्रामीणों को पता चला तो ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को तुरन्त घटना की जानकारी दी। क्षेत्र में आए दिन अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। क्षेत्र में हो रही विद्युत डीपी चोरी की घटना के कारण ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

### आज चार घंटे विद्युत कटौती रहेगी

**मालपुरा।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय अविकानगर जेईएन रवि शंकर मीणा ने बताया कि अविकानगर सब स्टेशन से जुड़े चांदसेन, घाटी रोड, अविकानगर क्षेत्र में सोमवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव के चलते विद्युत कटोती रहेगी।

# घर पर ही मिले जरुरतमंद को उसका हक: विधायक सोलंकी

**चाकसू, (निसं)।** रविवार को कस्बे के उपखंड कार्यालय परिसर में सभी 22 विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विधायक सोलंकी ने मौके पर ही लाभार्थियों को 170 पट्टे वितरित किए। पट्टे मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी छा गई। वहीं विधायक ने वृद्ध व निराश्रितों को घर जाकर पट्टे देने की बात कही तो हर कोई हैरान रह गया।

- जनसुनवाई के दौरान विधायक ने 170 पट्टे बांटे
- पट्टे मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर छाई खुशी



चाकसू में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया।

जनसुनवाई को संबोधित करते हुए विधायक ने वादा किया कि जरुरतमंद को उसके हक का लाभ घर बैठे मिलेगा। इसके लिए उसे सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की कतई आवश्यकता नहीं हैं। अधिकारियों-कर्मचारियों को उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन की दिशा में ये अभियान राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही उन्होंने पूरी निष्ठा एवं सेवाभाव के साथ मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में खंडेलवाल नगर व धर्म दास कॉलोनी निवासियों ने बताया कि काफी दिनों से नगरपालिका में अपने मकान के पट्टे बनवाने के लिए चक्कर काटते काटते थक चुके थे ।आज जनसुनवाई के दौरान इन दोनों कॉलोनी के लोगों की समस्या को विधायक ने समझकर मौके पर ही तत्काल पैसे जमा करवाकर जल्दी ही पट्टे देने के निर्देश दिए। वार्ड नं 8 में विधवा व ब्लाइंड महिला शोभा देवी भी अपनी समस्या लेकर जन सुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंची तो विधायक ने नगरपालिका इओ को सुरक्षा निर्माण दिवार के पास खाली पड़ी जगह को तीन दिन मे मिट्टी डलवाने के आदेश जारी किये ।

इस दौरान उपखंड अधिकारी गोवर्धन लाल शर्मा, तहसीलदार अजीत बुंदेला सहित सभी 22 विभागों के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समस्त पार्षद एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

## शराब के ठेके को हटाने की मांग

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के कल्लावास गांव मुख्य रोड पर संचालित शराब के ठेके को ग्रामीणों ने वहां से हटाने की मांग की है। शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा एक पत्र रामगढ पचवारा थाना अधिकारी को लिखा गया है।

ग्रामीणों द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम में शराब का ठेका मुख्य रोड पर स्थित है जिससे वहां रहने वाले ग्रामीणों एवं स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन गंदी गालियां फब्तियां एवं छेड़खानी की जाती है। स्कूल के रास्ते में यह शराब का ठेका पड़ने के कारण किसी बड़ी घटना घटने के मद्देनजर अब अभिभावक अपने बालक को कोई स्कूल भेजना पसंद नहीं कर रहे हैं। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने अवगत कराया कि 2 दिन पहले जिसमें बालिका स्कूल जा रही थी उसी समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनको छोड़ने की कोशिश की गई जिसका पता हुआ पता दुकान वालों द्वारा लगाया गया। ग्रामीणों द्वारा शराब के ठेकों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने के बाद खासकर छात्र छात्राओं के साथ किसी अप्रिय वारदात घटने की आशंका को लेकर थाना अधिकारी से इस शराब के ठेके को हटाने की मांग करने के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकाली



**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 11 में स्थित बिज्यावाला के शिव मंदिर में 14 फरवरी सोमवार को शिव मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। ओम भाई, शिवपाल सैनी, श्रवण सैनी, सुरेश सैनी व अजय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रविवार प्रातः 11:15 बजे विद्युत कार्यालय के पास स्थित टिड्डी नाथ आश्रम से डीजे से नाचते गाते कलश यात्रा निकाली गई जो विभिन्न रास्तों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल शिव मंदिर पहुंची। सैनी के अनुसार 14 फरवरी सोमवार को दोपहर 12:15 बजे मूर्ति स्थापना के बाद प्रसादी का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसकी तैयारियों में हलवाई लड्डू बनाने में लगे हुए थे।

### विदाई एवं सम्मान समारोह

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के रुकमणी देवी पीजी कॉलेज में रविवार को विदाई एवं प्रतिभा समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बीए भाग तीन के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के समापन पर स्नातक स्तर की तीनों कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य मंजू गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन की प्रगति का मूल आधार है, क्योंकि शिक्षा के बिना मानव जीवन पशुवत है। खासकर लड़कियों के लिये शिक्षा की महती आवश्यकता है। क्योंकि लड़कियां दो कुल को जोड़ने का काम करती हैं। वहीं समारोह अध्यक्ष बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमलता सतावन ने कहा कि शिक्षित होने के साथ साथ हमें अनुशासित तथा संस्कारित होने की भी आवश्यकता है। विदाई समारोह का शुभारंभ राष्ट्र वंदना के साथ हुआ उसके साथ ही दर्जनों छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### बाइक रिक्शा को कार ने मारी टक्कर

**चाकसू।** कस्बे के बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग 52 बदनी की ढाणी के पास रविवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे से बाइक रिक्शा चालक एवं 4 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में दोनों को अचेत अवस्था में राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि नेशनल हाईवे पर ईटों से भरे हुए बाइक रिक्शा को एक कार ने टक्कर मार दी जिससे रिक्शा चालक विजय गुजराती उम्र 42 साल हाल निवासी वार्ड नंबर 20 महाराणा प्रताप कॉलोनी और उसका मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया है। कार चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

### जहर से विवाहिता की हालत बिगड़ी

**डिग्गी।** डिग्गी थाना क्षेत्र के बंबोरी गांव में आज रविवार दोपहर विवाहिता ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे विवाहिता की तबीयत खराब हो गई। परिजन तुरन्त प्रभाव से विवाहिता को डिग्गी अस्पताल ले आए। जहां डिग्गी अस्पताल प्रभारी अभिषेक सरावता ने पुलिस को सूचना देते हुए विवाहिता का उपचार चालू किया। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि विवाहिता संतरा देवी पत्नी बन्नालाल बागरिया उम्र 30 वर्ष ने अपने ही घर पर विषाक्त पदार्थ खा लिया था। हालत खराब होने पर परिजनों को पता चलते ही तुरन्त प्रभाव से डिग्गी राजकिय सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र डिग्गी लेकर आए जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने बताया कि विवाहिता की हालत अब ठीक है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 9 घायल

**टोंक।** सदर थाना क्षेत्र में ग्राम बाडाजेरेकिला इलाके में आपसी कहासुनी को लेकर खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें 9 घायल हो गए, जिनमें तीन जनों को गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बाडाजेरेकिला इलाके में आपसी कहासुनी को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक पक्ष के गुड्डू, अज्जू, संजू के गहरी चोटें आने पर जयपुर रैफर कर किया गया। पप्पन, नसरु, अली का उपचार सआदत अस्पताल में जारी है। दूसरे पक्ष में अक्कन, आकिल, सईद घायल हुए जिनको का भी उपचार सआदत अस्पताल में जारी है। दोनों पक्षों ने सदर थाना पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### आठवीं पैदल यात्रा रवाना



**पावटा।** ग्राम भांकरी में बाबा गोपाल दास महाराज के लिए पैदल यात्रा श्याम मंदिर से रवाना होकर दादाकाबास पहुंची। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गोपाल दास महाराज के मंदिर के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 वर्षों से लगातार यात्रा के दौरान इस बार 8वीं पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें गाजे बाजे के साथ हाथों में निसान लिए डीजे पर नाचते गाते रंग लगाते हुए पैदल चलते हैं। इस बार 251 ध्वज चढ़ाये गए। जिसमें राजू ककोडिया, दयाराम धनकड़, प्रकाश सैनी, लीलाराम धनकड़, हरी सिंह,सुणाराम धनकड़, राकेश धनकड़, कबुल जांगिड़, भूपेंद्र गढ़वाल, जयसिंह गिठाला, रमेश आदि समस्त ग्राम जनता भांकरी एवं दादाकाबास मौजूद रहे।

## सांभर में ख्वाजा साहब का 703 वां उर्स शुरू

- अमन चैन की दुआयें मांगी

**सांभरझील, (निसं)।** यहां पुरानी धानमण्डी स्थित दरगाह शरीफ में रविवार से ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती जिगर सोख्ता रहमतुल्लाह अलेह का 703 वां उर्स शुरू हुआ। अजमेर हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स के कुल की रस्म अदा होने के बाद अब यहां पर उर्स परवान पर है।

हजारों की संख्या में राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों से भारी संख्या में जायरीनों का आना पहले से ही तांता लगा हुआ है। ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश कर जायरीनों की ओर से देश में अमन चैन व तरक्की की दुआयें मांगी जा रही है। अकीदमंदों की ओर से जियारत की जा रही है, आने वाले जायरिनों को दरगाह खादिम अलताफ अहमद की ओर से जियारत करवायी जा रही है। उर्स की व्यवस्था को बेहतर तरीके से निभाने के लिये अंजुमन हुसामियां इस्लामियां कमेटी, दरगाह शरीफ खास ख्याल रख रही है। इसी क्रम में आज दरगाह में बाद नमाज इशा महफिले समा हुयी। अजमेर दरगाह दीवान सैय्यद जैनुल आबेदीन अली खां के पुत्र सैय्यद नसीरूद्दीन अली खान के उर्स के मौके पर सांभर आने पर उन्हें बैण्ड बाजों के साथ लाया गया। इस मौके पर वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी ने अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर अब्दुल हमीद कादिर, फुलेरा के अयूब खान की मौजूदगी में अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत किया। इससे पहले फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता विद्याधर सिंह चौधरी की तरफ से आने वाले जायरिनों के लिये एक दिन का लंगर दिया गया। इस मौके पर चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, रमेश चौधरी, सदर नदीम कुरेशी, केशियर मुज्जफर रहमान, पार्षद वकार युनुस, पार्षद सलीम मोहम्मद, शकील अहमद सहित अनेक की मौजूदगी रही।



**टोंक में सदर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी कराई। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में सदर थाना इंचार्ज गणपतसिंह ने मय जाप्ते के साथ रविवार को ड्रोन कैमरे से बनास नदी में अवैध बजरी खनन की रोकथाम हेतू व अन्नपूर्णा डूंगरी, संतोष नगर, पीली तलाई में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतू ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी करवायी।**

## ब्राह्मण समाज की बैठक में राज्य सरकार का आभार जताया

**लालसोट।** मंडावरी कस्बे स्थित परशुराम सेवा सदन में रविवार को ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। ब्राह्मण समाज की बैठक में हाल ही में राज्य सरकार द्वारा विप्र बोर्ड का गठन कर उसमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति करने को लेकर समाज बंधुओं द्वारा सरकार का आभार जताया गया।

गॉड सनाढ्य ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सदस्यों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने सहित सामाजिक विकास को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के सदस्यों द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस दौरान पौराणिक वैदिक पद्धित पर आधारित शिक्षा को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सीताराम ढन्ढ वाला व उपाध्यक्ष हुकम चंद हिंडोनिया द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने सहित परशुराम धर्मशाला निर्माण को गति देने पर भी चर्चा की गई। वही बैठक के दौरान धर्मशाला निर्माण को लेकर सामाजिक सदस्यों से अपेक्षित सहयोग को लेकर भी प्रेरित किया गया।

इस दौरान परशुराम धर्मशाला परिसर में अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद परशुराम भगवान के जयकारों के साथ पोष बड़ा कार्यक्रम पंगत प्रसादी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सीताराम ढन्ढ, उपाध्यक्ष हुकम हिंडोनिया रामअवतार सिद्ध, खेमचंद इंदौरिया मदन मोहन जेली, बिरजु पान वाले, रामचरण भेडोल्या, शिवकुमार बंड, रमेश ढन्डवाला, अशोक पान वाला, रामधन बाबूजी गिर्राज सुदामा बृजमोहन जैमिनी, शिवकुमार शर्मा बंण्ड, विनोद द्विवेदी, सीताराम जेली, राजेन्द्र, कैलाश मिश्र, मदन मोहन जेली सहित कई ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

## गुमशुदा को दस्तयाब किया

**फुलेरा।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा गुमशुदाओं को दस्तायब करने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मिलाप अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन व फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मंदबुद्धि गुमशुदा युवक को मात्र 4 घंटे में ही दस्तायब किया गया है। जानकारी देते हुए थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार को प्रातः 7 बजे पांचबत्ती चौराहा फुलेरा निवासी जीओराम बंजारा ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरा लड़का मनफूल बंजारा जो मंदबुद्धि का है। शुक्रवार की रात को बिना बताए घर से चला गया। जिसकी आसपास में तलाश की गई परंतु नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर संभावित स्थानों पर तलाश करते हुए मंदबुद्धि गुमशुदा युवक मनफूल बंजारा उम्र 20 वर्ष को नागौर जिले के नावां से दस्तायब किया है।

## विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों को आगामी बजट में शामिल करने की मांग की

**निवाई, (निसं)।** विधायक प्रशांत बैरवा ने आगामी बजट 2022-23 में चुनाव घोषणा पत्र के प्रस्तावों को शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में विधायक प्रशांत बैरवा ने निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के कार्यो को बजट 2022-23 में पूर्ति करने का आग्रह किया है। पत्र में बताया कि उपखण्ड क्षेत्र निवाई में राजकीय महाविद्यालय को स्नातकोत्तर, इतिहास व भूगोल कक्षाएं प्रारंभ करवाने, कृषि बजट में निवाई में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मस्टर्ड सरसों उत्कृष्टता केन्द्र बनाने, मुख्यालय पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अधिशाषी अभियंता कार्यालय खोलने, पशु पोलि क्लिनिक की स्थापना, गांव चैनपुरा में मिनी एग्रो पार्क की स्थापना, विधानसभा क्षेत्र निवाई में सिंचाई हेतु ईसरदा बांध का पानी उपलब्ध करवाने हेतु डीपीआर बनाकर स्वीकृत करने, बजट घोषणा 2021-22 में घोषित कृषि महाविद्यालय झिलाय के भवन के लिए बजट स्वीकृत करनेए ट्रोमा अस्पताल के भवन हेतु बजट स्वीकृत करने, मुख्यालय पर बीएड कॉलेज की स्थापना, ग्राम पंचायत झिलाय में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, ग्राम पंचायत लुहारा के गांव भुरटिया में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, उप तहसील दतवास को तहसील में ऋमोन्त करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दतवासए राहोली व चैनपुरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऋमोन्नत करने, निवाई बस स्टेण्ड का नवीनीकरण करवाये जाने, विधानसभा क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज की स्थापना व विधानसभा क्षेत्र के वंचित राजस्व गांवों को प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने की मांग की है।

## बघेरे को पकड़ने की मांग

**निवाई, (निसं)।** गांव किवाडा में 10 दिन से खेतों में घूम रहे बघेरे को पकड़ने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रमेशचंद जाट के नेतृत्व में उप वन संरक्षक श्रवण कुमार को ज्ञापन दिया है।

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि 10 दिन से बघेरा गांव किवाडा में आबादी क्षेत्र के पास खेतों में घूम रहा है जिससे किसानों में भय व्याप्त है। खेतों में बघेरा घूमने से रबी की फसल की कटाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बघेरे के लगातार मूमेंट के बारे में वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी 10 दिन में बघेरे के पदचिन्ह देखकर पंचनामा बनाकर केवल औपचारिकता पूरी की है। बघेरे के कारण सरसों की कटाई बाधित हो रही है। ज्ञापन में चेतावनी देते हुए उप वन संरक्षक को अवगत कराया कि अगर किसी किसान को जान माल का कोई नुकसान होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। वन विभाग द्वारा बघेरे को पकडने के लिए अविलंब कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई तो भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसान उप वन संरक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वाले रामप्रसाद जाट, हनुमान जाट, छीतरलाल जाट, केदार जाट, रामसहाय जाट, गिरधारी स्वामी, बजरंगलाल स्वामी, शिवजीलाल जाट, रामराय जाट सहित किसान मौजूद थे।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

**चौरू/उनियारा, (निसं)।** उनियारा में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी लेने पर कम उपलब्धियां होने पर नाराजगी जताते हुए चिकित्सा अधिकारियों को इस योजना में प्रगति लाने के दिशा निर्देश दिए। ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान वार्डों, ऑपरेशन थियेटर,लेबर रूम, परिसर आदि में साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लेते हुए नियमित सफाई व्यवस्था सुचारू बनाएं रखने के भी दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में प्रति दिन के आउट डोर-इन डोर में मरीजों की संख्या, दवाईयों का स्टोक, मेडिकल रिलीफ सोसायटी में रोगियों की पर्ची से होने वाली आय व्यय की भी विस्तार रुप से जानकारियां ली।

- चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में कम प्रगति पर जताई नाराजगी, आवश्यक दिशा निर्देश दिए



**उनियारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

उन्होंने बताया कि उनियारा चिकित्सालय का नया भवन भी लगभग बनकर तैयार हो चुका है और इसमें जो भी छोटी मोटी कमियां रह गई हैं उसे पूरा करवाने के संवेदक को दिए निर्देश दिए गए हैं। यथाशीघ्र ही चिकित्सालय को नया भवन में शिफ्ट करवा दिया जाएगा। जिला कलेक्टर चिन्मय गोपाल के उनियारा सामुदायिक चिकित्सालय में अचानक सवेरे ही आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचने पर चिकित्सा अधिकारियों तथा कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर लगभग साढ़े तीन घंटे अस्पताल में रुक कर बारिकियों से जानकारियां लेती रही। इस दौरान उपखंड अधिकारी रजनी मीणा,जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक यादव, उनियारा चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉक्टर रविंद्र खींची सहित कई चिकित्साकर्मी मौजूद थे।

## डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर को खंडित करने वाला गिरफ्तार

**फुलेरा।** मकान पर लगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर को तोड़कर बहुजन समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक वातावरण को दूषित करने का प्रयास करने के आरोपियों को फुलेरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वारदात के मात्र 3 दिन में ही गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि मिश्र कॉलोनी निवासी गोपाल लाल पुत्र गिरधारी लाल जाति बलाई ने 10 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 9 फरवरी की रात्रि को मेरे मकान पर लगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर को अज्ञात व्यक्तियों ने पत्थर मारकर खंडित कर दिया। जिससे हमारे बहुजन समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंची है। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू करते हुए घटना के मात्र 3 दिन में ही खुलासा करते हुए आरोपी राहुल चौधरी पुत्र गंगाराम जाति जाट उम्र 18 वर्ष निवासी इरोलाव तन तेज्या का बास थाना क्षेत्र सांभर लेक को गिरफ्तार किया है।

# सड़क निर्माण के मापदंडों की सूचना सार्वजनिक करने की मांग

- शहरवासियों ने जताई नाराजगी

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र में मुख्यमंत्री बजट घोषणा की बन रही 10 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण वाली जगहों के साथ किन मापदंडों में इन सड़कों का निर्माण होना है उनकी सार्वजनिक सूचना प्रदर्शित नहीं करने के बाद शहरवासियों में नाराजगी व्याप्त है।

शहरवासियों ने बताया कि मौजूदा समय में फर्म हीरालाल सैनी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। शहर वासियों ने बताया कि वह सड़क निर्माण को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण वाली जगह पर किस तरह किन मापदंडों में सड़क का निर्माण किया जाना है उसकी सूचना सार्वजनिक नहीं होने के कारण वे सड़क निर्माण गुणवत्ता की निगरानी नहीं कर पा रहे हैं। सड़क निर्माण से जुड़ी सूचना सार्वजनिक नहीं होने के कारण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा सड़क निर्माण गुणवत्ता पूर्ण है या उसमें अनियमितता की जा रही है यह भी स्थिति साफ नहीं हो पाती है।

शहर वासियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिस दिन स्थानीय विधायक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में बनने वाली इन 10 किलोमीटर लंबी सड़कों का शिलान्यास किया गया था उसी समय सार्वजनिक रूप से शहर वासियों से बनने वाली सड़क की गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए कहां गया था। लेकिन अधिकारियों व ठेकेदार की आपसी सांठगांठ कहीं जाए या फिर सड़क निर्माण संबंधित सूचना सार्वजनिक करने मे उदासीनता बरतना कहा जाए इस फेर में शहरवासी बन रही सड़कों की गुणवत्ता एवं मापदंड की जानकारी नहीं होने के कारण व सड़कों की गुणवत्ता निगरानी नहीं कर पा रहे हैं। शहरवासियों द्वारा सड़क निर्माण वाली जगहों पर बन रही सड़कों के मापदंड वह नियम संबंधी जानकारी मौके पर प्रदर्शित करने की मांग की है।



यह अब भी उन लोगों की तरह चुनौतीपूर्ण नहीं है जो सेना में है। जो लोग महीनों और वर्षों तक शून्य से कम तापमान में रहते है। दुनियां में ऐसी ओर भी कई चीजें में जो इससे अधिक चुनौतीपूर्ण है। बायोबबल भी चुनौतीपूर्ण है और मैं इसका सम्मान कर रहा हूं। लेकिन मैं सकारात्मक पक्ष देखता हूं। - संदेश झिंगन

भारतीय फुटबॉलर, बायोबबल पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** टी. नटराजन



**भारतीय** क्रिकेट टीम के बांए हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने कहा है कि वह कोविड 19 और चोट के कारण 2021 का अधिकांश सीजन छोड़ने के बाद अब पुराने नटराजन के रूप में वापसी करना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले चरण के दौरान नटराजन के घुटने में चोट लग गई थी। इस कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। जब वह यूएई में खेले गए दूसरे चरण से पहले वह कोविड19 से संक्रमित हो गए थे। उन्होंने क्रिकइन्फो से कहा, मैंने पहले आईपीएल और फिर भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए लोग मुझसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों में से 6 देश ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, भारत और श्रीलंका अपना पहला टैस्ट मैच इंग्लैंड के विरुद्ध खेले है।

## औरेंज आर्मी में शामिल होने को लेकर उत्साहित हूं : पूरन

नयी दिल्ली 13 फरवरी। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने रविवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद



(एसआरएच) के साथ अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। पूरन को आईपीएल मेगा नीलामी के पहले दिन शनिवार को एसआरएच ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा। पूरन ने ट्विटर पर एसआरएच द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा,मैं एसआरएच परिवार का हिस्सा बनकर खुश हूं, मैं एक और मौके का इंतजार नहीं कर सकता। आप लोगों के साथ पहले सीजन की तलाश में हूं। मैं ऑरेंज आर्मी में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं।

## डॉ. कृष्णा पूनिया आज संभालेंगी कार्यभार

जयपुर, 13 फरवरी। विधायक-सार्दुलपुर, पदमश्री, ओलम्पियन, अर्जुन अवार्डी व एशियाई खेलों व राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पूर्व



एथलीट डा. कृष्णा पूनिया सोमवार को अपरान्ह 12 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के मुख्यालय पर अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् का कार्यभार संभालेगी। डॉ. कृष्णा पूनिया के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रदेश सरकार के कई मंत्रीगण, विधायकगण, ख्यातिनाम खिलाडी, राज्य खेल संघों के पदाधिकारीगण, राज्य क्रीड़ा परिषद् के अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण, कर्मचारीगण आदि भी मौजूद रहेंगे। वहीं सतबीर चौधरी मनोनीत उपाध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् भी सोमवार को ही अपरान्ह 12 बजे अपना कार्यभार संभालेंगे।

## पंजाब व लखनऊ ने ऑलराउंडर्स पर खर्ची मोटी रकम

बेंगलुरु, 13 फरवरी। 2014 सीजन के उप विजेता पंजाब किंग्स और नई आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2022 आईपीएल की मेगा नीलामी में ऑलराउंडर्स पर मोटी रकम खर्च की है। नीलामी के पहले दिन शनिवार को क्रमशः नौ करोड़ और 3.80 करोड़ रुपए में भारतीय अनकैप्ड ऑलराउंडर्स शाहरुख खान और हरप्रीत बराड़ को खरीदने के बाद पंजाब किंग्स ने रविवार को तीन ऑलराउंडर्स को खरीदा, जिन पर उसने 19.50 करोड़ रुपए खर्च किए। पंजाब ने आज सबसे महंगी 11.50 करोड़ रुपए की बोली लगा कर इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को टीम में शामिल किया। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर ओडिन स्मिथ, जो वर्तमान में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं, को छह करोड़ रुपए में खरीदा। पंजाब किंग्स ने अंत में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2022 में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले राज बावा को दो करोड़ रुपए खर्च कर टीम में जोड़ा। पंजाब किंग्स अब तक 18 खिलाड़ी खरीद चुका है, जिसमें सात ऑलराउंडर हैं। अब उसके पास पर्स में 5.90 करोड़ रुपए की राशि शेष बची है। वहीं लखनऊ की बात करें तो उसने भी नीलामी के पहले दिन अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर सहित तीन ऑलराउंडर्स को खरीदा। दो अन्य ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या और दीपक हुड्डा हैं।

## बड़े नामों में फ्रेंचाइजियों ने नहीं दिखाई रुचि

बेंगलुरु, 13 फरवरी। आईपीएल 2022 नीलामी के दूसरे दिन रविवार को फ्रेंचाइजियों ने बड़े नामों में कोई रुचि नहीं दिखाई। नीलामी के दूसरे दिन लंच तक 43 खिलाड़ियों के लिए बोली लगी, जिसमें से 20 खिलाड़ियों को खरीददार मिले, जबकि 23 खिलाड़ी नहीं बिके। इन 43 खिलाड़ियों में 10 बड़े विदेशी खिलाड़ियों पर भी आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने बोली नहीं लगाई। इनमें इंग्लैंड की सफेद गेंद टीम के कप्तान इयोन मोर्गन (1.50 करोड़) और ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद टीम के कप्तान आरोन फिंच (1.50 करोड़) सहित डेविड मलान (1.50 करोड़), नाथन कोल्टर नाइल (करोड़), क्रिस जॉर्डन (करोड़), तबरेज शम्सी (एक करोड़), लुंगी एनगिदी (50 लाख), जिमी नीशम (करोड़), ईश सोढ़ी (50 लाख) और शेल्डन कॉट्रेल शामिल रहे। सात विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगी और सबसे महंगे इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन बिके, जिन्हें पंजाब किंग्स ने 11.50 करोड़ रुएए में खरीदा। पंजाब किंग्स ने छह करोड़ रुपए खर्च कर एक और ऑलराउंडर ओडिन स्मिथ को भी खरीदा। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज मार्को यान्सन को 4.20 करोड़ और उनके हमवतन एडन मारक्रम 2.60 करोड़ में खरीदा। वहीं गुजरात टाइट्स ने कैरेबियाई ऑलराउंडर डोमिनिक ड्रेक्स को 1.10 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाजी दुष्मंता चमीरा को दो करोड़ रुपए और चेन्नई सुपर किंग्स ने श्रीलंकाई स्पिनर महेश दीक्षाना को 70 लाख रुपए में टीम में शामिल किया। इस बीच आठ अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में से केवल रिंकू सिंह और मनन वोहरा को ही खरीददार मिले।

# पंजाब ने लिविंगस्टोन को साढ़े 11 करोड़ और मुंबई ने जोफ्रा आर्चर को 8 करोड़ में खरीदा

बेंगलुरु, 13 फरवरी। टी20 क्रिकेट के नए सुपरस्टार लियाम लिविंगस्टन के लिए कोलकाता और पंजाब के बीच टकराव के बाद गुजरात टाइटंस भी उतरे मैदान में। लेकिन साढ़े 11 करोड़ी बनकर लिविंगस्टन खेलेंगे पंजाब के लिए जबकि मुम्बई इंडियंस ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चोटिल होने के बावजूद आठ करोड़ रुपये की कीमत पर खरीद लिया। मुंबई ने सिंगापुर में जन्मे अनकैप्ड ऑलराउंडर टिम डेविड को सवा आठ करोड़ रुपये में खरीदा। भारत के ख़िलाफ़ लंबे छक्के लगाने की क्षमता से सभी को प्रभावित करने वाले वेस्ट इंडीज के ओडीन स्मिथ के लिए टीमों के बीच छिड़ी जंग। आख़िरकार छह करोड़ की मोटी रक़म देकर पंजाब ने ख़रीदा ओडीन को जबकि जिमी नीशम और क्रिस जॉर्डन रहे अनसोल्ड, वहीं डॉमिनिक ड्रेक्स, विजय शंकर और जयंत यादव को गुजरात ने अपना ऑलराउंडर बनाया।

बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ मार्को यानसन को मुंबई से छीनकर 4 करोड़ 20 लाख में अपना खिलाड़ी बनाया सनराइज़र्स हैदराबाद ने। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे को ख़रीदने में सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स ने दिलचस्पी दिखाई और वह 4 करोड़ में चेन्नई के लिए खेलेंगे। 90 लाख में कृष्णप्पा गौतम गए लखनऊ की नगरी और इसी के साथ यह सेट हुआ समाप्त।





दूसरे दिन की नीलामी शुरू हुई कैप्ड बल्लेबाज़ों के सेट के साथ। पहला नाम हैं साउथ अफ्रीका के एडन मारक्रम का। 2 करोड़ 60 लाख में हैदराबाद के लिए खेलेंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे एक करोड़ में बने कोलकाता के नाइट राइडर। डेविड मलान, इयोन मॉर्गन, सौरभ तिवारी, आरोन फ़िंच और मार्नस लाबुशेन को नहीं मिला कोई ख़रीदार। आरसीबी और पंजाब के लिए खेलने के बाद अब दिल्ली के लिए खेलेंगे मंदीप सिंह। चेतेश्वर पुजारा भी रहे अनसोल्ड।

अगले सेट में होंगे तेज़ गेंदबाज़, चेतन सकारिया और जयदेव उनादकट पर लग सकती हैं बड़ी बोलियां। इशांत शर्मा, नाथन कोल्टर-नाइल और लुंगि एनगिडी रहे अनसोल्ड। वहीं सवा 5 करोड़ में ख़लील अहमद की बाज़ी मारी दिल्ली के कैपिटल्स ने। बेंगलुरु को पछाड़कर 2 करोड़ में दुष्मंत चमीरा को ख़रीदा लखनऊ ने। चेतन सकारिया में रुचि दिखाई बेंगलुरु और राजस्थान ने लेकिन अंत में 4 करोड़ 20 लाख में उन्हें ख़रीदने में क़ामयाब हुई राजधानी दिल्ली। पंजाब के संदीप शर्मा गए पंजाब किंग्स के पास। मुंबई को मात देकर नवदीप सैनी को 2.60 करोड़ में अपना रॉयल बनाया राजस्थान ने। जयदेव उनादकट लगभग अनसोल्ड होने वाले थे लेकिन अंतिम समय पर मुंबई ने बोली की शुरुआत की और चेन्नई को पीछे छोड़कर जयदेव को 1 करोड़ 30 लाख में ख़रीदा मुंबई ने।

अनकैप्ड बल्लेबाज़ों में विराट सिंह और हिम्मत सिंह को ख़रीदने की हिम्मत किसी ने नहीं की। हिमांशु राणा, सचिन बेबी और अंडर-19 विश्व विजेता हरनूर सिंह को भी नहीं मिला ख़रीदार। 55 लाख देकर रिंकू सिंह को केकेआर ने अपनी टीम में वापस बुलाया। वहीं बेस प्राइस में लखनऊ गए मनन वोहरा। आंध्र प्रदेश के रिकी भुई के अनसोल्ड जाने के बाद यह सेट हुआ ख़त्म।

तेज़ गेंदबाज़ों के बाद अब नंबर आ गया स्पिनरों का। मयंक मार्कंडेय लौटेंगे मुंबई के खेमे में। तबरेज़ शम्सी और क़ैस अहमद को नहीं मिला कोई ख़रीदार। शाहबाज़ नदीम गए बेस प्राइस में लखनऊ के पास। श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश थीक्षना को अपने दल में जोड़ा चेन्नई ने। कर्ण शर्मा, पीयूष चावला और ईश सोढ़ी में किसी ने नहीं दिखाई दिलचस्पी।

दिन के अंत में, त्वरित नीलामी में कुल 106 खिलाड़ियों पर बोली लगाई गयी। त्वरित नीलामी का पहला नाम है फ़िन ऐलेन। राजस्थान के रॉयल्स को हराकर बेंगलुरु ने अपना रॉयल चैलेंजर बनाया उन्हें 80 लाख में। उनके कीवी साथी डेवन कॉन्वे करोड़पति बनकर चले चेन्नई। ऐलेक्स हेल्स, रासी वान दर दुसें, चरिथ असलंका और एविन लुइस अनसोल्ड रहे। टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय करुण नायर को भी नहीं मिला ख़रीदार। वेस्टइंडीज़ के बल्लेबाज़ रोवमन पॉवेल पर चेन्नई और दिल्ली ने जताया भरोसा। 2 करोड़ 60 लाख में दिल्ली ने उन्हें अपना फ़िनिशर बनाया।

## पुरानी चोट के कारण आफरीदी ने 7 साल के पीएसएल करियर को अलविदा कहने का मन बनाया

इस्लामाबाद, 13 फरवरी। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहीद आफरीदी ने लगातार पीठ की समस्या से परेशान होने के कारण अपने सात साल के पाकिस्तान सुपर लीग करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। अनुभवी क्रिकेटर ने यह भी कहा है कि उन्होंने इस सीजन के पीएसएल में केवल प्रशंसकों के लिए हिस्सा लेने का फैसला किया था।



आफरीदी ने रविवार को एक सोशल मीडिया संदेश में कहा, मैं अच्छी तरह से पीएसएल छोड़ने की कोशिश कर रहा था। मेरी पीठ के निचले हिस्से में चोट 15-16 साल से है और मैं काफी लंबे समय से इसके साथ ही खेल रहा हूं, लेकिन अब यह इतनी गंभीर हो गई है कि इसने मेरे कमर, मेरे घुटने को प्रभावित किया है और इससे मेरे पैर की उंगलियों में बहुत ज्यादा दर्द होता है। मैंने इससे निपटने की कोशिश की, लेकिन अब दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकता। आखिरकार, जब आपका स्वास्थ्य अच्छा होता है, तो दुनिया आपके साथ होती है। मैं वापस जाऊंगा और अपनी फिटनेस पर काम करूंगा। क्रिकेट आ रहा है, इसलिए मैं जल्द ही अपने प्रशंसकों के सामने फिर से लौटूंगा।

## सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन को मुंबई इंडियंस ने 30 लाख में खरीदा

बेंगलुरु, 13 फरवरी। क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2022 की नीलामी में रविवार को 30 लाख रुपये में खरीदा। मुंबई ने अर्जुन के लिए पहले बोली लगाई । गुजरात टाइटंस ने भी हाथ आजमाया लेकिन अर्जुन के लिए आखिरी बोली मुंबई की ही रही।



अर्जुन आईपीएल 2022 की बड़ी नीलामी के अंतिम चरण में बिके। कुल 23 खिलाड़ी इस सूची का हिस्सा थे। पहले दो खिलाड़ी मोहम्मद नबी और उमेश यादव जाएंगे कोलकाता। राजस्थान ने ख़रीदा रैसी वान डेर डुसेन, डैरिल मिचेल, नाथन कॉल्टर-नाइल और जिमी नीशम को। इशांत शर्मा, ऐंड्रयू टाय, रोहन कदम, समीर रिज़वी और क़ैस अहमद अनसोल्ड ही रहेंगे। अंडर-19 विश्व विजेता विकी ओस्तवाल खेलेंगे दिल्ली के लिए। सिद्धार्थ कौल और लवनिथ सिसोदिया खेलेंगे बेंगलुरु के लिए। बी साई सुदर्शन बने गुजरात के नए टाइटन। फ़ेबियन ऐलेन के साथ आर्यन जुयाल गए मुंबई।

## चोट के कारण स्मिथ श्रीलंका के खिलाफ शेष टी-20 मैचों से बाहर



कैनबेरा, 13 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी-20 सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार स्मिथ को अगले कुछ दिनों के लिए निम्न स्तर के प्रोटोकॉल के अधीन रखा जाएगा और 6-7 दिनों में उनके पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद है। यहां रविवार को दूसरे रोमांचक टी-20 मैच में आखिरी ओवर में छक्का बचाने की कोशिश में स्मिथ के सिर में चोट लग गई थी। उन्होंने मिडविकेट में बाउंड्री के पास महेश थीक्षाना के शॉट को रोकने के लिए फुल लेंथ डाइव लगाई थी, लेकिन गेंद उनके सिर पर लग गई और उनका पैर भी रस्सियों को छू गया। परिणामस्वरूप अंतिम गेंद पर छक्का और एक चौका लगा, जिससे मैच सुपर ओवर में चला गया, हालांकि इसमें ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल हुई।

## पंजाब किंग्स जल्द घोषित करेगी कप्तानी का नाम

बेंग्लुर, 13 फरवरी। पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने रविवार को कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी अपने कप्तान को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है और जल्द ही उसके नाम की घोषणा की जाएगी। आईपीएल नीलामी 2022 से इतर उन्होंने कहा, ''हमारे पास कप्तान है, जिसकी घोषणा हम जल्द ही करेंगे। हम स्पष्ट हैं कि हमारा कप्तान कौन है।'' उन्होंने कहा कि फ्रैंचाइजी लियाम लिविंगस्टोन और ओडिन स्मिथ को पाकर बहुत खुश है और टीम के संतुलन को लेकर भी संतुष्ट है। वह टी20 क्रिकेट में निचले क्रम में बड़े हिटर हैं। विंडीज खिलाड़ी ने अपनी प्रतिष्ठा दिखाते हुए भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 157.89 की स्ट्राइक रेट से दो मैचों में 60 रन बनाए और ऋषभ पंत और विराट कोहली सहित तीन विकेट हासिल किए। वह 2021 कैरेबियन प्रीमियर लीग में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी थे। वहीं इंग्लैंड के ऑलराउंडर लिविंगस्टोन को खरीदने के लिए पंजाब, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंत में पंजाब उन्हें खरीदने सफल रही।

## बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच सिडन्स कोरोना संक्रमित

ढाका, 13 फरवरी। बंगलादेश के नए बल्लेबाजी कोच जेमी सिडन्स को कोविड-19 वायरस से संक्रमित पाये गये हैं।बंगलादेश स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह सूचना दी। सिडन्स को 10 फरवरी को बंगलादेश के बल्लेबाजी कोच के रूप में घोषित किया गया था, जब एशवेल प्रिंस ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले, सिडन्स ने 2007 से 2011 तक बंगलादेश के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था।

## सुपर ओवर में जीता ऑस्ट्रेलिया, 2-0 की बढ़त बनाई



सिडनी, 13 फरवरी। ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस के दो चौकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हरा कर दिया। इसी के साथ आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली।

मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंकाई टीम पारी के 20वें और आखिरी ओवर में 18 रन बटोरने की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाने में कामयाब रही और मैच सुपर ओवर में चला गया, जिसमें श्रीलंका ने पहले खेलते हुए महज पांच रन ही बनाई और आस्ट्रेलिया ने स्टॉयनिस के दौ चौकों से तीन गेंदों पर नौ रन बना कर मैच जीत लिया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने पांच चौकों की मदद से 32 गेंदों पर सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कप्तान आरोन फिंच ने तीन चौकों के सहारे 20 गेंदों में 25 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भी अंत में एक चौके और एक छक्के की मदद से चार गेंदों पर ताबड़तोड़ 13 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में जोश हेजलवुड ने चार ओवर में 22 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। उनके अलावा पैट कमिंस, केन रिचर्डसन, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा ने एक-एक विकेट लिया। हेजलवुड को शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



जयपुर पोलो सत्र में खेले जा रहे एसएमएस गोल्डवास कप के खिताबी मुकाबले में लॉस पोलिस्ट्स पोलो ने बेदला पोलो को साढ़े पांच के मुकाबले आठ गोल से हराया। लॉस पोलिस्ट्स के लिए मैन्युअल फर्नोवडैज ने तिकड़ी सहित 6, ले. कर्नल विशाल चौहान और हुर अली ने एक-एक गोल किया। आधे गोल के लाभ के साथ उतरी बेदला पोलो के लिए लॉस वाटसन ने दो, भवानी कालवी, धन्यंजय सिंह और राव हिम्मत सिंह बेदला ने एक-एक गोल किया।

## स्कीयर आरिफ खान पहली दौड़ में 53वें स्थान पर रहे

बीजिंग, 13 फरवरी। भारतीय उच्च पर्वतीय स्कीयर मोहम्मद आरिफ खान रविवार को 1:22:35 का समय निकालकर पुरुष जाइंट स्लैलम की पहली स्की दौड़ में 53वें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में दूसरी स्की दौड़ का आयोजन उसी दिन कुछ अंतराल के उपरांत होगा।

## फ्रांस ने भारत को 5-2 से हराया

पोटचेफस्ट्रूम, 13 फरवरी। फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम ने भारत से आठ फरवरी को मिली 0-5 की शिकस्त का बदला लेते हुए उसे यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 के मैच में 5-2 से हरा दिया। फ्रांस की डिफेंस संरचना को भारतीय फॉरवर्ड लाइन के लिए तोड़ना आसान नहीं था। इसी के साथ पहले क्वार्टर में कोई भी गोल नहीं कर पाई और यह गोल रहित रहा। फ्रांस ने हालांकि दूसरे क्वार्टर



की शुरुआत में ही पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर 1-0 की बढ़त ले ली। डिफेंडर विक्टर चार्लेट ने यह गोल दागा। भारत ने भी हालांकि पलटवार किया और 22वें मिनट में जरमनप्रीत के शानदार फील्ड गोल से स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरा क्वार्टर इसी स्कोर पर समाप्त हुआ।

दूसरा क्वार्टर 1-1 से बराबर रहने के बाद फ्रांस तीसरे क्वार्टर में काफी हावी रहा। क्वार्टर के पहले पांच मिनट के अंदर ही फ्रांस ने गोल दाग कर फिर से बढ़ त ले ली। विक्टर लॉकवुड ने कप्तान गैस्पर्ड बॉमगार्टन की सहायता से 35वें मिनट में शानदार शॉट लगाया जो सीधे भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश के पैरों के बीच से निकल कर गोलपोस्ट में गया। फ्रांस की 2-1 की बढ़त ने भारत को फिर काफी दबाव में डाल दिया।

भारत की तरफ से डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह (22) और उप कप्तान हरमनप्रीत सिंह (57) गोल स्कोरर रहे, जबकि फ्रांस के लिए विक्टर चार्लेट (16, 59) ने दो और विक्टर लॉकवुड (35), चार्ल्स मेसन (48) और क्लेमेंट टिमोथी (60) ने एक-एक गोल किया।

नीदरलैंड के खिलाफ पिछला मैच 2-2 से ड्रा होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हारने के बावजूद फ्रांस आज भारत के खिलाफ आत्मविश्वास से भरा हुआ लगा और अच्छा खेल दिखाते हुए भारत को 5-2 से हरा कर अपनी पिछली हार का बदला लिया। फ्रांस ने मैच में अच्छा बचाव किया और सुनिश्चित किया कि भारत अच्छी शुरुआत न कर पाए। बेशक भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिक कब्जा रखा और स्ट्राइकिंग सर्कल में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन

# मैं हमेशा चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलना चाहता हूं : दीपक चाहर

मुंबई, 13 फरवरी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के द्वारा 14 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के एक दिन बाद दीपक चाहर ने कहा कि उन्हें हमेशा से पता था कि वह सीएसके की टीम में ही जाएंगे। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2022 की नीलामी में दीपक अब तक के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी है। दीपक को सीएसके ने रिटेन नहीं किया था। इसके बावजूद दीपक को भरोसा था कि उनके लिए सीएसके की टीम बड़ी बोली लगाएगी।

उन्होंने रविवार को स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि 2018 में फ्रेंचाइज़ी के मालिक एन श्रीनिवासन ने उन्हें बताया था कि दीपक का सीएसके के साथ एक लंबा जुड़ाव होगा। उसके बाद से दीपक ने कभी भी अपनी फ्रेंचाइज़ी के मालिकों से रिटेंशन या फिर से ख़रीदे जाने के बारे में बात नही की है। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी अन्य फ्रेंचाइज़ी के लिए खेलने की ''कल्पना नहीं कर सकते'', और अगर उन्हें



थोड़ा कम पैसा मिलता तब भी ठीक था। अगर ऐसा होता तो सीएसके को अन्य खिलाड़ियों के ख़रीदारी करने के लिए टीम के पास अच्छी-ख़ासी रक़म बची हुई होती। चाहर ने कहा, '' मैंने इन सब के बारे में माही भाई या सीएसके प्रबंधन से कभी बात नहीं की।'' 2018 में मैं श्रीनिवासन सर से मिला था, और उन्होंने कहा है, आप हमेशा पीले रंग में खेलेंगे। इसलिए मैंने उस दिन उनकी बात मान ली और तब से मैंने कभी रिटेन करने की बात नहीं की। मुझे पता था कि सीएसके मेरे लिए बोली लगाएगी। चाहर ने कहा, ''हम भारतीय टी20 टीम के साथ अहमदाबाद से कोलकाता जा रहे थे और पूरी टीम नीलामी देख रही थी। हर कोई कह रहा था कितना हो गया ? मैं सीएसके के लिए खेलना चाहता था क्योंकि मैंने कभी भी पीले रंग की जर्सी के अलावा और किसी भी रंग की जर्सी में खेलने की कल्पना नहीं की थी।'' एक समय, मुझे लगा कि यह रक़म बहुत अधिक था।

सीएसके खिलाड़ी के रूप में, मैं भी एक अच्छी टीम बनाना चाहता हूं। इसलिए जब बोली 13 करोड़ तक गई तो मैं चाह रहा था कि यब सब जल्दी से जल्दी खत्म हो जाए और मैं सीएसके की टीम में शामिल हो जाऊं। ऐसा होने पर अन्य खिलाड़ियों को ख़रीदने में सक्षम हो सकेंगे।'' वह लगातार पांचवें सीज़न में सीएसके का प्रतिनिधित्व करेंगे। आईपीएल 2018 से पहले उन्हें सीएसके ने 80 लाख रुपये में ख़रीदा था।



*सन् 2013 में 10 अप्रेल के दिन यूटाह (अमेरिका) की बिंघम कैन्यन माइन में इतना भारी लैण्डस्लाइ हुआ कि सौ मील प्रति घंटा की रफ्तार से लगभग 65 से 70 मिलियन क्यूबिक मीटर मलबा खान के पिट (गड्ढे) में आकर गिरा। यह घटना इतनी बड़ी थी आस-पास पृथ्वी हिल गई। भूकम्प रिकॉर्ड करने के लिए लगाए गए सैस्मिक सैन्सर्स ने इसके कंपन को रिकॉर्ड किया। रिक्टर स्केल पर इसका माप 2.5 रिकॉर्ड हुआ। दूसरे शब्दों में, यह लगा मानो भूकम्प आया है। नॉर्थ अमेरिका के इतिहास में यह भूस्खलन सबसे बड़ी ''नॉन वॉल्कैनिक'' घटना थी, जो कि विश्व के सबसे बड़े मानव निर्मित गड्ढे में घटी। बिंघम कैन्यन से सन् 1906 से तांबा निकाला जा रहा है। पूरे अमेरिका की तांबे की आवश्यकता की 25 प्रतिशत पूर्ति इस खान से होती है। एक सदी से अधिक समय से हो रही खनन गतिविधि के कारण यहाँ 970 मीटर गहरा और 4 कि.मी. चौड़ा भीमकाय क्रेटर बन गया है। यह गड्ढा इतना भव्य व असाधारण है कि 1966 में इसे ''नैशनल हिस्टॉरिक लैण्ड मार्क'' का दर्जा दिया गया। अप्रेल की 10 तारीख को सुबह इतना मूवमैंट था कि तुरंत प्रभाव से खान को खाली कर दिया गया। उसके सात घंटे बाद पहला लैण्डस्लाइड हुआ और डेढ़ घंटे बाद दूसरा। मिट्टी व पत्थर की मात्रा इतनी अधिक थी, जिससे न्यूयॉर्क का सैन्ट्रल पार्क 20 मीटर मलबे के नीचे दब जाता। रोचक है कि इस लैण्डस्लाइड के कारण -16 छोटे -छोटे असली भूकंप आए। जिससे यह इतिहास का पहला ऐसा भूस्खलन बना, जिसके कारण भूकंप आए। जबकि इसके विपरीत, सदा ही भूकंप के कारण लैण्डस्लाइड की घटनाएं होती रही हैं।*

# ‘मोदी शासनकाल में 5.35 लाख करोड़ रू. का बैंक घोटाला हुआ’

## राहुल गांधी ने कहा, लूट और धोखे के ये दिन केवल मोदी के दोस्तों के लिए ही अच्छे दिन हैं

नई दिल्ली/चंडीगढ़ 13 फरवरी (वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को दावा किया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार में अब तक 5.35 लाख करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी हुई है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने एक ट्वीट में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, मोदी शासन में अब तक 5.35 लाख करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी हुई है। लूट और धोखा के ये दिन केवल मोदी दोस्तों के लिए ‘अच्छे दिन’ हैं। साथ ही उन्होंने ‘किसके अच्छे दिन’ लिखा एक हैशटैग भी किया है।

कांग्रेस नेता का बयान सी.बी.आई. द्वारा गुजरात स्थित ए.बी.जी. शिपयार्ड लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर एस.बी.आई. सहित बैंकों के संघ को 22,842 करोड़ रुपये का नुकसान करने के लिए मामला दर्ज करने के कुछ दिनों बाद आया है।

- **कांग्रेस नेता का बयान सी.बी.आई. द्वारा गुजरात स्थित ए.बी.जी. शिपयार्ड लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर एस.बी.आई. सहित बैंकों के संघ को 22,842 करोड़ रुपये का नुकसान करने के लिए मामला दर्ज करने के कुछ दिनों बाद आया है।**
- **इससे पहले कांग्रेस नेता एवं पार्टी प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि, मोदी सरकार बैंक धोखेबाजों के लिए ‘लूटो और भागो’ फ्लैगशिप योजना चला रही है।**

इससे पहले कांग्रेस नेता एवं पार्टी प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार बैंक धोखेबाजों के लिए ‘लूटो और भागो’ फ्लैगशिप योजना चला रही है। धोखेबाजों का सत्ता प्रतिष्ठान से घनिष्ठ संबंध और स्नेह है। ऋषि अग्रवाल और अन्य इसके नए ‘रत्न’ हैं।

सुरजेवाला ने दावा किया, पिछले सात वर्षों में बैंकों में हुए 5.35 लाख करोड़ रुपये की धोखाधड़ी ने देश की बैंकिंग प्रणाली को बर्बाद कर दिया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने आखिरकार सात फरवरी को ऋषि कमलेश अग्रवाल और अन्य के स्वामित्व वाले गुजरात स्थित ए.बी.जी. शिपयार्ड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन लोगों पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई.) के नेतृत्व में 28 बैंकों को ठगने का आरोप है। यह पिछले 75 वर्षों में 22,842 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी है। यह जनता के पैसे का घोर कुप्रबंधन है।

### ‘अमरिंदर सिंह ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हुई सांठ-गांठ थी, आज खुले में आ गई है। इसलिए हमें वो सरकार बदलनी पड़ी, इसलिए हमें एक नई राजनीति आपके सामने लानी पड़ी।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। कांग्रेस ने चुनाव में चन्नी को ही मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया हुआ है।

इस बीच कैप्टन ने पद से हटाये जाने के बाद कांग्रेस से इस्तीफा देकर पंजाब लोक कांग्रेस बना ली और भाजपा, शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

# प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामलों में गिरावट का क्रम जारी

## राज्य में रविवार को 2177 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 2606 रोगी पाए गए थे

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 13 फरवरी। प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामलों में लगातार गिरावट का क्रम जारी है। इस दौरान रविवार को 2177 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं साढ़े चार हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। हालाकि इस बीच करोना से 7 और मरीजों की मौत हो गई है।

प्रदेश में रविवार को 429 मामले कम मिलने के बाद 2177 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें 29 जिलों में सौ से भी कम मामले सामने आए है। इससे पहले शनिवार को राज्य में 2606 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज भी थोड़ी और कमी के बाद 569 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 137, जोधपुर में 115 और नागौर में 103 नये मरीज मिले है। वहीं अजमेर व गंगानगर में 98-98, उदयपुर में 86, सीकर में 78, बांसवाड़ा में 77, कोटा में 72, राजसमंद में 71, भीलवाड़ा में 68, जैसलमेर में 64, झुंझुनूं में 56, भरतपुर व बीकानेर में 47-47, सिरोही में 44, प्रतापगढ़ में 36, चूरू में 35, हनुमानगढ़ व पाली में 31-31, झालावाड़ व सवाई माधोपुर में 27-27, चित्तौड़गढ़ में 26, करौली में 22, बारां में 21, बूंदी में 20, दौसा में 19, डूंगरपुर में 17, टोंक में 12, बाड़मेर में 11, धौलपुर में 10 और जालोर में 2 नए संक्रमित मिले है।

- **राजधानी जयपुर में भी थोड़ी कमी के बाद 569 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में साढ़े चार हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं, हालाकि इस बीच 7 और मरीजों की मौत हो गई है।**

इस बीच राज्य में 4510 और मरीज ठीक हुए है। इसके साथ ही अब तक 12 लाख 35 हजार 256 संक्रमित स्वस्थ हो चुके है। इसके साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 97.58 फीसदी हो गई है।

उधर प्रदेश में एक्टिव केस भी घटकर 21 हजार 64 रह गए हैं। राज्य में नए संक्रमितों की संख्या कम होने के बाद अब इस बीमारी से मरने वालों का आंकड़ा भी कम होने लगा है। रविवार को 7 संक्रमितों की मौत हुई है। इनमें अजमेर और जयपुर में 2-2 तथा उदयपुर, बीकानेर और जालौर में 1-1 संक्रमित की मौत हुई। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9463 लोगों की मौत हो चुकी है।

# देश के 257 पुलिस थानों में वाहन व 638 में टेलीफोन तक नहीं

## 21वीं सदी के भारत में ऐसे कई पुलिस स्टेशन हैं जहाँ कनैक्टिविटी की कोई सुविधा नहीं है

नई दिल्ली, 13 फरवरी (वार्ता)। देश में अपराधों की रोकथाम ,उसकी जांच और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने वाली एजेंसी पुलिस के 257 थानों में वाहन ,638 में टेलीफोन तथा 143 में वायरलेस या मोबाइल सेवा नहीं हैं । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा की अध्यक्षता वाली सांसद की एक स्थाई समिति ने हाल में दी गई एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में भी कई ऐसे पुलिस स्टेशन हैं जहां टेलीफोन या समुचित वायरलेस कनेक्टिविटी नहीं है। विशेष रुप से अरुणाचल प्रदेश , ओडिशा और पंजाब जैसे राज्यों में यह समस्या है। इनमें से कई राज्यों को वर्ष 2018-19 में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया था। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर जैसे बहुत संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे पुलिस स्टेशन हैं, जिनमे टेलीफोन या वायरलेस सेट नहीं है। समिति ने गृह मंत्रालय से अनुरोध किया है कि वह ऐसे राज्यों को अपने पुलिस स्टेशनों को तुरंत पर्याप्त वाहनों और संचार उपकरणों से लैस करने की सलाह दे सकता है अन्यथा इससे केंद्र से आधुनिकीकरण अनुदान को कम किया जा सकता है। समिति ने गृह मंत्रालय से यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा की अध्यक्षता वाली सांसद की एक स्थाई समिति ने हाल में दी गई एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है।**
- **विशेष रुप से यह समस्या अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब जैसे राज्यों में प्रमुख है।**

रिपोर्ट में समिति ने गृह मंत्रालय से सिफारिश की है कि वह देश में गैर घातक हथियारों की पर्याप्त विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शुरू कर सकता है ताकि इस संबंध में कमी के मुद्दे को हल किया जा सके।

## लगातार दूसरे दिन करोना के 50 हजार से कम नये मामले

नई दिल्ली, 13 फरवरी (वार्ता)। देश में करोना संक्रमितों की लगातार कम हो रही संख्या के बीच पिछले 24 घंटे में संक्रमण के करीब 45 हजार मामले सामने आये हैं, वहीं इसकी तुलना में दोगुने से अधिक लगभग एक लाख 17 हजार मरीजों ने महामारी को मात दी है, जिससे बड़ी राहत मिली है।

देश में शनिवार को 49,16,801 लोगों को करोना के टीके लगाए गए। इसी के साथ यहां अब तक 1,72,81,49,447 टीके लगाए जा चुके हैं।

- **रविवार को 1.17 लाख से अधिक लोग करोना से रिकवर हुए।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान करोना के 44,877 नये मामले दर्ज किये गये हैं और इसी के साथ संक्रमितों की संख्या 4,26,31,421 पर पहुंच गयी है। करोना की चपेट में आकर 684 लोगों की मौत भी हुई है, जिसके बाद मृतकों की कुल संख्या 5,08,665 हो गयी है। इसी बीच, इसी दौरान 117591 मरीजों ने करोना को मात दी है, जिसके साथ ही संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या 4,15,85,711 हो गयी है।

कोविड-19 के सक्रिय मरीजों की संख्या 73398 घटकर 537045 रह गयी है।

### यू.पी. में दूसरे...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा कि इस चरण में 2.02 करोड़ मतदाता 69 महिला उम्मीदवारों सहित कुल 586 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

इसके लिये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिये पहले चरण के मतदान से पूर्व स्थापित किया गया निगरानी तंत्र सुचारु रूप से काम कर रहा है।

यहां स्थित लोक भवन में गृह विभाग से संचालित हो रहे ‘नियंत्रण कक्ष’ में कोई भी व्यक्ति टेलीफोन, ई-मेल और फैक्स के माध्यम से कभी भी शिकायत कर सकेगा। इस पर तत्काल समुचित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

सुरक्षा इंतजामों के तहत मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है जिससे मतदान के दिन मतदाता बेखौफ होकर मतदान कर सकें।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि सोमवार को 55 सीटों के 176 पुलिस थाना क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिये 12,544 मतदान केन्द्रों के 23,404 मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस दौरान संवेदनशील विधान सभा क्षेत्रों के रूप में कुल 8 विधान सभा क्षेत्र नगीना, धामपुर, बिजनौर, असमोली, संभल, देवबन्द, रामपुर मनिहारन व गंगोह को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा दूसरे चरण में कुल 436 मजरे व मोहल्लों और 4917 मतदेय स्थलों को भी संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। यहां सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि पहले चरण वाली सीटों पर महिला चुनावकर्मियों द्वारा संचालित 122 पिंक बूथ पर 488 महिला पुलिसकर्मी और 42 महिला पुलिस निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक तैनात की गयी हैं। शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय सुरक्षा बल की 794.1 कंपनियां दी गयी हैं। इनमें से 733 कंपनियां मतदान केन्द्रों की सुरक्षा में लगायी गयी हैं।

# मार्च में आएगा एल.आई.सी. का आई.पी.ओ.

## एल.आई.सी. ने देश का अब तक का सबसे बड़ा आई.पी.ओ. लाने के लिए सेबी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया

मुंबई, 13 फरवरी। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एल.आई.सी.) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आई.पी.ओ.) को उतारने के लिए रविवार को दस्तावेजों का मसौदा बाजार नियामक सेबी के समक्ष दाखिल कर दिया। अब माना जा रहा है कि सेबी की मंजूरी के बाद एल.आई.सी. मार्च में ही अपने आई.पी.ओ. को बाजार में उतार सकती है।

सरकार ने देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एल.आई.सी. के आई.पी.ओ. को संपन्न कराने के लिए पिछले साल सितंबर में 10 मर्चेंट बैंकरों की नियुक्ति की थी। इनमें गोल्डमैन सैक्स, सिटीग्रुप और नोमुरा भी शामिल हैं। वहीं कानूनी सलाहकार के तौर पर सिरिल अमरचंद मंगलदास को नामित किया गया था। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने जुलाई 2021 में एल.आई.सी. के विनिवेश को मंजूरी दी थी। इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा आई.पी.ओ. माना जा रहा है।

एल.आई.सी. आई.पी.ओ. में निवेश करने के लिए सबसे पहले आपके पास एल.आई.सी. पॉलिसी खाते से जुड़ा पैन और डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। यानी आपको जल्द से जल्द इन दोनों को कामों को निपटाना जरूरी है। गौरतलब है कि एल.आई.सी. 65 से अधिक वर्षों से भारत में जीवन बीमा प्रदान कर रहा है। आकलन के मुताबिक, भारीतय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) की कुल संपत्ति देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बीमाकर्ता, एस.बी.आई. लाइफ की संपत्ति से 16.3 गुना ज्यादा है। इस संबंध में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक, एल.आई.सी. 36.7 खरब ए.यू.एम. के साथ भारत में सबसे बड़ा परिसंपत्ति प्रबंधक है। इसका ए.यू.एम. स्टैंडअलोन आधार पर वित्त वर्ष 2011 के लिए भारत की जी.डी.पी. के 18 फीसदी के बराबर था।

- **आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने जुलाई 2021 में एलआईसी के विनिवेश को मंजूरी दी थी।**

चालू वित्त वर्ष के लिए विनिवेश लक्ष्य को घटाकर 78,000 करोड़ रुपये किया गया है। लेकिन इस लक्ष्य को पाने के लिए भी एल.आई.सी. की सूचीबद्धता महत्वपूर्ण है। सरकार अब तक एयर इंडिया के निजीकरण और अन्य सरकारी उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बिक्री से करीब 12,000 करोड़ रुपये जुटा चुकी है।

आपको बता दें कि दुनिया की टॉप 10 बीमा कंपनियों में भारतीय कंपनी एल.आई.सी. भी शामिल है। इस सूची में 5 इंश्योरेंस कंपनियां चीन की हैं, जिसमें पिंग दुनिया का सबसे ज्यादा वैल्युएबल इंश्योरेंस ब्रांड है। वहीं अमेरिका की दो और फ्रांस, जर्मनी व भारत की एक-एक कंपनी शामिल हैं। भारत की सबसे बड़ी शेयर सेल करने जा रही एल.आई.सी. 8.656 अरब डॉलर (लगभग 64,722 करोड़ रुपये) की वैल्युएशन के साथ देश का सबसे मजबूत और सबसे बड़ा ब्रांड है।

### तीन दिन से...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के बकाया 2 लाख रुपए भी दिलवाएंगे।

उधर रविवार को विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भी मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के आवास पर पहुंचकर सांसद किरोड़ीलाल से मुलाकात की। उन्होंने भी इस लडाई में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया था। पीड़िता मनीष जाट ने कहा कि ‘‘मैं विधानसभा क्षेत्र उदयपुरवाटी की बेटी हूं, मुझे न्याय जरूर मिलेगा, क्योंकि मेरे साथ उदयपुरवाटी के विधायक और सांसद किरोड़ीलाल मीणा भी है।’’

# ‘ए.बी.जी. शिपयार्ड कंपनी का लोन 2013 में एन.पी.ए. में तब्दील हो चुका था’

## एस.बी.आई. ने एक बयान जारी कर 22,842 करोड़ के इस बैंकिंग फ्रॉड की जानकारी दी

नई दिल्ली, 13 फरवरी। देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में सी.बी.आई. ने ए.बी.जी. शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया था कि यह मुकदमा भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई.) की अगुवाई वाले बैंकों के एक संघ से कथित रूप से 22,842 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के संबंध में दर्ज किया गया।

अब इसे लेकर खुद एस.बी.आई. का भी बयान आया है। बैंक ने इस पूरे धोखाधड़ी मामले का घटनाक्रम सामने रखा है।

स्टेट बैंक ने कहा, ‘‘आई.सी.आई. सी.आई. बैंक के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक उधारदाताओं ने पैसे दिए थे। कंपनी के खराब प्रदर्शन के कारण नवंबर 2013 में खाता गैर निष्पादित संपत्ति (एन.पी.ए.) में तब्दील हो गया था। कंपनी के संचालन को ठीक करने के लिए कई प्रयास किए गए लेकिन सब विफल रहे।

एस.बी.आई. की ओर से बताया गया है कि, मार्च 2014 में सभी उधारदाताओं द्वारा कंपनी ऋण पुनर्गठन (सी.डी.आर.) के तहत खाते की पुनर्रचना की गई थी।

शिपिंग उद्योग मंदी के दौर से गुजर रहा था, इसलिए कंपनी का संचालन पुनर्जीवित नहीं हो सका। पुनर्गठन विफल होने के कारण खाते को नवंबर 2013 से जुलाई 2016 में एन.पी.ए. के रूप में वर्गीकृत किया गया था। अप्रैल 2018 में उधारदाताओं द्वारा अर्न्स्ट एंड यंग को फॉरेंसिक ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया गया था। धोखाधड़ी मुख्य रूप से धन के विचलन, दुरुपयोग और आपराधिक विश्वासघात की रही।

- **एस.बी.आई. बैंक ने बताया कि, इस मामले की पहली शिकायत नवम्बर 2019 में सी.बी. आई. के पास दर्ज करायी गई थी।**

एस.बी.आई. ने यह भी बताया कि आखिर क्यों बैंकों के संघ की तरफ से उसने की मामले में केस दर्ज करवाया। दरअसल, आई.सी.आई.सी.आई. और आई.डी.बी.आई. बैंक कंसोर्शियम में पहले और दूसरे अग्रणी ऋणदाता थे। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एस.बी.आई. सबसे बड़ा ऋणदाता था। इसलिए यह तय हुआ कि सी.बी.आई. के पास शिकायत दर्ज एस.बी.आई. कराएगा।

सी.बी.आई. के पास पहली शिकायत नवंबर 2019 में दर्ज की गई थी। सी.बी.आई. का अन्य बैंकों के साथ लगातार संपर्क था। वर्तमान में खाता एन.सी.एल.टी. संचालित प्रक्रिया के तहत परिसमापन के दौर से गुजर रहा है। एस.बी.आई. ने साफ किया कि किसी भी समय प्रक्रिया में देरी करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

गौरतलब है कि इस मामले में एजेंसी ने कमलेश अग्रवाल के अलावा ए.बी.जी. शिपयार्ड के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों- अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी ए.बी.जी. इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कथित रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक दुरुपयोग जैसे अपराधों के लिए मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है।

सी.बी.आई. की एफ.आई.आर. के अनुसार घोटाला करने वाली दो प्रमुख कंपनियों के नाम ए.बी.जी. शिपयार्ड और ए.बी.जी. इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड हैं। दोनों कंपनियां एक ही समूह की हैं।

कंपनियों पर आरोप है कि घोटाले किए गए पैसे को विदेश में भेजकर अरबों रुपये की प्रॉपर्टी खरीदी गईं। 18 जनवरी 2019 को अर्नस्ट एंड यंग एलपी द्वारा दाखिल अप्रैल 2012 से जुलाई 2017 तक की फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट की जांच में सामने आया है कि कंपनी ने गैरकानूनी गतिविधियों के जरिये बैंक से कर्ज में हेरफेर किया और रकम ठिकाने लगा दी।

### विदेश मंत्री...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सहयोग पर वर्चुअल बैठक की थी। इस बैठक में वैश्विक स्वास्थ्य संकट, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स में सहयोग, कृषि, ऊर्जा और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आर्थिक पुनरोद्धार को लेकर बातचीत हुई थी।

इसके अलावा बैठक में समुद्री सुरक्षा, खुफिया जानकारी साझा करने, सैन्य प्रशिक्षण, खरीद और रसद, आतंकवाद का मुकाबला करने, हवाई संपर्क, पर्यटन का विस्तार करने, बढ़ते शैक्षिक और छात्र आदान-प्रदान का समर्थन करने, वैकल्पिक और पारंपरिक चिकित्सा, वैक्सीन विकास के आशाजनक क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की गई थी।

अपनी यात्रा के दौरान डा. जयशंकर फिलिपींस के नेताओं से मुलाकात के अलावा मनीला में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। इस यात्रा से फिलीपींस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है, जो आसियान का एक प्रमुख सदस्य भी है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ सौदा फिलीपींस की नौसेना का सौदा तट-आधारित सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति और प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक रसद आपूर्ति के पैकेज के लिए है। फिलीपीन मरीन की तटीय रक्षा रेजिमेंट इस आधुनिक सामरिक रक्षा क्षमता का प्राथमिक उपयोगकर्ता होगा।

डा. जयशंकर मेलबर्न से मनीला जा रहे हैं, जहां उन्होंने चौथी क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908